आज का मौसम 19.0° अधिकतम तापमान 13.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.16 सूर्यास्त 06.23


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया 02:31 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 20 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 23, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# कच्चा तेल उबला, औंधे मुंह बाजार

## पश्चिम एशिया में तेल व गैस संयंत्रों पर हमले से सहमा बाजार, 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट | क्रूड ऑयल की कीमत फिर से 116 डॉलर प्रति बैरल पहुंची, निवेशकों के 12.87 लाख करोड़ डूबे

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों के कारण गुरुवार को कच्चे तेल के दाम में भारी उछाल आया। इस कारण स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को तेज गिरावट आई और प्रमुख सूचकांक सवा तीन प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। बीएसई सेंसेक्स ने 2,497 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। इसके साथ बाजार में पिछले तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा। भारी गिरावट से निवेशकों को 12.87 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। पश्चिम एशिया संकट 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से निवेशकों को 37 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है।

पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों के बाद कच्चे तेल के दाम में उछाल आने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,497 अंक यानी 3.26% का गोता लगाकर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। जून, 2024 के बाद सेंसेक्स में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। कारोबार के दौरान, यह 2,753.18 अंक टूटकर 73,950.95 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी भी 775.65 अंक यानी 3.26% टूटकर 23,002.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,140 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी में 626 अंक की तेजी रही थी। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद बैंक का शेयर 5.13 प्रतिशत नीचे आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.75 प्रतिशत चढ़कर 114.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। यह वृद्धि कतर में एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक गैस संयंत्र और कुवैत में दो तेल रिफाइनरियों पर ईरान के हमले के बाद हुई। ईरान ने गुरुवार को अपने पड़ोसी देशों के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले तेज कर दिए। उसने लाल सागर स्थित सऊदी अरब की एक रिफाइनरी को निशाना बनाया और कतर के एलएनजी संयंत्रों और कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों पर भी हमले किए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी भारी गिरावट आई।




### चांदी में 17,800 की गिरावट सोना 7,000 रुपये लुढ़का

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 17,800 रुपये लुढ़ककर 2.38 लाख प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि बाजारों में भारी बिकवाली के चलते सोने की कीमत 7,000 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 17,800 रुपये या लगभग सात प्रतिशत गिरकर 2,38,700 प्रति किग्रा (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बंद हुई कीमत 2,56,500 रुपये से काफी कम है। चांदी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 4,04,500 रुपये प्रति किग्रा से 1,65,800 रुपये या 41 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है।

### पश्चिम एशिया में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों को भारत ने अत्यंत चिंताजनक बताया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गैस भंडारण केंद्रों पर ताजा हमलों से पैदा चिंताओं के बीच भारत ने गुरुवार को कहा कि ऐसे हमले अस्वीकार्य हैं और इन्हें रोका जाना चाहिए। भारत ने इन हमलों को अत्यंत परेशान करने वाला बताया और कहा कि ये पहले से ही अनिश्चितता से गुजर रहे वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करेंगे। ईरान ने अपने साउथ पार्स गैस क्षेत्रों पर इजराइल के हमलों के जवाब में रास लाफान में कतर के एलएनजी केंद्र सहित पश्चिम एशिया के कई ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत ने इससे पहले पूरे क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे, जिसमें ऊर्जा बुनियादी ढांचा भी शामिल है, को निशाना बनाने से बचने का आह्वान किया था। इस क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हालिया हमले अत्यंत परेशान करने वाले हैं।

# यूएई-कतर के तेल और गैस संयंत्र पर ईरानी वार से चौतरफा मचा हाहाकार

दुबई, एजेंसी

ईरान ने अपने एक प्रमुख गैस फील्ड पर इजराइल के हमले के जवाब में गुरुवार को चार से अधिक खाड़ी देशों में तेल और गैस के प्रतिष्ठानों पर हमले किए। ईरान के इस वार से वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगी है। इन हमलों के बाद ईंधन के दामों में तेजी से वृद्धि हुई और ईरान के पड़ोसी अरब देशों के सीधे संघर्ष के दायरे में आने का खतरा बढ़ गया है। ईरान ने कतर के रास लफ्फान गैस प्लांट पर हमले किए। होर्मुज में ईरान के अवरोधों के कारण पहले से दबाव में बनी हुई वैश्विक आपूर्ति ईरान के इन हमलों से और अधिक दबाव में आ रही है।

इस क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक जहाज में आग लगा दी गई और कतर के पास एक अन्य जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। एक ईरानी ड्रोन से लाल सागर में स्थित सऊदी अरब की एक रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। इजराइल और अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमलों के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं।

वहीं, कतर, सऊदी व संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान के हमलों की निंदा की। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल घीत ने इसे खतरनाक तरीके से उकसावे वाला बताया। सऊदी अरब ने बताया कि एक ड्रोन ने लाल सागर के किनारे स्थित बंदरगाह शहर यानबू में देश की एसएएमआरईएफ रिफाइनरी पर गुरुवार को हमला किया। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है लेकिन उसने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया।


कतर के रास लफ्फान गैस प्लांट पर धधकती आग।

- इजराइल पर हमले के बाद चार खाड़ी देशों को बनाया निशाना कतर का रास लफ्फान गैस प्लांट दहला
- ईरान की धमकी एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया तो और बड़े हमले करेंगे

### ट्रंप का आश्वासन- गैस क्षेत्र पर नहीं करेंगे हमले

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आश्वासन दिया कि इजराइल ईरान के प्रमुख गैस क्षेत्र 'साउथ पार्स' पर और हमले नहीं करेगा लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि अगर ईरान ने कतर पर फिर हमला किया तो अमेरिका जवाबी कार्रवाई करेगा और उस पूरे क्षेत्र को उड़ा देगा। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल और कतर पर ईरानी मिसाइल हमलों के बीच ट्रंप ने बुधवार रात सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा, मैं इस पैमाने की हिंसा और विनाश की अनुमति नहीं देना चाहता क्योंकि इसका ईरान के भविष्य पर दीर्घकालिक असर पड़ेगा।

### पेंटागन ने 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त कोष मांगा

उधर पेंटागन ने ईरान युद्ध के लिए 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त कोष मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इजराइल के हमलों में ईरान के खुफिया मंत्री की मौत हो गई है। इजराइल ने शीर्ष ईरानी नेतृत्व के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए बुधवार को ईरान के अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर कथित तौर पर हमला किया जिससे क्षेत्र की आर्थिक जीवनरेखा यानी ऊर्जा पर दबाव और बढ़ गया।

## ब्रीफ न्यूज

### अहमदाबाद में 2.38 करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद पुलिस ने 2.38 करोड़ रुपये अंकित मूल्य के उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय जाली नोट जब्त किए हैं और इस सिलसिले में सात लोगों को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में मिली एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ने सूरत के एक योग शिक्षक सहित आरोपियों को उस समय पकड़ा जब वे बुधवार को यहां पहुंचे। आरोपियों के पास से 500 रुपये के 42,000 जाली नोट जब्त किए गए। पुलिस उपायुक्त सभी आरोपी एक एसयूवी में यह जाली नोट लेकर आए थे। वाहन को अमराईवाड़ी इलाके के पास रोका गया और नोट बरामद किए।

### अक्षय तृतीया पर 12:15 बजे खुलेंगे गंगोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की तैयारियों के बीच आस्था के प्रमुख केंद्र गंगोत्री धाम के कपाट आगामी 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन दोपहर 12:15 बजे विधिविधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गंगोत्री मंदिर समिति ने चैत्र नवरात्र के दौरान पंचांग के अनुसार तिथि और समय की औपचारिक घोषणा कर दी है। (विस्तृत पेज-2)

# राष्ट्रपति ने की श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना

- राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ किए रामलला के दर्शन, चरणों में झुकाया शीश
- आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल : मुर्मू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को हिंदू नववर्ष के आगमन व चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना की। उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी के साथ रामलला के चरणों में शीश झुकाकर व आरती उतारकर श्रद्धा निवेदित की। मंदिर परिसर में सभी देवों के समक्ष शीश झुकाया।

दर्शन-पूजन के बाद राष्ट्रपति ने भावुक होकर कहा, श्रीराम की मेरे ऊपर बहुत कृपा है। आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल है। उन्होंने प्रभु राम से देश की समृद्धि, शांति और नागरिकों की भलाई की प्रार्थना की। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीरामयंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। दक्षिण भारत, काशी, अयोध्या के आचार्यों द्वारा मंदिर में श्रीराम यंत्र के लिए नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुका था। राष्ट्रपति ने राम परिवार की मध्याह्न आरती में भी भाग लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण कर वहां नक्काशियों और रामायण के दृश्यों को बड़े ध्यान से देखा। उन्होंने निर्माण में लगे कर्मयोगियों से भी मुलाकात की और उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में मां अमृतानंदमयी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, सदस्य गोपाल जी समेत बड़ी संख्या में संत-महंत आदि मौजूद रहे।


राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र का पूजन अर्चन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### सनातन विरोध वाले स्थानों पर नहीं जाती वर्तमान पीढ़ी : योगी

- मुख्यमंत्री ने कहा- अब नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाते हैं लोग

**अयोध्या।** वर्तमान पीढ़ी नववर्ष पर ऐसे किसी टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर नहीं जाती, जहां सनातन के विरोध में कोई कार्य हो रहा है। वह नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाती है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सबसे पहले प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरयू मैया अयोध्या धाम को पवित्र करते हुए अपने निर्मल जल से पूरे क्षेत्र को पवित्र करती हैं। रामराज्य की अनुभूति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में युद्ध चल रहे हैं और हम श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना कार्यक्रम में सहभागी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व-मार्गदर्शन में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन, श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, रामदरबार के पवित्र विग्रह की स्थापना, ध्वजा आरोहण और आज श्रीराम यंत्र की स्थापना का कार्यक्रम हर सनातन धर्मावलंबी व सच्चे भारतीय को आनंद से विभोर कर देता है और यही भारत की आस्था है। उन्होंने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा, कहा कि आस्था को अंधविश्वास कहकर अपमानित किया गया था।

# पीएम मोदी ने कई वैश्विक नेताओं से की बात

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से बात की तथा उनके साथ पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की। मोदी ने क्षेत्र में संघर्ष को कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने का समर्थन किया।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, मैंने अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पश्चिम एशिया की स्थिति पर, और तनाव कम करने की तत्काल आवश्यकता के साथ-साथ संवाद और कूटनीति की ओर लौटने के बारे में बात की। हम क्षेत्र और उससे परे शांति व स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए अपने घनिष्ठ समन्वय को जारी रखने को उत्सुक हैं। यह भी कहा कि उन्होंने अपने भाई सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ सार्थक बातचीत की और ओमान के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। मोदी ने कहा, हम (क्षेत्र में) तनाव कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री ने ओमान की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की भारत द्वारा की गई निंदा को दोहराया और भारतीय नागरिकों सहित हजारों लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, भारत और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध नौवहन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इब्राहिम के साथ बातचीत में, मोदी ने ईद को लेकर अपने मलेशियाई समकक्ष और मलेशिया के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, हमने पश्चिम एशिया में बेहद चिंताजनक स्थिति पर भी चर्चा की और संवाद और कूटनीति के माध्यम से तनाव कम करने और शांति व स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। 28 फरवरी को शुरू हुए इस युद्ध के बाद से ओमान के सुल्तान के साथ मोदी ने दूसरी बार बातचीत की।

**पश्चिम एशिया संकट**



- फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, ओमान के सुल्तान, मलेशिया के पीएम से बातचीत में शांति बहाल करने का किया समर्थन

### म्यामार से भारत में घुसने पर सात लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मिजोरम की खुली सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल होने के बाद कुछ वांछित व्यक्तियों की भागने की कोशिश करने की गुप्त सूचना मिलने पर सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया जिसके बाद एक अमेरिकी सुरक्षा विश्लेषक समेत सात विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने कहा कि इस गिरफ्तारी से भारत की पूर्वोत्तर सीमा पर गंभीर सुरक्षा कमजोरियां उजागर हुई हैं।

## 2,929 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी से आठ घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अनिल अंबानी से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और उनके खिलाफ एसबीआई की शिकायत पर दर्ज 2,929 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में गुरुवार को करीब आठ घंटे पूछताछ की।

सीबीआई के कई मामलों का सामना कर रहे अंबानी को पूछताछ के लिए शुक्रवार को फिर से बुलाया गया है। अंबानी सुबह 10:15 बजे एजेंसी के नई दिल्ली मुख्यालय पहुंचे। वह शाम 6:15 बजे एजेंसी मुख्यालय से बाहर आए। सीबीआई के ने कहा, 21 अगस्त 2025 को आरकॉम लिमिटेड के खिलाफ 2929.05 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के सिलसिले में, जिसमें रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, अनिल अंबानी और अज्ञात लोक सेवकों सहित अन्य अज्ञात लोग आरोपी हैं।



- सीबीआई ने शुक्रवार को फिर से बुलाया, नई दिल्ली मुख्यालय में की गई पूछताछ

# गढ़वाल से कुमाऊं तक बर्फबारी-बारिश

- बर्फ से ढके पवित्र धाम, बदला मौसम, गिरा पारा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड का मौसम फिर बदल गया है। पवित्र चारों धामों में जहां जमकर बर्फबारी का दौर चल रहा है तो मैदानी इलाकों में आंधी-बारिश का जोर है। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बुधवार देर रात से ही बर्फबारी शुरू हो गई थी, जो गुरुवार सुबह तक जारी रही। हालांकि सुबह से ही राज्य के निचले व मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही।

बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में बर्फबारी होने के अलावा नंदा देवी, फूलों की घाटी, त्रिशूल और अन्य ऊपरी इलाकों में गुरुवार तड़के से भारी बर्फबारी हुई। चमोली और रुद्रप्रयाग जिले के निचले इलाकों में बादल छाए रहे और बारिश हुई। अधिकारियों के मुताबिक, हर्षिल, गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे उत्तरकाशी जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। जिले के अनेक स्थानों पर भी बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आयी। राजधानी देहरादून में भी रुक-रुककर हल्की बारिश हुई। अधिकांश जिलों में बारिश से मौसम में फिर से ठंडक लौट आयी है। उधर, कुमाऊं में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी की ऊंची पहाड़ियों पर भी हल्की बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। 3000 से 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना बनी रहेगी। राज्य के निचले एवं मैदानी इलाकों में गरज-चमक के साथ आंधी-बारिश की संभावना है।



**विमोचन** | मुख्यमंत्री धामी ने किया सनातन परंपरा पर आधारित पंचांग कैलेंडर का विमोचन

# देवभूमि की परंपराएं सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग : धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को शासकीय आवास पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पंचांग कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इसे राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजने एवं जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड अपनी सनातन परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए देश-विदेश में विशिष्ट पहचान रखता है। यहां की परंपराएं केवल आस्था का विषय नहीं हैं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग हैं। ऐसे में पंचांग कैलेंडर का प्रकाशन राज्य की इस गौरवशाली विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पंचांग राज्यवासियों को न केवल तिथि, वार, पक्ष, मास, पर्व एवं विशेष दिवसों की सटीक जानकारी प्रदान करेगा, बल्कि पारंपरिक त्योहारों, व्रतों और धार्मिक आयोजनों के महत्व से भी अवगत कराएगा। इससे लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ और अधिक गहराई से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि इस पंचांग में देवभूमि उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था स्थलों को विशेष रूप से स्थान दिया गया है। ये स्थल न केवल श्रद्धा के केंद्र हैं, बल्कि राज्य की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक भी हैं। इस प्रकार यह कैलेंडर एक जानकारीपरक दस्तावेज होने के साथ-साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करने वाला प्रेरणादायक संकलन भी है। मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह पंचांग कैलेंडर राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और आने वाले समय में इसे और अधिक समृद्ध एवं व्यापक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


शासकीय आवास पर पंचांग कैलेंडर का विमोचन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

## स्टेट ब्रीफ

### हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा 23 मार्च तक शपथपत्र

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने आईजी नीरू गर्ग और अरुण मोहन जोशी की केंद्रीय गृह मंत्रालय में डीआईजी पद पर प्रतिनियुक्ति को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र से 23 मार्च तक शपथपत्र पेश करने को कहा है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया कि उनकी प्रतिनियुक्ति होने के बाद उनके वेतन में कोई परिवर्तन नहीं होगा। उनको अभी जो वेतन राज्य में मिल रहा है, वही केंद्र में भी मिलेगा, जिस पर खंडपीठ ने इस आशय का शपथपत्र पेश करने को कहा है।

### हिंसा में दो आरोपियों की जमानत मंजूर

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक सहित अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए आरोपी अबु तस्लीम और वसीम की जमानत मंजूर कर ली है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विकास गुगलानी ने कोर्ट को अवगत कराया कि अबु तस्लीम व वसीम का नाम न तो प्राथमिकी में है न ही वह घटना में शामिल थे। संदेह के आधार पर उन्हें बेवजह गिरफ्तार किया गया।

### दीपक प्रकरण में सुनवाई जारी

**नैनीताल :** कोटद्वार के चर्चित 'मोहम्मद दीपक' प्रकरण में उपजे विवाद के मामले पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की लम्बी सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने किसी भी पक्ष को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई 20 मार्च को भी जारी रखी है।

### चारधाम यात्रा से पहले अवैध टूर-ट्रैवल्स पर शिकंजा

**देहरादून :** चारधाम यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। गुरुवार को ऋषिकेश क्षेत्र में टूर एंड ट्रैवल्स एवं किराए पर बाइक देने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ निरीक्षण अभियान में कई प्रतिष्ठानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। विभागीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन जैसे आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की। बिना लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठानों को चेतावनी दी कि वे सात दिनों के भीतर वैध प्रक्रिया पूरी करें, अन्यथा प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में प्रतिष्ठान सील किए जाएंगे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार और तकनीकी समावेश समय की मांग

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने हिमालयन हेल्थकेयर इनोवेशन समिट को किया संबोधित

- प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने एवं एआई व आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर दिया बल

मुख्य संवाददाता, देहरादून



संबोधित करते राज्यपाल।




हिमालयन हेल्थकेयर इनोवेशन समिट का शुभारंभ करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

**अमृत विचारः** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने द्वितीय हिमालयन हेल्थकेयर इनोवेशन समिट-2026 को संबोधित किया। इस समिट में देशभर के हिमालयी राज्यों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नवाचार एवं तकनीक के समावेश को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि राज्य की प्राथमिक एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि इन्हें सशक्त किए बिना समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावी नहीं बनाया जा सकता। राज्यपाल ने कहा कि यह समय है, जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों एवं टेलीमेडिसिन जैसी तकनीकों से जोड़ा जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सके। कहा कि कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का प्रभावी उपयोग कितना महत्वपूर्ण है। ऐसे में एआई, टेलीमेडिसिन और मोबाइल संचार साधनों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, त्वरित और प्रभावी बनाया जा सकता है।

### महिला स्वास्थ्य प्राथमिकता पर

राज्यपाल ने महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उत्तराखंड की नारी शक्ति राज्य की धुरी है, अतः उनके स्वास्थ्य, विशेषकर एनीमिया के उन्मूलन हेतु प्रभावी कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण तथा नवजात शिशुओं की देखभाल हेतु सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। इस अवसर पर सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा, मोहित शर्मा सहित विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण

राज्यपाल ने स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण बताते हुए उनके नियमित प्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन एवं नवीनतम तकनीकों व नवाचारों से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया। कहा कि प्रशिक्षित मानव संसाधन ही स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बना सकते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए ट्रॉमा केयर एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली मजबूत की जानी चाहिए, जिससे मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके।

## एम्स पहुंचकर जाना महाराज का हाल

**ऋषिकेशः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को एम्स पहुंचकर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का हालचाल जाना। सीएम ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महाराज के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। काबीना मंत्री महाराज को श्वास संबंधी शिकायत के कारण बुधवार को एम्स में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए आईसीयू वार्ड में स्थानांतरित कर दिया था। मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. रविकांत की निगरानी में टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी बनाए हुए है। एम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या ने मुख्यमंत्री को बताया कि महाराज के स्वास्थ्य में पहले से काफी सुधार है। महाराज को न्यूमोनिया की शिकायत है और उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है।



## चैत्र नवरात्रि पर हवन कर मुख्यमंत्री ने की प्रार्थना

**सृष्टिस्थितिविनाशानां शक्तिभूते सनातनि।**
**गुणाश्रये गुणमये नारायणि नमोऽस्तु ते ॥**

**देहरादून, अमृत विचारः** नव संवत्सर और चैत्र नवरात्रि का गुरुवार से शुभारंभ हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिंदू नव संवत्सर एवं पावन चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय आवास पर विधि-विधान के साथ हवन-पूजन किया।

इस शुभ अवसर पर सीएम ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मां आदिशक्ति भगवती एवं देवाधिदेव महादेव से समस्त प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, एवं प्रदेश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## देवीधुरा मंदिर में आज निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे धामी

**चंपावत/टनकपुरः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज चम्पावत जनपद के भ्रमण पर रहेंगे। डीएम मनीष कुमार ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 1:10 बजे जीआईसी खेल मैदान देवीधुरा पहुंचेंगे। हेलीपैड पर आगमन के पश्चात मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से प्रस्थान कर दोपहर 1:25 बजे सुप्रसिद्ध वाराही शक्तिपीठ धाम, देवीधुरा मंदिर पहुंचेंगे। इस भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री धामी मां वाराही शक्तिपीठ धाम देवीधुरा मंदिर के भव्य नवनिर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करेंगे। मंदिर परिसर में आयोजित इस शिलान्यास कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री अपराह्न 3 बजे देवीधुरा से जनपद नैनीताल के हल्द्वानी के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# लोकायुक्त नियुक्ति में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने राज्य सरकार को वर्तमान स्थिति से स्पष्ट करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है।

हल्द्वानी के गौलापार निवासी शंकर जोशी की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई हुई। आदेश की प्रति गुरुवार को मिली। अदालत ने कहा कि लोकायुक्त नियुक्ति को लेकर कानून का पालन नहीं हो रहा है जबकि लोकायुक्त आफिस पर भारी खर्च किया जा रहा है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पूर्व में भी कई बार राज्य सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया, लेकिन सरकार की ओर से हर बार समय ही मांगा गया।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि राज्य सरकार ने अपने शपथ पत्र 25 जून 2025 के शपथ पत्र में कहा था कि लोकायुक्त नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बावजूद इसके अभी तक नियुक्ति पूरी नहीं हो सकी है। सरकार ने जवाब देने के लिए फिर से समय की मांग की जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए अभी तक की प्रगति रिपोर्ट पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय दे दिया है।

## हाईकोर्ट ने पॉक्सो में दोष मुक्त किया

**नैनीतालः** हाईकोर्ट ने नाबालिग से छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के मामले में निचली अदालत के आदेश को पलट दिया है। पीठ ने कहा कि यदि पीड़िता के बयान कोर्ट में ठोस और स्पष्ट नहीं हैं तो केवल पिछली बातों के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की पीठ ने आरोपी महेश सिंह को सभी आरोपों से दोषमुक्त करते हुए उसकी सजा रद्द कर दी है। यह मामला चम्पावत के रीठा साहिब थाने का है, जहां फरवरी 2024 में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी का रास्ता रोककर छेड़छाड़ की। आरोप था कि महेश ने उसे झाड़ियों की तरफ ले जाने की कोशिश की और उसे 500 रुपए का लालच दिया था।

# पौड़ी, रामनगर में मल्टीस्टोरी पार्किंग मंजूर

- सीएस ने तीन विभागों के विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की

मुख्य संवाददाता, देहरादून



सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में व्यय वित्त समिति की आयोजित बैठक में शहरी विकास विभाग, पेयजल विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की।

मुख्य सचिव ने शहरी विकास विभाग की नीलकंठ महादेव (पौड़ी गढ़वाल) एवं रामनगर (नैनीताल) में मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण कार्य को मंजूरी देते हुए पार्किंग निर्माण गाइडलाइंस का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नीलकंठ महादेव मल्टीस्टोरी पार्किंग (कुल लागत 5183.65 लाख) एवं रामनगर, नैनीताल मल्टीस्टोरी पार्किंग (कुल लागत 3857.64 लाख) में प्रवेश एवं निकासी के लिए टर्निंग रेडियस सहित अन्य तकनीकी पहलुओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। नीलकंठ महादेव में पार्किंग भूमि का जियोटेक्निकल सर्वे अनिवार्य रूप से कराने के साथ ही बिल्डिंग के फसाड के सौंदर्यीकरण का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

सीएस ने पेयजल विभाग के 4 प्रस्तावों (3 पेयजल परियोजनाओं-पीपलकोटी, तिलवाड़ा एवं ऊखीमठ नगर पंचायत) एवं लालकुआं नगर पंचायत सीवरलाइन परियोजना को भी संस्तुति प्रदान की। उन्होंने ग्रेविटी आधारित पेयजल परियोजनाओं में मीटर लगाए जाने के भी निर्देश दिए। सीवर लाइन परियोजना को पूरा करने हेतु समयसीमा भी निर्धारित करते हुए लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

### काठगोदाम में पुल को दी गई स्वीकृति

समिति ने लोक निर्माण विभाग की काठगोदाम बाईपास मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत 3 .500 किमी मार्ग एवं इसमें 75 मीटर स्पान का सेतु निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई। इस अवसर पर सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, डॉ. पंकज पांडेय, दिलीप जावलकर एवं रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कर चोरी के खुलासे को अनोखा प्लान

एजेंसी, नई दिल्ली

- सितारगंज की कंपनी में 150 करोड़ की जीएसटी चोरी का केस

अपनी तरह के एक अनोखे अभियान में उत्तराखंड जीएसटी जांच विभाग के अधिकारियों ने कर चोरी का पता लगाने के लिए

एआई टूल्स और फॉरेंसिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया। 150 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कर चोरी का पता लगाने के लिए कई फ़र्में बनाईं और एक संदिग्ध कंपनी के साथ कारोबारी संबंध स्थापित किए। इस पूरी कवायद को शुरू करने और कारोबारी लेन-देन शुरू करने के लिए दोषी कंपनी का भरोसा जीतने में उन्हें कई महीने लग गए।

जीएसटी कुमाऊं क्षेत्र के विशेष जांच ब्यूरो के संयुक्त आयुक्त रोशन लाल ने बताया, कुछ महीने पहले हमें सितारगंज की एक कंपनी के खिलाफ कर चोरी की जानकारी मिली थी। यह कंपनी ट्रांसफ़ॉर्मर और उससे जुड़ी सेवाओं की आपूर्ति का कारोबार करती है। यह कंपनी किसी दूसरी कंपनी के नाम पर ख़रीद-बिक्री कर रही थी। उस दूसरी कंपनी को इसने काफ़ी पहले ही बंद कर दिया था और अब यह कर बचाने के लिए अपनी बिक्री को छिपा रही थी। 18 मार्च को आपूर्तिकर्ता की फ़ैक्टरी में तलाशी और ज़ब्ती का छापा मारा गया। करीब आठ घंटे तक चली इस कार्रवाई के बाद, बिक्री, ख़रीद, माल के स्टॉक, माल की आवाजाही और वित्तीय लेन-देन से जुड़े कई दस्तावेज़ ज़ब्त किए गए।

जांच टीम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, हमारे दो अधिकारियों ने कुछ फ़र्म पंजीकृत करवाकर दोषी कंपनी के साथ कारोबारी संबंध बनाए। हमारे कुछ अधिकारियों ने कर्मचारी बनकर काम किया और कंपनी के उत्पाद ख़रीदने में दिलचस्पी दिखाई। ऐसा करते हुए हमें पता चला कि सितारगंज स्थित यह फ़र्म कर बचाने के लिए अपनी बंद हो चुकी फ़र्मों के नाम का गलत इस्तेमाल कर रही है। विभाग ने बताया कि आपूर्तिकर्ता ने कर भुगतान के अलग-अलग तरीकों से 19.83 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व जमा किया है। यह राशि देर रात मौके पर ही नकद या क्रेडिट के रूप में जमा की गई। छापेमारी के दौरान 20 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व बरामद किया गया और सरकारी खजाने में जमा कर दिया गया। आगे की जांच और विश्लेषण होने तक जीएसटी और अन्य खातों को फ़िलहाल रोक दिया गया है।

# गंगोत्री धाम के 19 अप्रैल को 12:15 बजे खुलेंगे कपाट

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** चारधाम यात्रा की तैयारियों के बीच आस्था के प्रमुख केंद्र गंगोत्री धाम के कपाट आगामी 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर विधि-विधान के साथ कपाट खुलेंगे। गंगोत्री मंदिर समिति ने चैत्र नवरात्र के दौरान पंचांग के अनुसार तिथि और समय की औपचारिक घोषणा कर दी है। समिति अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल के अनुसार 18 अप्रैल को गंगा जी की भोगमूर्ति डोली शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव से पारंपरिक वाद्य यंत्रों और सेना बैंड के साथ गंगोत्री के लिए रवाना होगी। डोली का रात्रि विश्राम भैरव घाटी भैरव मंदिर में होगा और अगले दिन सुबह गंगोत्री धाम पहुंचकर कपाट खुलने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस बीच मंदिर समिति ने इस बार यात्रा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। समिति के उपाध्यक्ष अरुण सेमवाल ने स्पष्ट किया कि मंदिर परिसर और गंगा घाट क्षेत्र में गैर-सनातनी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। उन्होंने इसे परंपराओं और धार्मिक मर्यादाओं के संरक्षण के लिए जरूरी कदम बताया और प्रशासन से सहयोग की अपील की। इसी दिन यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथचारधाम यात्रा शुरु हो जाएगी।

## सर्किट हाउस एनेक्सी का होगा कायाकल्प

**देहरादूनः** राज्य की अतिथि सुविधाओं को आधुनिक और आकर्षक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को राज्य अतिथि गृह सर्किट हाउस एनेक्सी में नवीनीकरण कार्य को लेकर आवास सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने नवीनीकरण की प्रस्तावित योजना का अवलोकन किया। तय हुआ कि एनेक्सी को केवल मरम्मत तक सीमित नहीं रख इसे उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक सुविधाओं के समन्वय के रूप में विकसित किया जाएगा। मीटिंग हॉल के संपूर्ण नवीनीकरण के साथ दीवारों पर राज्य की लोक संस्कृति को दर्शाने वाली पेंटिंग्स लगेंगी,जिससे यहां आने वाले अतिथियों को प्रदेश की समृद्ध परंपरा की झलक मिल सके।

# हाईकोर्ट में नहीं चला तर्क याचिका हो गई खारिज

विधि संवाददाता, नैनीताल

- रविकांत बनाम सीबीआई मामले में की एकलपीठ ने सुनवाई

**अमृत विचारः** उत्तराखंड हाईकोर्ट की एकलपीठ ने एक मामले में स्पष्ट किया है कि यदि गिरफ्तारी के समय आरोपी को आरोपों का सार लिखित रूप में दे दिया जाता है, तो उसे संवैधानिक प्रावधानों का पालन माना जाएगा।

न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की पीठ ने रविकांत बनाम सीबीआई, मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट/विशेष न्यायाधीश देहरादून द्वारा पारित रिमांड आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए धोखाधड़ी करने के आरोपी की याचिका खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता रविकांत ने रिमांड आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का मुख्य तर्क यह था कि उसकी गिरफ्तारी अवैध थी क्योंकि उसे गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में नहीं बताए गए थे, जो कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) का उल्लंघन है।

वहीं, सीबीआई के अधिवक्ता ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी मेमो में उन सभी आवश्यक तथ्यों और आरोपों का उल्लेख था जिनके आधार पर यह कार्रवाई की गई थी। सीबीआई का तर्क था कि आरोपी को गिरफ्तारी के समय ही यह मेमो उपलब्ध करा दिया गया था, जिससे संवैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती है।

**सफलता** — राजधानी देहरादून में प्रेम त्रिकोण में उलझी ब्लाइंड मर्डर की मिस्ट्री एसएसपी डोबाल के नेतृत्व में सुलझी

# दो बीवियों के बीच फंस गया रंजीत, रूपा को मार डाला

मुख्य संवाददाता, देहरादून



रूपा हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोबाल।

**अमृत विचारः** प्रेम के त्रिकोण में उलझी ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में सुलझा लिया गया। प्रेमनगर पुलिस ने पहली पत्नी रूपा की हत्या करने के आरोप में उसके पति रंजीत शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इस सफल अनावरण पर आईजी गढ़वाल ने थानाध्यक्ष प्रेमनगर कुन्दन राम की टीम को 5000 रुपए और एसएसपी ने 2500 रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है।

एसएसपी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि, बीती 11 मार्च को प्रेमनगर के जंगल में एक अज्ञात महिला का शव प्लास्टिक के कट्टे में बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण गला दबाना आने के बाद पुलिस की तरफ से हत्या का केस दर्ज कराया गया था।

### 2500 कैमरे-5000 सत्यापन, फिर हुई शिनाख्त

पुलिस के लिए शव की शिनाख्त ही बड़ी चुनौती बन गई थी। पुलिस की 8 टीमों ने करीब 2500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और करीब 5000 लोगों के सत्यापन के बाद शव की शिनाख्त रूपा (32) पत्नी रंजीत शर्मा निवासी सहरसा, बिहार हाल निवासी भाटोवाला, देहरादून के रूप में की थी।

### सौतन का विरोध कर रूपा के हिस्से में आई मौत

एसएसपी के अनुसार, रंजीत की दूसरी पत्नी सुशीला करीब एक साल से बिहार में रह रही थी। इसी दौरान उसकी पहली पत्नी रूपा भी अपने दूसरे पति को छोड़कर गांव पहुंच गई थी। उसने रंजीत से फोन पर संपर्क बढ़ाया और फिर बीती 23 फरवरी को 11 माह की पुत्री के साथ देहरादून रंजीत के पास आ गई थी। इस दौरान रूपा रंजीत पर अक्सर सुशीला को छोड़ने का दबाव बनाती रही लेकिन रंजीत इसके लिए तैयार नहीं हुआ। 5 मार्च की रात जब रंजीत सुशीला से मोबाइल फोन पर बात कर रहा था तो रूपा ने उससे मोबाइल फोन छीन लिया था। इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि रंजीत ने रूपा की गला दबाकर हत्या कर शव को प्रेमनगर के जंगल में फेंक दिया था।

### कड़ी से कड़ी जोड़ रंजीत तक पहुंची पुलिस

एसएसपी के अनुसार, पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए रंजीत शर्मा (32) निवासी सहरसा बिहार हाल निवासी भाटोवाला देहरादून को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो खुलासा हो गया। रंजीत ने बताया कि, वर्ष 2009 में उसकी शादी रूपा से हुई थी लेकिन लेकिन 4 साल पहले ही रूपा ने उसे छोड़कर दूसरे पुरूष से शादी कर ली थी, जिसके बाद उसने भी पूर्व से शादीशुदा सुशीला नाम की महिला से शादी कर ली थी। वह करीब 12 साल पहले बिहार छोड़कर मजदूरी करने देहरादून आ गया था।

# कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं फिर जोरों पर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** धामी कैबिनेट में एक बार फिर विस्तार की चर्चा जोरों पर है। माना जा रहा है कि इस नवरात्र के दौरान ही इस कवायद को अंजाम दिया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, विधानसभा चुनाव में एक साल से भी कम समय बचा है और प्रबल संभावना है कि कैबिनेट में रिक्त पांचों पद जल्द भर दिए जाएं। भाजपा जब राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता में आयी तो मुख्यमंत्री धामी सहित नौ मंत्रियों ने शपथ ली थी जबकि संवैधानिक प्रावधान के तहत, राज्य मंत्रिमंडल में अधिकतम 12 सदस्य हो सकते हैं। अप्रैल 2023 में कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद कैबिनेट में आठ सदस्य रह गए जबकि पिछले साल कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद यह संख्या घटकर सात पर पहुंच गयी। सरकार के चार साल के कार्यकाल में अनेकों बार कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं हुईं लेकिन यह कवायद कभी अंजाम तक नहीं पहुंची। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान का कहना है कि धामी सरकार विकास, जनसेवा और सुशासन के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। कैबिनेट का विस्तार एक शासकीय प्रक्रिया है और केंद्रीय नेतृत्व का विषय है। इसे लेकर केंद्रीय नेतृत्व के साथ चर्चा और विचार विमर्श हो गया है। जल्द मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद की जा सकती है।

## पिथौरागढ़ में बर्फबारी हल्द्वानी में पड़ी फुहार

**हल्द्वानी/पिथौरागढ़ः** गुरुवार को पिथौरागढ़ की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी तो निचले इलाकों में बारिश से ठंड बढ़ गई है। मुनस्यारी में दोपहर बाद मौसम का मिजाज बिगड़ा और हंसलिंग, राजरंभा, नाग्निधुरा, पंचाचूली में बर्फबारी हुई। वहीं, हल्द्वानी में बादल छाने के साथ ही बूंदाबांदी होने से पारे में गिरावट आई है। नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में यलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर, सरोवर नगरी में बीती रात से शुरू हुआ रिमझिम बारिश का दौर गुरुवार को भी जारी रहा। इसका सामान्य जनजीवन पर तो खास असर नहीं पड़ा, लेकिन पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हुईं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है और शुक्रवार को भी असर बने रहने का पूर्वानुमान है।

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे दिन नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

**बीज मंत्र.....**

**माँ ब्रह्मचारिणी: ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।**

चैत्र नवरात्र पर गौलापार स्थित काली चौड़ मंदिर में पहुंचते हैं हजारों श्रद्धालु, मंदिर के समीप डाकू सुल्ताना का भी है गांव

# जंगलों के बीच मां काली का धाम, जहां बनते हैं भक्तों के काम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर से करीब 6 किलोमीटर दूर गौलापार के घने जंगलों के बीच स्थित कालीचौड़ मंदिर आस्था, रहस्य और शांति का अद्भुत संगम है। चैत्र नवरात्र पर यहां लाखों श्रद्धालु मां काली के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर को लेकर प्रचलित मान्यता के अनुसार यह स्थल प्राचीन समय में ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रहा है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

नवरात्र के दिनों में मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और भक्ति का माहौल बना रहता है। दूर-दूर से आने वाले भक्त माता के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि और कष्टों से मुक्ति की कामना करते हैं। घने जंगलों के बीच स्थित यह मंदिर न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यहां का शांत वातावरण श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक सुकून भी देता है। स्थानीय लोगों के अनुसार कालीचौड़ मंदिर आज भी उस प्राचीन तपोभूमि की पहचान को जीवंत किए हुए है, जहां कभी ऋषि-मुनि साधना किया करते थे।




गौलापार में जंगलों के बीच बना कालीचौड़ मंदिर। ● अमृत विचार

### यहां है मां काली का अलौकिक मंदिर

**हल्द्वानी :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन से महज कुछ किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच स्थित कालीचौड़ मंदिर आस्था और आध्यात्म का अद्भुत केंद्र है। मंदिर के समीप बसा सुल्तान नगरी गांव कभी कुख्यात सुल्ताना डाकू का गढ़ माना जाता था, जिससे इस क्षेत्र का ऐतिहासिक महत्व भी जुड़ता है। गौलापार क्षेत्र में स्थित इस मंदिर तक पहुंचने के लिए सुल्तान नगरी से होकर जंगल के बीच बने कच्चे रास्ते से लगभग 2 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। पहाड़ी की ऊंचाइयों पर स्थित मां काली का यह मंदिर चारों ओर से घने वन क्षेत्र से घिरा हुआ है, जो यहां आने वाले श्रद्धालुओं को शीतलता और अद्भुत शांति का अनुभव कराता है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थान ध्यान, योग और साधना के लिए भी बेहद उपयुक्त माना जाता है। धार्मिक आस्था के साथ-साथ यहां का शांत वातावरण इसे एक विशेष आध्यात्मिक स्थल के रूप में स्थापित करता है।




### कलकत्ता से जुड़ी आस्था की कहानी

**हल्द्वानी :** मान्यता है कि 1930 के दशक में कलकत्ता के एक भक्त को मां काली ने सपने में दर्शन दिए। उन्होंने उस भक्त को गौलापार के इस गुमनाम जंगल क्षेत्र के बारे में बताया और कहा कि उनकी प्रतिमा यहां जमीन में दबी है। जब भक्त इस स्थान पर पहुंचा और खुदाई कराई। खुदाई के दौरान मां काली सहित कई प्राचीन मूर्तियां प्राप्त हुईं। इसके बाद जंगल के बीचोंबीच उन्हीं मूर्तियों की स्थापना कर मंदिर का निर्माण किया गया, जो आज कालीचौड़ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। तब से यह स्थान श्रद्धा व आस्था का प्रमुख केंद्र है।

## दो घरों में लगी आग से लाखों का माल स्वाहा

**रामनगरः** शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में दो घरों में आग लग गई, जिससे पीड़ितों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ।

गूलरघट्टी निवासी शानू के घर में आग लगी थी। फायर यूनिट ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से कमरे में रखा घरेलू सामान जल गया। एफएसओ गोपाल सिंह रावत ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। इधर, मोहल्ला पंपापुरी में भास्कर जोशी के घर में पूजा-पाठ के दौरान दीये से आग लग गई। आग से घर का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। यहां भी दमकल विभाग ने बाग बुझाई। दमकल टीम में कश्मीर सिंह, सलामत जान, वसीम अहमद, शम्भु गिरी, सुखदेव राणा, पुष्कर पाल, प्रकाश चन्द्र, देवेंद्र और रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

### सिटी ब्रीफ

### किशोर लापता, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**हल्द्वानी :** फेज 2 देवेन्द्रपुरी पीलीकोठी निवासी नितिन बिष्ट ने पुलिस को बताया कि उसका भाई पीयूष बिष्ट (17 वर्ष) बीते 16 मार्च को घर से बिना बताए चला गया, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लगा। थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

### युवक को कुचलने वाले डंपर चालक पर केस

**हल्द्वानी :** टीपीनगर चौराहे के पास चाउमीन के ठेले पर चाउमीन खा रहे युवक को कुचलने वाले डंपर चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में अभिवादन कालोनी निवासी अर्जुन सिंह रौतेला ने बताया कि उनका भाई अनिल रौतेला 17 मार्च को ट्रान्सपोर्ट नगर चौराहे के पास चाउमीन की दुकान के सामने खड़ा था। तभी तेज रफ्तार डंपर ने उसे कुचल दिया। अनिल को फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ट्रांसपोर्ट नगर चौकी की पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### शराब की तस्करी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** शराब तस्करी में पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों से देसी और अंग्रेजी शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहले मामले में गोरापड़ाव स्थित एक भोजनालय के पास कमरे में छापा मारकर 192 पव्वे देसी शराब, 94 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद की। बिन्दुखत्ता निवासी मोहन चन्द्र जोशी को गिरफ्तार किया। काठगोदाम पुलिस ने गौलापार में 52 टेट्रा पैक देसी शराब के साथ अतुल बिष्ट (39 वर्ष) निवासी पश्चिमी खेड़ा, गौलापार को गिरफ्तार किया। दमुवाढूंगा से 54 टेट्रा पैक देसी शराब के साथ शंकर लाल निवासी दमुवाढूंगा को पकड़ा गया।

# जिस स्कूल में पढ़े थे डॉ. मनमोहन, वहां से हुंकार भरेंगे राजनाथ

एमबी इंटर कॉलेज के मैदान से रक्षा मंत्री राजनाथ कल जनसभा को संबोधित करेंगे, सीएम धामी भी रहेंगे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** अर्थशास्त्री एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने हल्द्वानी के जिस एमबी इंटर कॉलेज से हाईस्कूल किया था, उसी कॉलेज के मैदान से रक्षा मंत्री राजनाथ शनिवार को जनसभा को संबोधित करेंगे। वह उत्तराखंड सरकार के चार साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार (21मार्च) को एमबी इंटर कॉलेज में राज्य सरकार के चार साल बेमिसाल कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचेंगे। 118 वर्ष पुराने इस कॉलेज की स्थापना 13 अक्टूबर 1908 को हुई थी। इस कॉलेज को 1930 में हाईस्कूल व 1991 में इंटर की मान्यता मिली थी। अधिकारियों के अनुसार, यह वह कॉलेज है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की प्रारंभिक शिक्षा हुई थी। अधिकारियों के अनुसार, मनमोहन सिंह वर्ष 1944 में परिवार के साथ हल्द्वानी आए थे। उन्होंने एक फरवरी 1944 को नवीं कक्षा में प्रवेश लिया था। वह मध्य सत्र में आए थे और तीन महीने बाद ही परीक्षा हुई थी। इसके बाद आठ जुलाई 1944 को 10वीं में उनका प्रवेश हुआ था। 23 जून 1945 को हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम आया था। रिकार्ड के अनुसार 30 जून 1945 को उन्होंने कॉलेज से नाम कटवा लिया था।

स्वयं उन्होंने नैनीताल के एक दौरे में इसकी जानकारी साझा की थी। अब इसी कॉलेज के मैदान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आ रहे हैं। वह कॉलेज के मैदान विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का जायजा लेंगे इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।



एमबी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते सीडीओ अरविंद पांडे। ● अमृत विचार

### हेलीपैड पर सिर्फ 15 लोग कर सकेंगे स्वागत

हल्द्वानी : आर्मी हेलीपैड तिकोनिया पर आने पर स्वागत व सीऑफ के लिए सिर्फ 15-15 लोगों को ही अनुमति दी गई है। ऐसे में ऊधम सिंह नगर, नैनीताल व काशीपुर जिलों से सूची मांगी गई है। इनमें हाईकमान से निर्णय के बाद 15 को स्वागत, अन्य 15 को सीऑफ में जगह दी जाएगी। इसी तरह मंच पर आवाजाही के दौरान 15-15 पदाधिकारियों को रक्षा मंत्री से मुलाकात का मौका दिया जाएगा।

**118** वर्ष पुराने कॉलेज की स्थापना 13 अक्टूबर 1908 को हुई थी, पूर्व प्रधानमंत्री ने 1944 को नवीं कक्षा में लिया था प्रवेश

### घोड़ाखाल सैनिक स्कूल की हीरक जयंती में होंगे शामिल

**हल्द्वानी/नैनीताल :** नैनीताल जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। वह शनिवार को त्रिशूल एयर फोर्स स्टेशन बरेली से प्रस्थान कर सुबह 11:15 बजे घोड़ाखाल हेलीपैड, नैनीताल पहुंचेंगे। वह सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की हीरक जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में हिस्सा लेंगे। तत्पश्चात रक्षामंत्री दोपहर 1:10 बजे सैनिक स्कूल घोड़ाखाल हेलीपैड से प्रस्थान कर दोपहर 1:30 बजे आर्मी हेलीपैड हल्द्वानी पहुंचेंगे। आर्मी हेलीपैड से प्रस्थान कर एमबी इंटर कॉलेज मैदान में उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। तत्पश्चात रक्षा मंत्री एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड से आर्मी हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे जहां से अपराहन 03:25 बजे त्रिशूल एयर फोर्स स्टेशन बरेली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हल्द्वानी में

**हल्द्वानी :** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। वह चम्पावत के देवीधुरा से प्रस्थान कर दोपहर 3:15 बजे गौलापार हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां से प्रस्थान कर सर्किट हाउस हल्द्वानी में दोपहर 3:30 बजे से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक एवं स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा क्यूआरटी तैनात

**हल्द्वानी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 21 मार्च को प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कैंप कार्यालय में उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि वीवीआईपी दौरे के दौरान 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया जाएगा, जहां एक्सेस कंट्रोल के साथ सघन चेकिंग होगी। बम निरोधक दस्ता और डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से जांच होगी। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान 'जीरो जोन' रहेगा। एसएसपी ने एलआईयू और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम तैनात रहेगी। एसएसपी ने कार्यक्रम स्थल, रूट और पार्किंग व्यवस्था का स्वयं निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ सिटी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, निरीक्षक एलआइयू ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, कोतवाल हल्द्वानी विजय सिंह मेहता, टीआई शिवराज सिंह, थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी आदि थे।



कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी।

### हर सूरत में आज स्टॉल लगा लें सभी विभाग

**हल्द्वानी :** सीडीओ अरविंद पांडे ने गुरुवार को रक्षा मंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सहकारी बैंक सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के चार साल पूर्ण होने के अवसर पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है, इसे सफलतापूर्वक संपन्न करना सभी की जिम्मेदारी है जिन अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गई है वे समय से बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर जिन-जिन विभागों के स्टॉल लगाए जाने हैं वह आज तक स्टालों का प्रदर्शन करना सुनिश्चित करें। इसके बाद सीडीओ ने कार्यक्रम स्थल एमबी इन्टर कालेज मैदान में मंच निर्माण सहित अन्य सभी तैयारियों का भी निरीक्षण कर लोनिवि के अधिकारियों को मंच, पंडाल निर्माण आदि के निर्देश दिए। इस दौरान डीडीओ गोपाल गिरी, एपीडी चंद्रा फर्त्याल आदि रहे।

### सांसद, कैबिनेट मंत्री साझा कर सकेंगे मंच

**हल्द्वानी :** प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्री की जनसभा में 50 हजार लोगों को लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा मंच पर भी सिर्फ सांसद, कैबिनेट मंत्री ही रक्षा मंत्री के साथ मंच साझा कर सकेंगे। प्रदेश पदाधिकारियों के मंच की उपस्थिति को लेकर अभी मंथन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दर्जा मंत्री, विधायकों को मंच पर जगह नहीं मिलेगी, हालांकि इस पर अभी मंथन जारी है। संभावना है कि जनसभा के बाद रक्षा मंत्री कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और मीडिया ब्रीफ भी कर सकते हैं।

### रक्षा मंत्री के आगमन पर भीमताल में बैठक

**भीमताल :** भाजयुमो की बैठक मंडल अध्यक्ष पारस चंद्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रक्षा मंत्री के जनपद भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। इस दौरान रैली को सफल बनाने के लिए बस व्यवस्था, जनसंपर्क और अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला महामंत्री कनिष्क ढींगरा और जिला मंत्री शिप्रा जोशी का स्वागत किया गया। बैठक में कुलदीप बोरा, रेहान खान, , आयुष बोरा, शिवांग बिष्ट, आरती आर्या, चंद्रशेखर गिरी रहे।

# भौगोलिक कठिनाइयों ने रोकी पीएनजी की रफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

- **35.55 लाख एलपीजी घरेलू कनेक्शन के मुकाबले चुनिंदा जिलों तक सीमित पीएनजी**
- **नैनीताल जिले में केवल 600 लोगों के पास पीएनजी कनेक्शन**

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में रसोई गैस की जरूरतों के लिए अब भी बड़ी आबादी घरेलू गैस सिलेंडर पर ही निर्भर है, जबकि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शनों का दायरा बेहद सीमित बना हुआ है।



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में कुल 35,55,569 घरेलू गैस कनेक्शन हैं, जबकि पीएनजी उपभोक्ताओं की संख्या कुछ जिलों तक ही सिमटी है।

पीएनजी कनेक्शनों की स्थिति देखें तो हरिद्वार में सबसे अधिक 25,600 उपभोक्ता हैं। इसके बाद ऊधम सिंह नगर में 16,088, देहरादून में 2,200 और नैनीताल में मात्र 600 उपभोक्ता हैं। अन्य जिलों में पीएनजी की पहुंच न के बराबर है। विशेषज्ञों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में भौगोलिक कठिनाइयों और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते पीएनजी नेटवर्क का विस्तार धीमा है। यही वजह है कि राज्य के अधिकांश हिस्सों में अब भी एलपीजी सिलेंडर ही मुख्य ईंधन बना हुआ है। वहीं, कॉमर्शियल गैस कनेक्शनों की संख्या 60,976 है, जिसमें राजधानी देहरादून में19,205, सरोवर नगरी नैनीताल में 8,146 में और हरिद्वार में 7,422 कनेक्शनों के साथ प्रमुख जिले हैं।

### राज्य में कुल 311 गैस एजेंसियां संचालित हो रहीं

**हल्द्वानी :** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में 311 गैस एजेंसियां हैं। घरेलू गैस कनेक्शनों की संख्या 35,55,569 है। इनमें सबसे ज्यादा कनेक्शन देहरादून जिले में 7,81,000 हैं। इसके बाद यूएसनगर जिले में 5,84,227 घरेलू गैस कनेक्शन हैं। हरिद्वार जिले में 5,63,727 नैनीताल जिले में 3,60,580 घरेलू गैस कनेक्शन हैं। पर्वतीय जिलों में सबसे ज्यादा घरेलू गैस कनेक्शन टिहरी जिले में 1,96,014 हैं।

## बाइक की चपेट में आए व्यापारी की मौत

**हल्द्वानी :** सड़क पारकर करते वक्त बाइक की चपेट में आए दुकानदार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, त्रिलोक सिंह (79 वर्ष) ऊधमसिंह नगर जिले के दिनेशपुर में परिवार के साथ रहते थे। घर से करीब एक किमी की दूरी पर वह एक दुकान चलाते थे। बीती 17 मार्च को वह घर से दुकान के लिए निकले थे। सड़क पार करते वक्त उन्हें एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने अपनी चपेट में ले लिया। उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया गया। बुधवार रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# वीआईपी मूवमेंट : शहर में कल नो एंट्री देख कर निकलें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **21 मार्च को सुबह 10 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा डायवर्जन**
- **भारी वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद, शहर में जीरो जोन, बंद रहेंगे खनन गेट**

**अमृत विचारः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 21 मार्च को प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन ने ट्रैफिक और डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। सुबह 10 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक शहर के कई हिस्सों में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस क्रम में सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक पूरे हल्द्वानी शहर में सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। खनन गेट भी बंद रहेंगे और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन भी बाईपास मार्गों का प्रयोग करेंगे।

रोडवेज और निजी बसों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बसों को नारीमन तिराहा से डायवर्ट कर गोलापार-तीनपानी होते हुए रोडवेज स्टेशन लाया जाएगा। वहीं सिडकुल और अन्य निजी बसों को निर्धारित स्थानों तक ही अनुमति दी जाएगी, जहां से उन्हें वापस किया जाएगा।

छोटे वाहनों के लिए भी व्यापक डायवर्जन प्लान लागू रहेगा।




बरेली, रामपुर और कालाढूंगी रोड से आने वाले वाहनों को तीनपानी, गौलापार और अन्य वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। नैनीताल रोड से आने वाले वाहनों को भी नारीमन तिराहा से होकर भेजा जाएगा।

वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान नैनीताल बैंक तिराहा से सौरभ होटल तिराहा तक का क्षेत्र 'जीरो जोन' रहेगा, जहां किसी भी वाहन का प्रवेश नहीं होगा। शहर के कई प्रमुख कट और तिराहों से भी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। रैली में शामिल होने वाली बसों के लिए अलग-अलग रूट और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। बरेली रोड, रामपुर रोड, काशीपुर और पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बसों को निर्धारित स्थानों पर यात्रियों को उतारकर तय पार्किंग स्थलों में खड़ा किया जाएगा। पार्किंग फुल होने की स्थिति में वैकल्पिक स्थल भी चिन्हित किए गए हैं।

### भवाली-भीमताल रूट पर सख्ती, कंटीजेंसी प्लान लागू

**हल्द्वानी :** रक्षा मंत्री के दौरे को देखते हुए भवाली, भीमताल और कैंची धाम क्षेत्र के लिए भी विशेष कंटीजेंसी ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले सभी छोटे और बड़े वाहनों को भीमताल मोड़ से ज्योलीकोट-भवाली बाईपास के रास्ते भेजा जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों से हल्द्वानी आने वाले वाहनों को भी इसी वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। पिथौरागढ़ और चम्पावत की ओर से आने वाले वाहनों को वीवीआईपी मूवमेंट से 15 मिनट पहले खुटानी बैंड के पास रोक दिया जाएगा। घोड़ाखाल से हल्द्वानी की ओर वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान भवाली-भीमताल मार्ग को जीरो जोन घोषित किया जाएगा

चिंता | न्यूरोसर्जरी विभाग में डॉक्टरों के इस्तीफों से बढ़ा संकट, ओपीडी हफ्ते में सिर्फ दो दिन, ऑपरेशन का भी बढ़ा बोझ

# एक सीनियर डॉक्टर के भरोसे चल रहा न्यूरोसर्जरी विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के न्यूरोसर्जरी विभाग में लगातार डॉक्टरों के इस्तीफों से स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ा रहीं हैं। कुमाऊं के सबसे बड़े इस सरकारी अस्पताल में अब न्यूरोसर्जरी सेवाएं लगभग एक डॉक्टर के भरोसे सिमट गई हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पहले न्यूरोसर्जन डॉ. अमित देवल ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद अब डॉ. अभिषेक राज भी नौकरी छोड़ने के लिए नोटिस दे चुके हैं। इन इस्तीफों के बाद विभाग में केवल डॉ. अखिलेश जोशी ही सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि न्यूरोसर्जरी ओपीडी सप्ताह में मात्र दो दिन ही संचालित हो पा रही है। वहीं, एकमात्र डॉक्टर पर ओपीडी के साथ-साथ जटिल ऑपरेशन करने की भी जिम्मेदारी है, जिससे कार्य का अत्यधिक दबाव बना हुआ है। वहीं, जूनियर रेजिडेंट (जेआर) की पहले से चली आ रही कमी भी स्थिति को और गंभीर बनाता है। पर्याप्त स्टाफ न होने के कारण न केवल मरीजों के इलाज में देरी हो रही है, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। कुमाऊं मंडल के दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इस अस्पताल पर निर्भर हैं, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के चलते उन्हें या तो लंबे इंतजार का सामना करना पड़ रहा है या फिर मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। एमएस डॉ. अरुण जोशी के अनुसार न्यूरोसर्जन की नियुक्ति का प्रयास किया जा रहा है।



### बेस अस्पताल में भी न्यूरोसर्जन नहीं

**हल्द्वानी :** न्यूरोसर्जरी विभाग की ओपीडी में एक दिन में 100 से 150 मरीज पहुंचते हैं। निजी अस्पतालों में डॉक्टरों की फीस 800 से 1000 रुपये है। साथ ही अगर एमआरआई की जरूरत पड़ती है तो वह भी सरकारी दर पर हो जाती है। जरूरत के अनुसार इस विभाग में तीन सीनियर डॉक्टर का होना जरूरी है। जिससे सेवाएं पूरी तरह से दुरस्त रहें। हल्द्वानी के दूसरे बड़े सरकारी बेस अस्पताल में भी कोई न्यूरोसर्जन नहीं है।

## आज से नियमित होगी पानी आपूर्ति

**हल्द्वानी :** शहर के कॉलटैक्स क्षेत्र के पास नहर की जाली टूटने के कारण पानी की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। जाली टूटने से गंदा पानी और कचरा फिल्टर प्लांट तक पहुंचने लगा, जिसके चलते पानी की सप्लाई अस्थायी रूप से रोकनी पड़ी। ईई आरएस लोशाली ने बताया कि मरम्मत के कारण गुरुवार को शहर के उन क्षेत्रों में, जहां गौला नदी का पानी आपूर्ति होता है, सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जल आपूर्ति प्रभावित रही। उन्होंने बताया कि जाली की मरम्मत पूरी कर ली गई है, शुक्रवार से शहर में पानी की आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।

# नवरात्र के पहले दिन मां नयना देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

## 51 शक्तिपीठों में शुमार है मां नयना देवी का मंदिर, स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ पर्यटकों ने भी किए दर्शन, लिया आशीर्वाद

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** नैनीताल में नवरात्र के अवसर पर मां नयना देवी मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। पहले नवरात्र के मौके पर नैनीताल सहित आसपास के लोगों के साथ-साथ यहां पहुंचे पर्यटकों ने भी मां नयना देवी के दर्शन किए। नवरात्रि के पहले दिन नैनीताल के प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नैना देवी के अलावा पाषाण देवी मंदिर, गोलू देवता मंदिर, हनुमानगढ़ी, शीतला देवी मंदिर, गंगनाथ मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

मान्यता है कि देवी सती की आंख यहां गिरी थी, जिसके बाद यहां मां नयना देवी की स्थापना हुई। पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी पार्वती (सती) का पार्थिव शरीर खंडित होने पर उनकी बाईं आंख यहां गिरी थी। पुराणों में वर्णित है कि देवी पार्वती के पिता दक्ष प्रजापति ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया, लेकिन उसमें भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया। अपने पिता के यहां हो रहे यज्ञ में माता सती बिना निमंत्रण के पहुंच गईं। वहां उन्होंने देखा कि सभी देवी-देवताओं के बैठने की व्यवस्था है, लेकिन उनके पति भगवान शिव के लिए कोई स्थान नहीं रखा गया।



नैनीताल में नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को मां नयना देवी के मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़। ● अमृत विचार

इस अपमान से आहत होकर माता सती ने यज्ञ के हवन कुंड में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए। माता के सती होने की सूचना मिलते ही भगवान शिव अत्यंत क्रोधित हो गए और उन्होंने सती के पार्थिव शरीर को उठाकर ब्रह्मांड में तांडव करना शुरू कर दिया। उनके क्रोध से सृष्टि का संतुलन बिगड़ने लगा और तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। तब सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर के टुकड़े कर दिए। जहां-जहां माता सती के अंग गिरे, वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। उन्हीं में से एक शक्तिपीठ नैनीताल में स्थित मां नयना देवी मंदिर है, जहां उनकी बाईं आंख गिरी थी। इसी कारण इस स्थान का नाम नैनीताल पड़ा। नयना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित नवीन तिवारी के अनुसार, यहां मां दुर्गा साक्षात नयन स्वरूप में विराजमान हैं। कहा जाता है कि मां दुर्गा बिना कुछ मांगे ही भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां नयना देवी मंदिर में भक्त मां की उपासना में लीन दिखाई दिए। मां के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं, जिनमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आए पर्यटक भी शामिल थे। मां नैना यहां नयन रूपी भगवती के रूप में विराजमान हैं। मान्यता है कि मां दुर्गा अपनी दिव्य दृष्टि से हर व्यक्ति के दुख-दर्द को देखती हैं और भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी करती हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक यहां भव्य पूजा-अर्चना जारी रहेगी।



रामनगर के भरतपुरी मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ पूजा-अर्चना

**रामनगर :** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नगर एवं देहात क्षेत्र में स्थित दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सभी ने विधि-विधान से मां भगवती का पूजन किया और परिवार, समाज, देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। सभी दुर्गा मंदिरों में भजन-कीर्तन भी शुरू हो गए हैं। नवरात्र के प्रथम दिन लोगों ने व्रत धारण कर प्रथम शक्ति शैलपुत्री की घरों एवं मंदिरों में विधि-विधान से पूजा की। पूरे क्षेत्र में माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। लोगों ने एक-दूसरे को नव संवत्सर की बधाई दी। घर-घर में नवदुर्गा की स्थापना के साथ पाठ-पूजा, ध्वजा पूजन व ध्वज स्थापना की गई। नवरात्रि शुरू होते ही घरों और मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया है और मां का गुणगान किया जा रहा है। मंदिरों में भजन-कीर्तन में महिलाएं बड़े उत्साह के साथ भाग ले रही हैं। भरतपुरी, दुर्गापुरी, कोटद्वार रोड लखनपुर, कालिका मंदिर हनुमानगढ़ी आदि देवी मंदिरों में भजन-कीर्तन आयोजित किए गए। इस बार प्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिर में सुरक्षात्मक कार्यों के चलते प्रवेश बंद है, जबकि ऊपरी परिसर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में मां भगवती का पूजन किया जा रहा है।

### हल्द्वानी के मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे

**हल्द्वानी :** चैत्र नवरात्र के साथ ही शहर पूरी तरह भक्तिमय हो उठा है। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शीतला देवी मंदिर, जगदंबा मंदिर और महालक्ष्मी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। चैत्र नवरात्रि के साथ हिंदू नववर्ष का भी शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं का कहना है कि वे पूरे नौ दिन माता के नौ स्वरूपों की पूजा करेंगे और देश की तरक्की व सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। अष्टादश महाभुजा मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उत्तर भारत के इस अनूठे मंदिर में मां के विशेष स्वरूप के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। महालक्ष्मी मंदिर में माता लक्ष्मी के नौ स्वरूप विराजमान हैं, जहां भक्त दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। कालीचौड़ मंदिर और सूर्या देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। जंगलों के बीच स्थित कालीचौड़ मंदिर में विशेष आस्था का माहौल है, जहां माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु सुबह से पहुंच रहे हैं। महालक्ष्मी मंदिर के महामंडलेश्वर सोमेश्वर यति महाराज ने बताया कि चैत्र नवरात्र का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। पहले दिन मां शैलपुत्री के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। पूरे शहर में इन दिनों भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल बना हुआ है।



कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं विधायक सरिता आर्य, पालिकाध्यक्ष डॉ. खेतवाल व अन्य।

### श्री राम सेवक सभा में नव संवत्सर पर कार्यक्रम

**नैनीताल :** विक्रम नव संवत्सर के अवसर पर श्री राम सेवक सभा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ विधायक सरिता आर्य, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल और एडवोकेट प्रकाश पांडे ने किया। पं. भगवती प्रसाद जोशी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न राशियों का फल एवं विधान बताया। बाल कलाकारों ने महिषासुर मर्दिनी, रक्तबीज वध, देवी भगवती, नवदुर्गा भजन व सरस्वती वंदना की प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नवदुर्गा के नौ रूपों का नाट्य मंचन विशेष आकर्षण रहा। विक्रम संवत 2083, शक संवत 1948 और उगाब्ध 5128 के उपलक्ष्य में आयोजित 30वें फागोत्सव की फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं डॉ. मोहित सनवाल को प्रथम, शमशेर सिंह को द्वितीय और मौलिक सनवाल तृतीय पुरस्कार दिया। सुरेश कांडपाल, कल्याणी तिवारी, विमल जोशी और प्रमोद कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। प्रो. ललित तिवारी, घनश्याम लाल साह, मनोज साह, अशोक साह, जगदीश बावरी, राजेंद्र बिष्ट, बिमल चौधरी, विमल साह, हीरा रावत, भुवन बिष्ट, आनंद बिष्ट, दिनेश भट्ट आदि रहे।

# सौंदर्यीकरण के नाम पर पार्किंग का विरोध

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** वाल्मीकि मंदिर में सौंदर्यीकरण के नाम पर नगर पालिका द्वारा पार्किंग स्थल बनाने के विरोध में वाल्मीकि समाज नगर पालिका के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गया। इस दौरान नगरपालिका ईओ से लोगों की तीखी बहस हुई। समाधान न होने पर वाल्मीकि समाज ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है।

नगर पालिका कॉम्प्लेक्स के गेट के पास खाली भूमि है, जिसे मंदिर समिति अपना बताती है। नगरपालिका द्वारा इस स्थान पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाकर पार्किंग बनाई जा रही थी। भनक लगते ही समिति के सदस्य और नगरवासी धरने पर बैठ गए और नगरपालिका से मांग की कि उक्त भूमि मंदिर समिति के नाम लिखित रूप में दी जाए। मंदिर समिति के अध्यक्ष सचिन वाल्मीकि और समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका ने सौंदर्यीकरण के नाम पर बिना अनुमति निर्माण कार्य शुरू कर दिया। मामले की जानकारी एसडीएम बिपिन चंद्र पंत को दी गई। एसडीएम पंत ने ईओ अभिनव कुमार से जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि उक्त स्थान पर पार्किंग बनाई जा रही है। ईओ अभिनव कुमार ने कई बार उन लोगों से वार्ता की, लेकिन समाज ने लिखित आश्वासन मिलने तक धरना खत्म न करने पर अड़े रहे। वाल्मीकि समाज ने शुक्रवार से हड़ताल और मांगें न माने जाने पर धरने की चेतावनी दी है। ईओ अभिनव कुमार ने कहा कि उक्त भूमि सार्वजनिक है। लोगों से चर्चा की जा रही है। धरने में आकाश वाल्मीकि, अंकुश वाल्मीकि, रितिक वाल्मीकि, कैलाश, मंजू देवी, सुमत्रा देवी, सुनीता देवी, गुड्डी देवी, सची देवी आदि शामिल थे।



नगर पालिका गेट पर धरना-प्रदर्शन करते वाल्मीकि समाज के लोग।

# मरचूला में खाई में गिरा कैंटर चालक समेत दो लोग घायल

संवाददाता, रामनगर

- रामनगर अस्पताल में भर्ती हैं हादसे के दोनों घायल

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा जनपद के सल्ट क्षेत्र के मरचूला में चूने से भरा एक कैंटर वाहन अनियंत्रित होकर करीब 50 से 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में कैंटर चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घायलों को खाई से बाहर निकालकर तुरंत उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां दोनों का इलाज जारी है। हादसे में घायल दानिश (यूपी के बिजनौर जिले के नहटौर निवासी) ने बताया कि वह अपने साथी अकरम के साथ चांदपुर से कैंटर में चूना लेकर मरचूला की ओर जा रहे थे। वाहन अकरम चला रहा था। दानिश के मुताबिक, मरचूला से करीब एक किमी पहले एक मोड़ पर सामने से आ रही कार को बचाने के दौरान कैंटर अचानक अनियंत्रित हो गया और सीधे गहरी खाई में जा गिरा। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद किसी तरह दोनों ने खुद को संभाला और खाई से बाहर निकलकर सड़क तक पहुंचे। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## ईरान युद्ध के विरोध में कई संगठनों का धरना

**रामनगरः** अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध के विरोध में संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े संगठनों ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। राजकीय अवकाश के चलते उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, पेट्रोलियम मंत्री और विदेश मंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

प्रदर्शन के दौरान युद्ध नहीं, शांति चाहिए सहित कई नारे लगाए गए। ज्ञापन में कहा गया कि युद्ध के कारण तेल-गैस संकट गहराया है और देश में गैस आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। संगठनों ने गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने, बढ़े दाम वापस लेने, प्रतिबंध हटाने और खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी की मांग की। धरने में ललित उप्रेती, प्रभात ध्यानी, रोहित रूहेला सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीएसए नैनीताल की नई कार्यकारिणी हुई घोषित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** डीएसए नैनीताल के नवनियुक्त महासचिव मनोज जोशी ने नई कार्यकारिणी और विभिन्न समितियों की घोषणा कर दी है। डीएसए के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी होते हैं।

नई कार्यकारिणी में नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल को सदस्य बनाया गया है। महासचिव का कार्यभार ग्रहण करने के बाद मनोज जोशी ने उपसचिव का दायित्व खीमराज देउपा को सौंपा है। विभिन्न खेलों के लिए भी अलग-अलग सचिव नियुक्त किए गए हैं। इनमें हॉकी सचिव चन्द्र लाल साह, क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी, फुटबॉल सचिव पवन खनायत, वॉलीबॉल सचिव शैलेंद्र बर्गली, बास्केटबॉल सचिव हरीश जोशी, इंडोर गेम्स सचिव वीरेन्द्र साह तथा एथलेटिक्स सचिव करन सती बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में किशन नेगी, अंकित चंदा, त्रिभुवन फर्त्याल और डॉ. संतोष कुमार को सदस्य नामित किया गया है। इसके अलावा वित्त समिति के अध्यक्ष भुवन बिष्ट होंगे, जबकि दीपक बिष्ट और धर्मेंद्र शर्मा सदस्य रहेंगे। निर्माण समिति के अध्यक्ष बिशन सिंह मेहता बनाए गए हैं, जिनके साथ ब्रिजेश बिष्ट और विकास जोशी सदस्य होंगे। डॉ. मनोज बिष्ट को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## कल ईदगाह में होगी ईद उल फितर की नमाज

**रामनगरः** मोहल्ला खताड़ी स्थित ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज़ शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे और बड़ी मस्जिद में सुबह आठ बजे अता की जाएगी। शहर के इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने बताया कि ईदगाह में नमाज शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे होगी। बड़ी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अकील अहमद ने कहा कि वहां नमाज सुबह आठ बजे अता की जाएगी। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि त्योहार को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे नियमों का पालन करें और हुड़दंग न मचाएं। उन्होंने कहा कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने भी कहा कि रामनगर में त्योहार को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# कालाढूंगी में आरएसएस का पथ संचलन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** भारतीय नववर्ष के अवसर पर स्वयंसेवकों ने बुधवार को नगर में पथसंचलन निकाला और राष्ट्रभक्ति व एकता का संदेश दिया। पथसंचलन में बड़ी संख्या में गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने भाग लेकर संगठन की एकरूपता, अनुशासन और शक्ति का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों का स्वागत कई स्थानों पर महिलाओं ने पिछौड़ा पहनकर फूल बरसाकर किया। निजी रिजॉर्ट से संचलन शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए वापस रिजॉर्ट में पहुँचा। यहां आद्य सर संघचालक के प्रणाम के बाद ध्वजारोपण और बौद्धिक सत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता शीलनीधि त्रिपाठी ने भारतीय नववर्ष के सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर संघ चालक घनश्याम बौरा, कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष पांडे, जिला कार्यवाह राहुल, नगर कार्यवाह कमलेश, जिला शारीरिक प्रमुख निर्मल, प्रचारक निखलेश, सुरेश भट्ट, छत्र सिंह कन्याल, भैरव दत्त, बच्ची सिंह बिष्ट, भुवन कुमार, कैलाश बुढलाकोटी, मयंक गुप्ता, ब्रजेश साह, तारा चंद्र, गुड्डू चौहान, विक्रम जंतवाल, कुंदन बसेडा, पुष्कर खनायत, भगवान कुमटीया, हरीश मेहरा, गिरीश पडलिया, मेहर बिष्ट, गोपाल बुढलाकोटी, डिम्पी सैनी, अजय मेहता आदि मौजूद थे।



कालाढूंगी नगर में पथसंचलन करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# मेहरा पब्लिक विद्यालय के छह विद्यार्थियों का जेएनवी में चयन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** मेहरा पब्लिक स्कूल के गुरुकुल कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के 6 विद्यार्थियों हर्षित जोशी, तन्वी, लक्ष्मी सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह, जिशान एवं विनय का प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। बता दें कि इसी वर्ष आयोजित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में भी विद्यालय के 11 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। प्रबंधक कुबेर सिंह मेहरा और निदेशक पंकज सिंह मेहरा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।



अर्जुन सिंह, जिशान, तन्वी, लक्ष्मी ठाकुर, विनय, हर्षित जोशी।

# गैस संकट पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** संयुक्त संघर्ष समिति रामनगर से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान से उनके आवास पर मुलाकात कर लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर मिलने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को बताया कि गैस सिलेंडर की बुकिंग और डीएसी नंबर आने के बाद भी कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि एजेंसियों द्वारा जिन क्षेत्रों में सिलेंडर की गाड़ियां भेजी जा रही हैं, वहां डीएसी नंबर के आधार पर "पहले आओ, पहले पाओ" की व्यवस्था अपनाई जा रही है। इसके चलते लंबे समय से डीएसी प्राप्त उपभोक्ताओं को भी इंतजार के बाद खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि दूसरे सिलेंडर की बुकिंग, पहले सिलेंडर की डिलीवरी के निर्धारित समय के बाद ही हो पा रही है। उप जिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल गैस एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिए कि नियमानुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। ललित उप्रेती, प्रभात ध्यानी, रोहित रूहेला, मनमोहन अग्रवाल, गिरीश आर्य, गीता देवी, कौशल्या, लालमणि और भुवन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते विभिन्न संगठन। ● अमृत विचार

# सड़क हादसे में भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत दो लोग घायल

संवाददाता, नैनीताल

- एक गंभीर को हायर सेंटर किया रेफर, भाजपा मंडल अध्यक्ष की स्थिति भी चिंताजनक

**अमृत विचारः** मल्लीताल क्षेत्र में गुरुवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की व एक युवक घायल हो गए। जिन्हें बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दूसरे युवक की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रशांत ओली ने बताया कि नितिन कार्की के चेहरे और नाक पर गंभीर चोट आई है, उन्हें भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। वहीं, स्टाफ हाउस निवासी प्रियांशु के सिर में गंभीर चोट के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं कोतवाल हेम पंत ने बताया कि सुबह करीब सवा नौ बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्की अपनी बाइक से बीडी पांडे अस्पताल की ओर से आ रहे थे। जैसे ही उन्होंने बाइक कुर्मांचल बैंक की ओर मोड़ी तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नितिन कार्की सड़क पर चेहरे के बल गिर पड़े, जबकि दूसरा युवक सड़क किनारे खड़ी कार से टकराकर दूर जा गिरा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## सिटी ब्रीफ

### स्टेडियम में एलएलसी का होगा फाइनल

**हल्द्वानी :** गौलापार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में चल रही लेजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के मुकाबलों का शेड्यूल अब 27 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। साथ ही लीग का फाइनल मुकाबला भी अब इसी मैदान पर आयोजित किया जाएगा। इस लीग में 11 देशों के खिलाड़ी हल्द्वानी पहुंच हैं, जिससे शहर में खेल का माहौल पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर का बन गया है। विभिन्न देशों के खिलाड़ी अपने अनुभव और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। स्थानीय खेल प्रेमियों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अब फाइनल मुकाबले को लेकर रोमांच और भी बढ़ गया है।

### रोजगारपरक कोर्स चलाने की मांग

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा के संरक्षण में शिक्षक–अभिभावक समिति की बैठक हुई। बैठक में अभिभावकों ने पीजी स्तर पर नए विषय शुरू करने, बीएड पाठ्यक्रम चलाने और रोजगारपरक कोर्स खोले जाने की मांग उठाई। साथ ही उन्होंने कॉलेज और छात्राओं की प्रगति में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने अभिभावकों से छात्राओं को सही मार्गदर्शन देने और कॉलेज के साथ समन्वय स्थापित कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भागीदारी करने का आह्वान किया। शिक्षक–अभिभावक संघ की अध्यक्ष ज्योति सागर, मंत्री डॉ. शरद मिश्र, समिति सदस्य डॉ. नेहा सिंह और डॉ. मंजरी जोशी ने कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों और अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा की। संचालन समिति संयोजक डॉ. रश्मि पंत ने किया।

### जल संस्थान ने 100 से अधिक कनेक्शन काटे

**रामनगर :** जल संस्थान ने रामनगर में उपभोक्ताओं द्वारा पानी के बिल जमा न करने पर 100 से अधिक कनेक्शन काट दिए हैं। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार ने बताया कि जल संस्थान द्वारा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं से लगातार बिल की वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जल संस्थान के कर्मियों द्वारा काउंटर लगाकर बिल जमा कराने की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए वाहन के माध्यम से लगातार घोषणा (अनाउंसमेंट) भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बकायेदारों द्वारा बिल जमा न करने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई लगातार जारी है। अब तक 100 से अधिक कनेक्शन काटे जा चुके हैं।



हिंदू नववर्ष पर मिष्ठान वितरण करते श्री रामलीला कमेटी ब्लॉक के पदाधिकारी।

### हिंदू नव वर्ष पर हुआ मिष्ठान वितरण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हिंदू नव वर्ष के पावन पर्व पर श्री रामलीला कमेटी ब्लॉक द्वारा सीताराम चौराहे पर मिष्ठान वितरण किया गया। कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश कुमार जोशी ने कहा कि सनातन धर्म में सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है अतः सभी हिन्दू अंग्रेजी नव वर्ष को भी धूमधाम से मनाते हैं, परंतु अपने हिन्दू नव वर्ष को भी प्रत्येक सनातनी को धूमधाम से मनाना चाहिए। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में कमेटी के संरक्षक महेश चन्द्र कुनियाल, तेजपाल भंडारी, भास्कर साह, दयाल जोशी, गोविंद सिंह नेगी, महेश मटियाली, मोहन जोशी, अशोक भट्ट, दीपक सिंह नेगी, योगेश भोज, अजय डंगवाल, बीरबल सिंह, अमित जोशी, मनोज तिवारी, गोपाल सिंह जीना, सुनील तिवारी, हरीश बिष्ट आदि कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

### प्रजनन के लिए जरूरी हैं सही साइज के घोंसले, ऑनलाइन व ऑफलाइन मार्केट में मिल रहे छोटे घोंसले

# नहीं भा रहे बाजारू घोंसले, घर-आंगन में कैसे चहचहाए गौरैया

**विश्व गौरैया दिवस**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विश्व गौरैया दिवस (20 मार्च) के मौके पर देश-दुनिया में गौरैया संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान तेज होंगे। विभिन्न स्थानों पर गोष्ठियों, कार्यक्रमों और सोशल मीडिया के माध्यम से इस पक्षी के संरक्षण और इकोसिस्टम में इसके योगदान पर चर्चा होगी।

हर पक्षी प्रेमी की इच्छा होती है कि उसके घर-आंगन में भी गौरैया चहचहाए और अपना घोंसला बनाए। इसी बढ़ती जागरूकता के



चलते लोगों में पक्षियों के लिए घोंसले लगाने का क्रेज भी तेजी से बढ़ा है। आजकल लोग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बाजार से आकर्षक डिजाइन वाले घोंसले खरीदकर अपने घरों में लगा रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार बाजार में बिकने वाले अधिकांश घोंसले गौरैया के लिए उपयुक्त नहीं हैं। छोटे साइज के कारण गौरैया इन घोंसलों में बसने से कतराती है।

शहर के पक्षी प्रेमी व विशेषज्ञ गुलाब सिंह ने बताया कि वर्तमान में 3x3 और 4x4 इंच के छोटे घोंसले बाजार में अधिक बिक रहे हैं, जो गौरैया के प्रजनन के लिए पर्याप्त नहीं हैं। गुलाब सिंह के अनुसार, एक गौरैया आमतौर पर तीन अंडे देती है, जिससे तीन बच्चे निकलते हैं। ऐसे में एक घोंसले में मां और बच्चों के लिए पर्याप्त जगह होना जरूरी है।

विशेषज्ञ के अनुसार, घोंसले का साइज कम से कम 6x6 इंच होना चाहिए, तभी गौरैया उसमें सुरक्षित महसूस करती है। उन्होंने बताया कि छोटे घोंसलों में सर्वे के दौरान गौरैया की पूंछ टकराने लगती है, जिससे वह दोबारा वहां लौटकर घोंसला बनाने से बचती है।

#### जाने-अनजाने पहुंचा रहे नुकसान

आज से कुछ सालों पहले तक लोग किचन में बचने वाले भोजन को चिड़ियाओं को चुगने के लिए बाहर डालते थे। जिससे उन्हें पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध हो जाता था। लेकिन बदलते समय के साथ अधिकांश लोग किचन के बचे भोजन को कूड़े या किचन के सिंक में वेस्ट कर देते हैं। इसके अलावा बढ़ते रेडिएशन और घरों ज्यादातर कांच के प्रयोग के कारण भी गौरैया व अन्य पक्षियों का प्रजनन प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अभाव के कारण लोग जाने-अनजाने में पक्षियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।



विशेषज्ञ गुलाब सिंह।

# शिक्षकों की अग्निपरीक्षा, चंद दिनों में रिजल्ट तैयार करने की चुनौती

### दूसरे चरण की गृह परीक्षाएं शुरू, छुट्टियों के चलते तीन कार्यदिवस में मूल्यांकन करने का दबाव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक ओर बोर्ड परीक्षाओं की लंबी ड्यूटी और उसके बाद गृह परीक्षाओं का दबाव। इन सबके बीच महज तीन कार्यदिवस में रिजल्ट तैयार करने के निर्देश ने शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शिक्षा विभाग के इस आदेश से शिक्षकों में नाराजगी व असंतोष साफ दिखाई दे रहा है।

दरअसल, इस साल शिक्षा विभाग ने गृह परीक्षाओं को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया था। पहला चरण बोर्ड परीक्षाओं से पहले ही पूरा कर लिया गया, जबकि दूसरे चरण के तहत 23, 24 और 25 मार्च को तीन पेपर होंगे। 20 मार्च को बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होते ही शिक्षक सीधे गृह परीक्षाओं के संचालन और मूल्यांकन कार्य में जुट जाएंगे।

विभाग ने सभी स्कूलों को 31 मार्च तक गृह परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि 1 अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू होना है। ऐसे में 25 मार्च के बाद शिक्षकों के पास केवल तीन कार्य दिवस ही बचते हैं। बीच में राम नवमी, महावीर जयंती और रविवार का अवकाश भी पड़ रहा है, जिससे समय और भी सीमित हो गया है। बोर्ड परीक्षा ड्यूटी से पूरी तरह मुक्त हुए बिना ही शिक्षकों को कॉपियों का मूल्यांकन कर त्रुटिरहित रिजल्ट तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षकों का कहना है कि इतने कम समय में निष्पक्ष और सटीक मूल्यांकन कर पाना चुनौती है। शिक्षकों ने मांग की है कि गृह परीक्षाओं के रिजल्ट तैयार करने के लिए कम से कम एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए, ताकि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। उनका कहना है कि पहले ही गृह परीक्षाओं को दो चरणों में करने के निर्णय का विरोध किया गया था, लेकिन विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उनका मानना है कि जल्दबाजी में तैयार किए गए रिजल्ट में त्रुटियों की संभावना बढ़ जाती है, जिसका सीधा असर छात्रों के भविष्य पर पड़ सकता है।






"यह तो शासन स्तर से पहले से निर्धारित था। अगर मूल्यांकन में देरी हुई तो नये शैक्षिक सत्र में देरी संभव है। इसलिए शिक्षकों को प्रतिदिन दो घंटे मूल्यांकन कार्य के लिए निकालना होगा।
**–गोविंद राम जायसवाल**, सीईओ

#### राजकीय शिक्षक संघ ने सचिव को भेजा पत्र

राजकीय शिक्षक संघ ने सचिव, उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद को पत्र भेजकर मूल्यांकन तिथि में बदलाव की मांग की है। शिक्षक संघ ने पत्र के माध्यम से बताया कि बोर्ड परीक्षा के बाद गृह परीक्षाएं होनी हैं और 31 मार्च तक गृह परीक्षाओं का मूल्यांकन कर रिजल्ट तैयार करना है। संघ के जिलाध्यक्ष गिरीश चंद्र जोशी ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान में अधिकांश मदों में धनराशि स्कूलों को उपलब्ध कराई गई है और कुछ मदों में बजट आना अभी बाकी है। इसका उपयोग भी 31 मार्च तक किया जाना है। इन सभी कार्यों को भी शिक्षकों की ओर से किया जाता है। कहा कि 26 मार्च से शिक्षक स्कूलों से कार्यमुक्त हो जाएंगे, तो 31 मार्च तक सभी कार्यों को पूरा करना संभव नहीं होगा। संगठन ने मूल्यांकन तिथि में परिवर्तन कर 1 अप्रैल करने की मांग की है।

#### जिले के तीन परीक्षा केंद्रों में 27 से होगा मूल्यांकन

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में इंटरमीडिएट की संस्कृत की परीक्षा होगी। परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य 27 मार्च से शुरू होगा। जिले में तीन मूल्यांकन केंद्र हैं, जिनमें महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, एमबी इंटर कॉलेज और राइका रामनगर शामिल हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में 35 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होते ही मूल्यांकन कार्य की तैयारी शुरू हो जाएगी। सीईओ जीआर जायसवाल ने बताया कि पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मूल्यांकन कार्य पूरा किया जाएगा। जिसके लिए सभी शिक्षकों को जिम्मेदारी बांटी गई हैं।

### सिर पर चोट लगने से बिगड़ी मानसिक स्थिति अस्पताल में मौत

**हल्द्वानी :** सिर पर चोट के बाद नेपाल मूल का मजदूर बहकी-बहकी बातें करने लगा। एक रात पहले वह घायल हुआ था। बिगड़ती हालत को देख उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मूलरूप से शीशापानी मोतीपुर थाना कैलाली नेपाल निवासी पदम साही (40 वर्ष) पेशे से मजदूर था और बागेश्वर में रहकर मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि बीती 16 मार्च की शाम को खाना खाने के बाद पदम साही टहलते-टहलते पहाड़ की ओर चला गया और फिर लौटा नहीं। अगली सुबह तलाश हुई तो उसे घायल पड़ा पाया। परिजन उसे घर लेकर पहुंचे। लोगों को उसकी हालत ठीक लग रही थी। उसे नाश्ता दिया गया और नाश्ते के कुछ ही देर बाद वह बहकी-बहकी बातें करने लगा। परिजन उसे बागेश्वर स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे 18 मार्च की शाम डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्साल लाया गया। 18 मार्च की रात ही उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। चिकित्सकों का कहना कि सिर पर चोट लगी थी और खून का थक्का जम जाने की वजह से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था।

# 28 को होंगे हल्द्वानी बार एसोसिएशन के चुनाव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन के होने वाले चुनाव को लेकर तिथियों की घोषणा कर दी गई है। 20 मार्च से चुनाव प्रक्रिया का पहला चरण शुरू हो जाएगा और 28 मार्च को चुनाव होंगे।

मुख्य चुनाव अदिकारी आनंद बल्लभ पांडे ने बताया कि 20 और 21 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन फार्म वितरण और पंजीयन होगा। 22 मार्च को सुबह 11 बजे से 3 बजे के दरम्यान नामांकन जांच प्रक्रिया होगी। इसी दिन नामांकन वापसी भी होगी। इसके बाद सीधे 28 मार्च को मतदान होगा। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा और साढ़े 3 बजे से जजी कोर्ट में स्थित बार भवन के प्रथम तल पर मतगणना होगी।

**20 साल से सदस्य ही लड़ सकेगा अध्यक्ष पद का चुनाव :** मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद बल्लभ पांडे ने बताया जो हल्द्वानी बार एसोसिएशन का 20 वर्ष से सदस्य होगा, वही अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकता है। इसी तरह उपाध्यक्ष (सामान्य) 15 वर्ष, सचिव 12 वर्ष, उपाध्यक्ष (आरक्षित महिला) 10 वर्ष, संयुक्त सचिव 7 वर्ष, संयुक्त सचिव (प्रेस) 5 वर्ष, कोषाध्यक्ष 7 वर्ष, लेखाधिकारी 5 वर्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष 5 वर्ष, सदस्य (सामान्य) 4 पद 3 वर्ष और सदस्य (आरक्षित महिला) 3 वर्ष से हल्द्वानी बार एसोसिएशन का सदस्य होना चाहिए।

#### चुनाव तिथियों पर जाहिर की आपत्ति

**हल्द्वानी :** चुनाव तिथियों को लेकर अधिवक्ता कुंदन सिंह बिष्ट ने आपत्ति जाहिर करते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखा है। उनका कहना है कि तमाम अधिवक्ता मुस्लिम समाज से आते हैं। 20 मार्च को अंतिम अलविदा रोजा और अलविदा की नमाज अता दी जाएगी। ऐसे में कई अधिवक्ता नामांकन कार्यक्रम में सम्मलित नहीं हो पाएंगे। 21 मार्च को ईद है और अवकाश है, जिसके चलते मुस्लिम अधिवक्ता पूरा दिन व्यस्त होंगे। जबकि चुनावी कार्यक्रम के दौरान नवरात्रि भी चल रहे हैं। 26 मार्च को अष्टमी और 27 को नवमी मनाई जाएगी। 28 मार्च को चुनाव हैं और इस दिन जागरण, भंडारा आदि किया जाता है। इसे देखते हुए चुनाव कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास ने बच्चों को बैग वितरित किए



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने बच्चों को स्कूल वितरित किए। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने मिशन मुस्कान हर हाथ में स्कूल बैग अभियान के 22वें दिन के तहत गुरुवार को कोटाबाग की पतलिया और नाथूनगर में बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर बच्चे को स्कूल बैग देकर शिक्षा में सहायता व नन्हे चेहरों पर मुस्कान लाना है। इस दौरान प्रधान दीप तिवारी, प्रधान बालम मनराल, जोगा मेहरा, तरुण कुमार, दिनेश त्रिपाठी, संजय तिवारी, डूंगर मेहरा आदि मौजूद रहे।

● **कोटाबाग की पतलिया और नाथूनगर में बांटे स्कूल बैग**

### नैनीताल में जीएसटी संग्रह में एक करोड़ की बढ़ोतरी

**नैनीतालः** नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में इस वर्ष राज्य कर विभाग के जीएसटी संग्रह में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फरवरी 2025 की तुलना में फरवरी 2026 में विभाग ने एक करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त किया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2025 में नैनीताल क्षेत्र से कुल 3 करोड़ 64 लाख रुपये का जीएसटी संग्रह हुआ था, जो इस वर्ष फरवरी में बढ़कर 4 करोड़ 63 लाख रुपये पहुंच गया। इस प्रकार एक वर्ष में संग्रह में एक करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र त्रिवेदी ने बताया कि होटल कारोबारियों द्वारा बड़े पैमाने पर जीएसटी पंजीकरण कराने से भी राजस्व में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विभाग आगे भी कर दायरे को बढ़ाने और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अभियान जारी रखेगा।

# गंगा की स्वच्छता को कागज पर उकेरे चित्र



महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता को लेकर चित्र बनाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पीएनजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और इस विषय पर अपने विचारों को शब्दों एवं चित्रों के माध्यम से सुंदर और मौलिक रूप में प्रस्तुत किया।

प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे, नमामि गंगे समिति की नोडल अधिकारी डॉ. नीमा राणा, डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. सुरेश चंद्रा, डॉ. विजय कुमार, डॉ. सुभाष पोखरियाल एवं डॉ. डीएन जोशी रहे।

# रोज़ा इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहज़ीब

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** चोरगलिया रोड स्थित एवान-ए-जहूर मैरिज हॉल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुहैल अहमद सिद्दीकी द्वारा आयोजित रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने रोज़ेदारों के साथ इफ्तार कर आपसी सद्भाव और एकता का संदेश साझा किया।

इस अवसर पर यशपाल आर्य ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने वर्तमान समय में एकता और सद्भाव को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई।

वहीं सुमित हृदयेश ने कहा कि रमज़ान का पावन महीना संयम, सेवा और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रोज़ा इफ्तार जैसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और पारस्परिक सम्मान को बढ़ावा देते हैं तथा हल्द्वानी की गंगा-जमुनी तहज़ीब इसकी पहचान है।

कार्यक्रम में नैनीताल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश मेहता, कौशलेंद्र भट्ट, इकबाल भारती, जया कर्नाटक, राधा आर्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

अंत में आयोजक सुहैल अहमद सिद्दीकी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए रमज़ान माह की शुभकामनाएँ दीं।



रोज़ा इफ्तार में शामिल नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश व अन्य।

### खेलो मास्टर्स नेशनल के लिए टीम घोषित

**हल्द्वानीः** खेलो मास्टर्स नेशनल प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड की 40 प्लस, 50 प्लस फुटबॉल टीम और एथलेटिक्स खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी गई है। महासचिव डॉ. विरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि फुटबॉल की दोनों वर्गों में कुल 50 और एथलेटिक्स में 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। 40 प्लस फुटबॉल टीम में राजीव कुमार को कप्तान और अमर कोहली को उपकप्तान बनाया गया है। वहीं 50 प्लस टीम की कप्तानी खड़क बहादुर थापा को सौंपी गई है। टीम के कोच डॉ. विरेन्द्र सिंह रावत, मैनेजर विनेश राणा और गोलकीपर कोच कमल जगाती होंगे। प्रेस वार्ता में संरक्षक विनेश राणा, अध्यक्ष सुभाष अरोड़ा, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह रावत, विमल रावत मौजूद रहे।

**करार**

**यूओयू व नेपाल फार वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू**

# नॉलेज एक्सचेंज, रिसर्च व नवाचार को बढ़ावा देगा एमओयू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने नेपाल के फार वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के साथ अकादमिक व रिसर्च सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू दोनों विश्वविद्यालयों के बीच नॉलेज एक्सचेंज, रिसर्च व नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

इसके तहत दोनों संस्थान अकादमिक गतिविधियों के आदान-प्रदान, संयुक्त रिसर्च कार्यों और बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग को प्रोत्साहित करेंगे। विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्र से जुड़े होने के कारण दोनों विवि हिमालयी हेरिटेज, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर मिलकर कार्य करेंगे। साथ ही नेपाली भाषा सहित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन और हिमालयी भूगोल व संस्कृति पर रिसर्च को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि यह एमओयू केवल दो संस्थानों के बीच सहयोग नहीं, बल्कि भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। नेपाल यूजीसी के चेयरमैन प्रो. देशराज अधिकारी ने इसे द्विपक्षीय शैक्षिक सहयोग के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस मौके पर कुलसचिव खेमराज भट्ट, निदेशक प्रो. गिरिजा पांडे, डॉ. शशांक शुक्ल, डॉ. अनिल कार्की, नेपाल मुक्त विवि के कुलपति प्रो. हेमराज पंत, पूर्व कुलसचिव डॉ. गोविंद सिंह विष्टा, , यूओयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. राकेश रयाल, प्रो. मंजरी अग्रवाल, प्रो. डिगर सिंह फर्सवान आदि उपस्थित रहे।




यूओयू और नेपाल मुक्त विवि के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद यूओयू के कुलपति, नेपाल मुक्त विवि के कुलपति व अन्य।

# संविदा कर्मियों के बोनस पर सख्त हुआ श्रम विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड में संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को बोनस न दिए जाने पर श्रम विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। श्रम आयुक्त प्रकाश चंद्र दुम्का ने यूपीसीएल प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि 2 अप्रैल तक कर्मचारियों को बोनस का भुगतान कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

श्रमायुक्त की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि यह मामला पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट, 1965 और कोड ऑन वेजेज, 2019 के उल्लंघन से जुड़ा है।, जिनके तहत ठेका, संविदा, वर्कचार्ज और फिक्स टर्म कर्मचारियों को वेतन के आधार पर बोनस देना अनिवार्य है। श्रम विभाग पहले भी 22 जनवरी 2026 को निर्देश दे चुका था, लेकिन यूपीसीएल प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस मुद्दे को उत्तराखंड ऊर्जा आउटसोर्स श्रम संगठन ने उठाया। संगठन के सचिव पान सिंह चिलवाल ने 19 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद विभाग ने संज्ञान लिया। अब श्रम आयुक्त ने अंतिम चेतावनी जारी करते हुए 2 अप्रैल को सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। आदेश की अवहेलना पर न्यायालय में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, तिकोनिया, हल्द्वानी (नैनीताल)

UTTARAKHAND

(Phone/Fax): 05946-223352 E-mail : ee_ndhal@rediffmail.com

पत्रांक : 731/2 ए०सी०

### निविदा सूचना

दिनांक : 18-03-2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, हल्द्वानी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 09.04.2026 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2026 से दिनांक 08.04.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 09.04.2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्नाकित कार्यालयों में निविदा बॉक्स में डाले जा सकते है। निविदा के साथ वॉछित धरोहर राशि एन०एस०सी०, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी के पदनाम से बन्धक हो, लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रु० 100/- के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर रु० 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।

1-कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो०नि०वि०, नैनीताल। 2-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, हल्द्वानी। 3-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, रामनगर। 4-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, रूद्रपुर।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | ठेकेदार / फर्म की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत करायल जौलासाल में प्रेमपुर लोश्यानी देवलचौड़ मार्ग से श्री आनन्द सिंह धामी एवं श्री नन्दन सिंह कार्की के घर तक लिंक मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 39600.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 2 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत ग्राम पंचायत छड़ायल नयाबाद के मार्ग में नवीनीकरण का कार्य। | 48200.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 3 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत हल्द्वानी में ग्राम पनियाली के अवशेष आन्तरिक सम्पर्क मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 24300.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 4 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत विजयपुर से हरिपुर तक मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण | 37300.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 5 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत ग्राम रतनपुर वन चौकी से सरदार ज्ञान सिंह के घर तक मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 43900.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 6 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत हल्द्वानी में फतेहपुर में गैड़ा गज्जर के आन्तरिक सम्पर्क मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारानवीनीकरण का कार्य। | 43900.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 7 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत ग्रामसभा लामाचौड़ के आन्तरिक सम्पर्क मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 43900.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 8 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत ग्रामसभा जयपुर पाडली के अवशेष सम्पर्क मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 43900.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 9 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत कालाढूंगी मोटर मार्ग स्थित पेट्रोल पम्प से कुआंडाट तक मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 22000.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 10 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत दौलतपुर पदमपुर रैकुनी देवपुर पोखरिया व रूद्रपुर मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारानवीनीकरण का कार्य। | 33000.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 11 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत ग्राम हल्दूचौड़ से हल्दूचौड़ परमा मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 41900.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 12 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत इन्द्रानगर प्रथम में आन्तरिक मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 30700.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 13 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत लालकुआं नगर 3 में आन्तरिक मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 28600.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 14 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत बरेली रोड पश्चिम क्षेत्र के आन्तरिक मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 43900.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 15 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत बरेली रोड पश्चिम में सुनालपुर हैड़ागज्जर के आन्तरिक मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 43900.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 16 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत गौला कुवंरपुर चोरगलिया लिंक मार्ग में एस०डी०बी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 43400.00 | 2000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 17 | वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत हिम्मतपुर-नकायल-गौलापार मार्ग में पी०सी० प्लास्टिक वेस्ट द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 33000.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 18 | वार्षिक अनुरक्षण (पैच मरम्मत) वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र, कालाढूंगी में सहायक अभियन्ता I के कार्य क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 17000.00 | 1000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 19 | वार्षिक अनुरक्षण (पैच मरम्मत) वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र, लालकुआं में सहायक अभियन्ता II के कार्य क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 17000.00 | 1000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 20 | वार्षिक अनुरक्षण (पैच मरम्मत) वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र, कालाढूंगी में सहायक अभियन्ता III के कार्य क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 17000.00 | 1000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 21 | वार्षिक अनुरक्षण (पैच मरम्मत) वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र, लालकुआं में सहायक अभियन्ता IV के कार्य क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 17000.00 | 1000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 22 | जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी के अन्तर्गत - दीवानी न्यायालय हल्द्वानी परिसर में ट्रान्सजेंडर हेतु शौचालय का निर्माण कार्य। | 10800.00 | 1000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 23 | तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के अन्तर्गत गदगदिया राजि की पूर्वी गड्प्पू एन-1 गदगदिया चौराहा में टाईप 2 चौकी का निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 40000.00 | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |

निविदा दिनांक 10.04.2026 को पूर्वान्ह 11.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, हल्द्वानी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

1. संविदा मूल्य की धनराशि में वस्तु एवं सेवाकर (जी०एस०टी०) भी सम्मलित है एवं तद्नुसार धनराशि पर धरोहर धनराशि आदि का मूल्यांकन किया गया।
2. संविदाकार से आमंत्रित मदवार दरें बिना वस्तु एवं सेवाकर (जी०एस०टी०) की है एवं जिस पर विभाग द्वारा प्रचलित जी०एस०टी० अतिरिक्त देय होगी।
3. किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग
हल्द्वानी (नैनीताल)

# इन्वर्टर में हुआ तेज धमाका और कमरे में उठने लगीं आग की लपटें

## आदर्श कॉलोनी घास मंडी की है घटना, परिवार के लोगों ने भागकर बचाई अपनी जान

संवाददाता, रुद्रपुर


अग्निकांड की जानकारी लेते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी चौकी स्थित घासमंडी में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब शॉर्ट सर्किट से कमरे में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें दूसरे कमरों की तरफ बढ़ने लगी। जिसे देखकर परिवार के लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी घास मंडी वार्ड-36 निवासी ऋषभ चौधरी अपने परिवार के साथ रहता है। बुधवार की रात्रि को परिवार खाना खाकर सो गया और ऋषभ भी अपने कमरे में सोने चला गया। पौने तीन बजे के करीब अचानक इन्वर्टर में धमाका हुआ और कमरे में आग की लपटें उठने लगीं। जिसे देखकर युवक बाहर की ओर भागा और देखते ही देखते आग की लपटे दूसरे कमरे की तरफ बढ़ने लगी तो परिवार ने बाहर की ओर भागकर अपनी जान बचाई।

सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मकान स्वामी ने बताया कि अग्निकांड से कमरे में रखी बीस हजार की नगदी, सोने के आभूषण, एसी, फ्रिज, अलमारी सहित सभी घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। गुरुवार की सुबह महापौर विकास शर्मा और विधायक शिव अरोरा ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया और हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### महापौर विकास शर्मा ने की क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत कराने की घोषणा

**रुद्रपुर :** घास मंडी स्थित केशव चौधरी के घर में बुधवार रात हुए भीषण अग्निकांड के बाद महापौर विकास शर्मा ने मौके का मुआयना किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अग्निकांड से क्षतिग्रस्त हुए मकान की मरम्मत का कार्य नगर निगम की ओर से कराया जाएगा, ताकि परिवार को सिर छिपाने के लिए जल्द छत मिल सके। महापौर ने कहा कि पीड़ित परिवार पर आए इस संकट को देखते हुए वे व्यक्तिगत रूप से जिलाधिकारी से वार्ता करेंगे। ताकि उन्हें उचित सरकारी मुआवजा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से भी आर्थिक मदद दिलाने और बिजली विभाग की ओर से जो भी संभव राहत होगी, उसे दिलाने का वादा किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद जितेश शर्मा, कांग्रेस नेता प्रकाश शर्मा सहित कई अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शादी के 8 दिन बाद ही दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता

**रुद्रपुर:** कोतवाली क्षेत्र के रंपुरा निवासी एक युवती की शादी के महज आठ दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर दहेज की खातिर जहर देकर हत्या करने का संगीन आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड-24 रंपुरा निवासी मंगल सेन ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सोनी की शादी 26 नवंबर 2025 को मुरादाबाद निवासी महेश उर्फ गौतम के साथ की थी। आरोप है कि फेरों के समय से ही ससुराल वाले स्विफ्ट कार और सोने के जेवर की मांग कर रहे थे। शादी के बाद पति, ससुर विजय कुमार, सास पुष्पा और देवर चंदन सोनी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। बीते 8 दिसंबर को दामाद ने सोनी की तबीयत खराब होने की सूचना दी। जब पिता मुरादाबाद पहुंचे, तो सोनी बेसुध पड़ी थी। होश आने पर उसने पिता को बताया कि ससुराल वालों ने उसे कुछ पिला दिया है, जिसके बाद वह फिर बेहोश हो गई।

## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ई-मेलः auction@hindujahousingfinance.com
अश्वनी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी. 263139

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम– अनिल कुमार, 9927028507

### ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV A) (नियम 8(6))

**हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफएल)** जिसका कॉर्पोरेट कॉर्या : 167–169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट, सैदापेट, चेन्नई – 600015 और शाखा कार्यालयः अश्वनी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी–263139, को बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के तहत। जबकि एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित ऋण खातों / संभाव्य सं. में निम्नलिखित संपत्ति को बेचने के अधिकार के साथ कब्जा कर लिया था। बकाया राशि की वसूली हेतु **'जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है** के आधार पर बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

**संपत्ति के निरीक्षण की तिथिः 20-04-2026 को 11:00 बजे से 14:00 बजे तक**
**ईएमडी की अंतिम तिथिः 21-04-2026 शाम 05:00 बजे तक**
**ई-नीलामी की तिथि/समयः 24-04.2026 को 1100 बजे से 1300 बजे तक**

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. और कर्जदार(रों) / सह–कर्जदार(रों) / गारंटर(रो) का नाम / | धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि और राशि / कुल बकाया | अचल सम्पत्तियां / प्रतिभूति आस्तियों का विवरण | कब्जे की स्थिति और तिथि | आरक्षित मूल्य (आरपी) / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) आरपी का 10 प्रतिशत / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता नं. UP/HDW/HDWN/AOOOOO433 अर्जुन वर्मा (उधारकर्ता) श्रीमती शोभा वर्मा (सह–उधारकर्ता) | 21/08/2024 & ₹ 10,46,490/- / ₹ 10,46,490/- 10/03/2024 तक | संपत्ति जोकि खाता नंबर 294, खासरा नंबर 677 मिन, उदयनगर, कालिनगर, विजयनगर, दिनेशपुर, पुलिस स्टेशन– दिनेशपुर, रुद्रपुर, यूएसनगर, उत्तराखंड 263153 क्षेत्रफल 138.88 वर्ग गज दिशा / सीमाएँ – उत्तर– नारायण साहा की संपत्ति, दक्षिण– 6 मी. सड़क, पूर्व– 6 मी. सड़क पश्चिम– विक्रेता की भूमि | सांकेतिक कब्जा 21/12/2024 | ₹ 2592000/- / ₹ 259200/- / ₹ 10,000/- |
| 2 | ऋण खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000104 श्री मोहम्मद इब्राहिम (उधारकर्ता) श्रीमती रेहेनूमा बी (सह–उधारकर्ता) | 30-08-2024 & ₹ 12,81,285/- / ₹ 12,81,285/- 28/08/2024 तक | संपत्ति जोकि खसरा नंबर 240, एनए,गांव डौगपुरी, गदरपुर,यूएस नगर,बाबाजी लाघु कुटीर उद्धयोग और सरदार नगर तिराह चक्की, रुद्रपुर,उत्तराखंड, 263152 प्लॉट एरिया–800 दिशा / सीमाएँ– उत्तर– 28 फीट सड़क और विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण– 25 फीट सड़क, पूर्व– 25 फीट और 28 फीट सड़क पश्चिम– विक्रेता का प्लॉट | सांकेतिक कब्जा 10/12/2024 | ₹ 1281600/- / ₹ 128160/- / ₹ 10,000/- |
| 3 | ऋण खाता नं. UP/HDW/KSHP/A000000097 श्री महबूब अली (उधारकर्ता) श्रीमती फार्मूडी बेगम (सह–उधारकर्ता) | 13-08-2024 & ₹ 15,48,654/- / ₹ 15,48,654/- 17/07/2024 तक | संपत्ति जोकि खासरा नंबर 240, एनए,गांव डौगपुरी, गदरपुर, यूएस नगर,बाबाजी लाघु कुटीर उद्धयोग और सरदार नगर तिराह चक्की, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263152 प्लॉट एरिया–800 दिशा / सीमाएँ – उत्तर– 28 फीट सड़क और विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण– 25 फीट सड़क, पूर्व– 25 फीट और 28 फीट सड़क पश्चिम– विक्रेता का प्लॉट | सांकेतिक कब्जा 10/12/2024 | ₹ 2916000/- / ₹ 291600/- / ₹ 10,000/- |
| 4 | ऋण खाता नं. UP/HDW/STGJ/A000000093 श्री अमित कुमार गुप्ता (उधारकर्ता) श्रीमती पिंक गुप्ता (सह–उधारकर्ता) | 06-05-2024 & ₹ 20,65,771/- / ₹ 20,65,771/- 06/04/2024 तक | संपत्ति जोकि 1, खसरा नंबर 60 मिन, क्षेत्रफल 630 वर्गफुट यानी 58.53 वर्गमीटर, कवर क्षेत्र 102.19 वर्गमीटर, वार्ड नं. 7, रामपुरा, सीतारगंज, उत्तराखंड 262405, वार्ड नंबर 7, रामपुरा, सीतारगंज, उत्तराखंड 262405, मुख्य बाजार, सीतारगंज, उत्तराखंड, 262405 दिशा / सीमाएँ – एन–जलीज की संपत्ति एस–रोड, पूर्वः शफीक अहमद का मकान डब्ल्यू–नईम का मकान | सांकेतिक कब्जा 21/09/2024 | ₹ 4894020/- / ₹ 489402/- / ₹ 10,000/- |
| 5 | ऋण खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000026 श्री जमीर अहमद (उधारकर्ता) श्रीमती सबनूर बेगम (सह–उधारकर्ता) | 01-02-2025 & ₹ 4145225/- / ₹ 4145225/- 28/01/2025 तक | संपत्ति जोकि खाता संख्या 00031 खसरा संख्या 250 / 1 बामनपुरी, सितारगंज, अर्धशहरी, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 दिशा / सीमाएँ – एन–विजय गुप्ता की संपत्ति एस–मुने अंसारी की संपत्ति ई–अन्य संपत्ति डब्ल्यू–110 फीट चौड़ी सड़क | सांकेतिक कब्जा 21/09/2024 | ₹ 5845500/- / ₹ 584550/- / ₹ 10,000/- |

**क्र.सं. 1 से 5 हेतु भुगतान का प्रकारः– सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में हल्द्वानी में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किए जाएंगे।**

ऑनलाइन ई–नीलामी बिक्री के नियम और शर्तेंः –

1. संपत्ति को **"जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है और बिना किसी दायित्व रहित"** आधार पर बेचा जा रहा है। इस तरह की बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है। 2. संपत्ति / परिसंपत्तियों का विवरण (अर्थात् ई–नीलामी बिक्री नोटिस में निर्दिष्ट सीमा और माप को सुरक्षित लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है और सुरक्षित लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत–बयान या चूक हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। वास्तविक मौजूदा और मापन अलग–अलग हो सकते हैं। 3. सुरक्षित लेनदार द्वारा जारी ई–नीलामी बिक्री नोटिस आम जनता को अपनी बोलियां जमा करने के लिएएक निमंत्रण है और इसे सुरक्षित लेनदार की ओर से कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं माना जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार के साथ शीर्षक विलेखों की प्रतियों का उपयोग करें और बोलियां प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति / परिसंपत्तियों और दावों / देय राशियों के स्वामित्व और वर्तमान स्थिति के बारे में स्वयं की स्वतंत्र पूछताछ / उचित परिश्रम करें जो संपत्ति को प्रभावित करते हैं। 4. नीलामी / बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" या सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि.** द्वारा प्रदान की गई नीलामी के माध्यम से होगी, जो नीलामी की पूर्ण प्रक्रिया को ई–नीलामी मंच द्वारा व्यवस्थित और समन्वयित करेगा। 5. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से बोली लगाने के लिए ई–नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी खुद बोली लगाने वाले को सुनिश्चित करनी होगी। सुरक्षित लेनदार / सेवा प्रदाता को इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, स्वयं के सिस्टम क्रैश, बिजली की विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। 6. विवरण, सहायता, प्रक्रिया हेतु तथा ई–नीलामी पर ऑनलाइन बोली लगाने वाले संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., 605ए, पताः सी1 इंडिया प्रा. लि. तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 68 सेक्टर–44, गुड़गांव, हरियाणा–122003, (हेल्प लाइन नं. +91–124–4302000) सहायता ईमेल **support@bankeauctions.com**, (सहायता मोबाइल नं. **7291981124/1125/1126**) श्री मिथलेश कुमार मोबाइलः 7080804466. ईमेलः **Mithalesh.kumar@c1india.com, delhi@c1india.com** से संपर्क कर सकते हैं। ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम **https://bankeauctions.com** पर पहले से पंजीकृत कर लेना चाहिए और यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त करने के तुरंत बाद ही उसे बदल दें। 7. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को "हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड" के पक्ष में Demand Draft/NEFT/RTGS/IMPS के माध्यम से आरक्षित मूल्य (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) का 10 प्रतिशत की वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) उक्त वर्णित तिथि तक या उससे पहले जमा करना होगा। 8. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा हुआ बोली फॉर्म (**https://bankeauctions.com** पर उपलब्ध प्रारूप), प्राधिकृत अधिकारीएचएचएफएल क्षेत्रीय कार्यालय हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, द्वितीय तल, 212B & 212C, प्लॉट नं. TC/G-2/2 और TC/G-5/5 साईबर हाईट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 को संबोधित सीलबंद लिफाफे में ईएमडी प्रेषण के साथ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। संपत्ति के लिए ऋण खाता नं. (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) में ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए मुहरबंद कवर को बोली के साथ लिखा जाना चाहिए (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) 9. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि की समाप्ति के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उसके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेगा और योग्य बोलीदाताओं के विवरण की पुष्टि करेगा (जिन्होंने आरक्षित मूल्य के ऊपर और ऊपर अपनी बोलियां उद्धृत की हैं और निर्दिष्ट ईएमडी का भुगतान सुरक्षित लेनदार) सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि.** को ई–नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित तिथि और समय पर केवल उन बोलीदाताओं को ऑनलाइन इंटर–से बोली / नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने के लिए सक्षम बनाता है। 10. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से शुरू होगी। परस्पर बोली की प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक "10" मिनट का असीमित विस्तार होगा, अर्थात ई–नीलामी का अंतिम समय स्वचालित रूप से प्रत्येक बार 10 मिनट तक बढ़ाया जाएगा यदि बोली अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर की जाती है। 11. एक बार की गई बोलियों को रद्द या वापस नहीं लिया जाएगा। बोलीदाता को दी गई यूजर आईडी से की गई सभी बोलियां उसके द्वारा अकेले की गई समझी जाएंगी। 12. सफल बोलीदाता बिक्री के उसी दिन बोली राशि (ईएमडी सहित) का 25% और शेष बोली राशि का 75% DD/Pay order/NEFT/RTGS/IMPS द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बिक्री की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करेगा। 13. सफल बोलीदाता / नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय के भीतर उपरोक्त निर्धारित राशि के भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। 14 सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से बोली राशि की शेष राशि जमा करने के लिए लिखित रूप में और समय दे सकता है। 15. सफल बोलीदाता टीडीएस (बिक्री से बाहर) के लिए बिक्री मूल्य का 1% का भुगतान करेगा और अधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करेगा और ईएमडी को समायोजित करते हुए बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस की ओर 1% की कटौती के बाद) जमा करेगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 कार्य दिवसों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त समझे जाने वालेऐसे अन्य विस्तारित समय के भीतर, जिसके गिरने पर बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। 16. नगरपालिका / पंचायत कर, बिजली देय (यदि कोई हो) और किसी अन्य प्राधिकरण देय राशि (यदि कोई हो) का भुगतान सफल बोलीदाता द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र जारी करने से पहले किया जाना है। संपत्ति से संबंधित सभी वैधानिक देय राशि को ध्यान में रखते हुए बोलियां लगाई जाएंगी। 17. सफल बोलीदाता के पक्ष में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र केवल संपूर्ण खरीद मूल्य / बोली राशि जमा करने और सभी करों / शुल्कों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जारी किया जाएगा। 18. कानूनी शुल्क, स्टांप ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और किसी भी प्रकार के अन्य आकस्मिक प्रभार नीलामी खरीदार द्वारा वहन किया जाएगा। 19. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही को स्थगित / रद्द कर सकता है। यदि निर्धारित ई–नीलामी बिक्री को बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 दिन पहले बाद की तारीख में स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। 20. अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद है। 21. बोली प्रस्तुत करने वाले सभी बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया गया माना जाएगा और वे उनके द्वारा बाध्य होंगे। 22. अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, प्राधिकृत अधिकारी **श्री रवि दीक्षित, मो. नं. 9794347032** ईमेलः **ravidixit.suresh@hindujahousingfinance.com & auction@hindujahousingfinance.com** से संपर्क करें। 23. यह प्रकाशन प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उक्त ऋण खाते के ऋणी / बंधक / गारंटरों को उपरोक्त पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में 30 दिनों का नोटिस भी है। –उल्लिखित तिथि / स्थान

स्थान : हल्द्वानी
दिनांकः **18-03-2026**

प्राधिकृत अधिकारी,
हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**विशेष निर्देश / सावधानीः अंतिम मिनट / सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में बोली लगाने से बचना चाहिए।ऐसे मामलों में बोलीदाता की ओर से किसी भी चूक / विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली की विफलता, आदि) के लिए न तो हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा।ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था / विकल्प जैसे बैक–अप बिजली की आपूर्ति और जो कुछ भी आवश्यक हो, ताकि वेऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।**

रुद्रपुर के समाचार पेज 9 पर भी।

### ओवरटेक के विवाद में युवक पर हमला

**रुद्रपुर :** शहर के डीडी चौक के समीप ओवरटेक करने को लेकर हुआ मामूली विवाद जानलेवा हमले में बदल गया। 16 मार्च की रात बिलासपुर निवासी गौरव चौधरी अपने दोस्तों के साथ घर लौट रहे थे, तभी एक टैक्सी चालक ने उन्हें रोककर अभद्रता की। विवाद बढ़ने पर टैक्सी चालक कमलजीत सिंह ने अपने साथियों बंटी, रामचंद्र और बलविंदर को गांधी पार्क के पास बुला लिया। आरोपियों ने गौरव पर लोहे की रॉड से सिर पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### युवक पर किया जानलेवा हमला

**रुद्रपुर :** कोतवाली क्षेत्र की गांधी कॉलोनी में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। यहां रहने वाले भूपेंद्र सिंह अपनी बुजुर्ग मां की दवा लेने कार से जा रहे थे, तभी रास्ते में खड़े सुधीर उर्फ छोटू और उसके साथियों से हॉर्न बजाने को लेकर विवाद हो गया। दवाई लेकर लौटते समय आरोपियों ने एकराय होकर भूपेंद्र को घेर लिया और स्टील की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### हिताक्षी बिष्ट का जवाहर नवोदय में चयन

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर 4 की हिताक्षी बिष्ट ने का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। जनपद में पांचवीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एचपीएस किच्छा की छात्रा हिताक्षी ने बताया कि नियमित अभ्यास, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से यह मुकाम हासिल हुआ। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



हिताक्षी बिष्ट।

### नानकमता विधायक का व्हाट्सएप हैक

**खटीमा :** साइबर अपराधियों ने अब जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को नानकमता विधायक गोपाल सिंह राणा का व्हाट्सएप हैक कर लिया गया। हैकरों ने उनके संपर्क के लोगों को संदेश भेजकर अस्पताल के लिए पैसों की मांग की। मामला तब खुला जब परिचितों ने फोन कर विधायक से स्थिति जाननी चाही। विधायक की पुत्री व पूर्व पालिकाध्यक्ष सोनी राणा ने बताया कि विधायक के नोएडा से वापस लौटते समय यह घटना हुई। सूचना मिलते ही साइबर सेल रुद्रपुर ने त्वरित कार्रवाई कर व्हाट्सएप को बहाल कर दिया है। विधायक ने सभी से ऐसे संदेशों से सतर्क रहने की अपील की है।

### 5.75 लाख का बकायेदार राजस्व अभिरक्षा से फरार

**बाजपुर :** तहसील परिसर में राजस्व अभिरक्षा से एक बकायेदार के फरार होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम बाजपुर निवासी पृथ्वी सिंह पर टाटा एआईटी लिमिटेड का करीब 5.75 लाख रुपये बकाया था, जिसके चलते राजस्व अमीन ने उसे हिरासत में लिया था। अधिवक्ता की अपील पर आरोपी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल से स्वस्थ घोषित होने के बाद, जब उसे वापस राजस्व हवालात लाया जा रहा था, तभी वह तहसील परिसर से चकमा देकर फरार हो गया। तहसील प्रशासन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### खरीदारी करने बाजार गई महिला लापता

**सितारगंज :** सामान खरीदने बाजार गई महिला लापता हो गई। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की खोजबीन शुरू कर दी है। इस्लाम नगर निवासी असलम ने बताया कि 16 फरवरी को उसकी पत्नी घर से 18 हजार रुपये नगद लेकर खरीदारी के लिए बाजार गई थी। देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों को उसकी चिंता हुई तो उसकी खोजबीन शुरू की। आसपास नाते-रिश्तेदारों में भी काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। वहीं, मामले में पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

### तमंचे के साथ एक धरा

**खटीमा :** कोतवाली की बाजार चौकी प्रभारी जीवन सिंह चुफाल ने टीम के साथ गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पीलीभीत रोड स्थित पर्चवुड होटल के पीछे से अभियुक्त गुज्जर सिंह (22) निवासी चैतुआ खेड़ा थाना नानकमत्ता को देशी तमंचे और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

### नाबालिग के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**खटीमा :** खटीमा कोतवाली पुलिस ने एक ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने पीलीभीत (यूपी) निवासी देव शर्मा के खिलाफ उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है।

### तमंचा व कारतूस लेकर घूम रहे युवक को पकड़ा

**सितारगंज :** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने तमंचा और कारतूस लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के बाबत बुधवार रात को वह गांव ड्योढ़ार रोड पर गश्त कर रही थी। तभी पुलिस ने गांव पिपलिया, बहेड़ी (यूपी) निवासी परवेज अहमद को एक तमंचा और एक कारतूस के साथ पकड़ लिया।

### स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**खटीमा :** नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को दबोचा है। मझोला निवासी वाहिद से 4.50 ग्राम और बनगवां निवासी वचन सिंह से 3.18 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## श्रद्धालुओं ने पहले दिन की मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना, सुबह से मंदिरों में लगते रहे मां के जयकारे, परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई

संवाददाता, रुद्रपुर/बाजपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर सुबह से ही पूरा शहर मां की भक्ति में सराबोर नजर आया। नवरात्रि के प्रथम दिन मां के स्वरूप 'शैलपुत्री' की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

गुरुवार तड़के से ही घरों में साफ-सफाई और स्नान के बाद लोग मंदिरों की ओर रुख करने लगे। लक्ष्मी नारायण मंदिर, अटरिया देवी मंदिर, मनकामेश्वर और वैष्णो देवी मंदिर समेत सभी प्रमुख देवालयों में घंटों और भजनों की गूंज सुनाई दी। नगर निगम और मंदिर समितियों द्वारा की गई विशेष व्यवस्था के कारण मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। दिनभर चले भजन-कीर्तन और ''जय माता दी'' के जयकारों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। प्रशासन और नगर निगम की सक्रियता से सफाई और सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी देखने को मिले।

बाजपुर में हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर, रामराज रोड के तीन मूर्ति मंदिर और मंडी समिति परिसर सहित विभिन्न देवालयों में दिनभर तांता लगा रहा। घरों में कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय व्रत का संकल्प लिया गया। बाजारों में भी दुकानों पर भारी रौनक देखी गई।



रुद्रपुर के पांच मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। • अमृत विचार



दिनेशपुर के श्री दुर्गा मंदिर हरिपुरा में भजन- कीर्तन करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

### प्रथम दिन कई घरों व मंदिरों में जलाई अखंड ज्योत

**दिनेशपुर :** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर पूजा- अर्चना की। मंदिरों में मां के भजन का दौर चलता रहा। इस मौके कई घरों और मंदिरों में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। गुरुवार को श्री दुर्गा मंदिर हरिपुरा, मदनपुर में पुरोहित शास्त्री कैलाश चंद्र जोशी व यजमान राम सिंह कोरंगा ने पूजा- अर्चना के साथ मंत्रोच्चारण के बीच अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की। इस मौके पर नगर के श्री बालाजी मंदिर, शिव मंदिर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में प्राचीन शिव मंदिर रामबाग, दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़, चरनपुर, खटोला, ललपुरी, दलीपनगर, लालपुरी, कूल्हा, तिलपुरी, धीमरी ब्लॉक व जयनगर आदि मंदिरों में प्रातः से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके पर नीरज सिंह कोरंगा, दीपा रावत, रिंकी कोरंगा, सुनीता रावत, गीता कोरंगा, गीता पांडे, भावना कोरंगा, प्रकाश पांडे, इंद्रा कोरंगा, कमल सिंह कोरंगा, गोपाल सिंह पपोला, गोविंद सिंह कोरंगा, भुपाल सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला मौजूद रहे।

### पर्वतीय शक्ति कीर्तन मंडली की महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा

**शक्तिफार्म :** हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन पर्वतीय शक्ति कीर्तन मंडली की महिलाओं ने नगर में आस्था और भक्ति से ओत-प्रोत भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान पूरा वातावरण माता के जयकारों से गूंज उठा और नगर भक्तिमय रंग में रंग गया। गुरुवार को टैगोर नगर मार्ग से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा सनातन धर्म मंदिर तक पहुंची। सैकड़ों महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए माता रानी के जयकारे लगाए। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और मार्ग भर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। मंदिर पहुंचने के बाद महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं हवन पूजन किया। इसके पश्चात श्रद्धा स्वरूप माता के दरबार में 11 किलो का विशाल घंटा भेंट किया गया, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। इस अवसर पर गोदावरी पंत, शांति तिवारी, पुष्पा पंत, हंसी त्रिपाठी, मेघा नेगी, हेमा बिष्ट, आशा चंद, अंजलि रावत, प्रेमा रावत, शांति रावत, शीला दिगारी, हंसा बिष्ट, गोविंद पोखरिया, विक्रम सिंह भंडारी, दिनेश तिवारी, कुंदन सिंह कुंजवाल, रविंद्र अग्रवाल, सुमंत विश्वास, मोहित बिष्ट, गौरव बिष्ट आदि उपस्थित रहे।



शक्तिफार्म में शोभायात्रा निकालतीं पर्वतीय शक्ति कीर्तन मंडली की महिलाएं। • अमृत विचार

# शांतिपुरी में प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी नंबर 4 स्थित ऐतिहासिक प्राचीन बट वृक्ष देवी मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद गुरुवार को क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा। नवनिर्मित मंदिर में देवी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के साथ सुबह 10 बजे मंदिर परिसर से शुरू हुई यह यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्तिभाव के साथ हिस्सा लिया, वहीं देवी की नवीन मूर्ति का नगर भ्रमण कराया गया। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और फल-प्रसाद वितरण कर यात्रा का स्वागत किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष तारा सिंह दानू ने बताया कि यह मंदिर अंग्रेजी शासन काल से भी पूर्व का है, जिसका हाल ही में जीर्णोद्धार किया गया है। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शंकर दत्त जोशी, प्रकाश चंद जोशी, भुपाल सिंह कोरंगा, राजेंद्र त्रिपाठी, देवकीनंदन पांडे ललित बिष्ट, पूर्व प्रधान नारायणी कोरंगा, क्षेत्रपंचायत सदस्य गंगा दानू उपस्थित रहे।



शांतिपुरी में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। • अमृत विचार

# मां बसंती पूजा की तैयारियां जोरों पर

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र पर होने वाली बसंती पूजा की तैयारी जोरों पर है। महिलाओं ने नगर में शोभायात्रा निकालकर कदली छेदन कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मां बसंती के जयकारों से नगर गूंज उठा।

गुरुवार को महिला संगठन के तत्वावधान में महिलाएं दुर्गा मंदिर प्रांगण में एकत्र हुईं। यहां से सभी महिलाएं शोभायात्रा के रूप में मां बसंती के जयकारा लगाते हुए पूर्व में निर्धारित स्थान पर पहुंचीं। यहां पुरोहित बनमाली चक्रवर्ती ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कदली वृक्ष की पूजा-अर्चना की। जयकारे के बीच वृक्ष से कच्चे केले की कांद को काटकर मंदिर परिसर में लाकर स्थापित किया गया। 24 मार्च से शुरू होने वाले पांच दिवसीय बसंती पूजा महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस मौके पर माया बनर्जी, शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, जमुना मंडल, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, सावित्री मंडल, शोष्ठि ढाली, श्रति राय, पारुल मंगल, रीता गाइन मौजूद रहीं।



दिनेशपुर में वृक्ष की पूजा- अर्चना करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

# काशीपुर व जसपुर के मंदिरों में रही रौनक

संवाददाता, काशीपुर/जसपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि के पहले नवरात्र में मंदिरों में श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना के लिये भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने माता से अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

काशीपुर में बृहस्पतिवार को पहला नवरात्र बड़े हर्षोल्लास व धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर के मां बाल सुंदरी देवी मंदिर, मां शीतला देवी मंदिर, मां चामुंडा देवी मंदिर, मां मनसा देवी मंदिर, मां गायत्री देवी मंदिर, मां नव दुर्गा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालु महिला-पुरुष सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे। नवरात्र के पहले दिन काशीपुर के बाजार में जाम की स्थिति बनी रही। बाजार में लोग खरीदारी करते हुए नजर आये। नवरात्र को लेकर भक्तों ने माता के वस्त्र, आसन समेत पाठ के लिए किताबों, कैलेंडर और मूर्तियों की खरीदारी भी कर ली है। पूजन सामग्री की दुकानों पर भीड़ दिखी। पूजन की दुकानों पर लोग माता की मूर्तियों को पसंद करते देखे गए। इधर जसपुर में हिंदू नव संवत्सर के साथ चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो गया है। प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गयी। सुबह से ही घरों और मंदिरों में विशेष रौनक देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त में अपने घरों में घटस्थापना की। विधि विधान के साथ अखंड ज्योति जलाई गई और व्रत रखकर सुख समृद्धि की कामना की। माता के भक्तों ने पर्व के मौके पर पारंपरिक पकवान बनाये तथा भोग लगाया। नगर के प्रमुख मंदिरों को फूलों एवं बिजली की झालरों से सजाया गया। ठाकुर मंदिर, धर्मशाला मंदिर, काली माता मंदिर में स्थापित माता सरस्वती, माता जगदम्बा, माता गायत्री एवं माता गंगा की पूजा की गयी।



काशीपुर के मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

# गूलरभोज में बकायेदारों से चार लाख रुपये वसूले

संवाददाता, गूलरभोज

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग ने बकाया बिल वसूली को लेकर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान चार लाख की वसूली की गई। लगभग दो दर्जन कनेक्शन काटे गए।

गुरुवार को विद्युत विभाग के अवर अभियंता महताब अली के नेतृत्व में शिव मंदिर परिसर में विद्युत विभाग द्वारा शिविर लगा गया। शिविर में बकायादारों से चार लाख रुपये की वसूली की गई। दो दर्जन बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए। अवर अभियंता महताब अली ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं और बकायादारों से अपील की जल्द से जल्द अपना बकाया बिल जमा करवाए। जेई महताब अली ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते बकाया भुगतान जमा नहीं किया गया, तो विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया विभाग की ओर से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर टीमों द्वारा शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में किसी तरह की परेशानी न हो सके। शिविर में यशपाल सिंह चौहान, अमरेश तरफदार, महेंद्र सिंह, चंदन सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# जात्रा नाटक का शुभारंभ किया

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** गुरुग्राम के हरि गुरुचांद धर्म मंदिर में आयोजित वारुणी महोत्सव के तीसरे दिन, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल और तारकनाथ धाम मंदिर समिति अध्यक्ष देवाशिष पोद्दार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बुधवार शाम पीलीभीत से आए लोक कलाकार लक्ष्मीकांत मंडल और स्थानीय कलाकार शर्मिला चिंतापात्र एवं पूजा विश्वास ने भजन की प्रस्तुति दी। भजन के माध्यम से कलाकारों ने मतुआ धर्म संस्थापक हरिचांद ठाकुर के जीवन चरित और उनके दर्शन का गुणगान किया। इसके बाद रात को स्थानीय कलाकारों ने सामाजिक व पारिवारिक सरोकार से ओत प्रोत बांग्ला जात्रा नाटक काजोल रेखा का भावपूर्ण मंचन किया। मंदिर कमेटी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि सुमित मंडल और देवाशीष पोद्दार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष जयंत मंडल, किरन बसु, तापस मिस्त्री, रविंद्र विश्वास, सुधांशु सिकदार, श्रीकांत विश्वास, पूर्णेंदु खान, टोमस साना, साधन शिकारी, मदन मंडल, नकुल विश्वास, रुईदास मजूमदार, जयदेव मजूमदार आदि मौजूद थे।



नगर पंचायत चेयरमैन को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजन समिति के सदस्य।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौला पुल के समीप हुए एक भीषण सड़क हादसे में मुरादाबाद निवासी 28 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित कुमार पुत्र रामपाल सिंह, निवासी ग्राम खबरिया घाट, मुरादाबाद (यूपी) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, अमित एक दवा कंपनी में मार्केटिंग एजेंट था और गुरुवार शाम सितारगंज से टूर कर किच्छा की ओर लौट रहा था। इसी दौरान गौला पुल के पास उसकी बाइक एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर अनियंत्रित हो गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना मिलते ही पुलभट्टा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर मोर्चरी भेज दिया। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि टक्कर मारकर फरार हुए वाहन का पता लगाया जा सके। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया है।

# बाल श्रम को लेकर की छापेमारी

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** सितारगंज में एक निजी कंपनी में बाल श्रम कराने का मामला सामने आने के बाद श्रम विभाग ने कंपनी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। मामले में श्रम विभाग की डीटीएफ टीम ने छापेमारी कर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। साथ ही, पुलिस ने कंपनी मालिक के खिलाफ किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया है।

- **चालान के बाद कंपनी मालिक पर दर्ज कराई प्राथमिकी**

20 फरवरी को किच्छा बाईपास रोड पर स्थित अग्रवाल फ्लेक्सिबल पैकेजिंग कंपनी में काम करते समय एक किशोर का लेमिनेशन मशीन में हाथ आ गया था। इससे उसका दायां हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया था। जिस कारण उसका अंगूठा काटने की नौबत आ गई। वहीं, मामले में पीड़ित की मां पूजा देवी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से शिकायत कर न्याय की मांग की थी।

श्रम परिवर्तन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आने के बाद किशोर श्रमिक और उसके माता-पिता का बयान दर्ज किया गया। जिसके बाद कंपनी का निरीक्षण किया गया। जिसमें गांव गौठा निवासी 16 वर्षीय रोहित के कंपनी में हेल्पर के पद पर कार्य करने की पुष्टि हुई। साथ ही, पूछताछ में 20 फरवरी को किशोर श्रमिक के साथ हुई घटना की भी जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि कंपनी में बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 का संशोधित अधिनियम 2016 की धारा 3 (ए) का उल्लंघन होना पाया गया।

वहीं, मामले में पुलिस ने अग्रवाल फ्लैक्सिबल पैकेजिंग कंपनी के मालिक प्रिंस मित्तल के खिलाफ बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 की धारा 14 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया है।

डीटीएफ टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट, एएसआई ममता कुटियाल, कांस्टेबल नीलम, चाइल्ड हेल्पलाइन से निकिता राणा, रेखा अधिकारी, एनजीओ से संगीता गुप्ता, ओवैस खान, दिनेश कुमार और चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।

# कार की चपेट में आने से युवक की मौत

**खटीमा:** बाईपास पर कार और बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार कुटरी पहेनियां बाईपास पर जनकपुर, प्रतापपुर किच्छा निवासी जसवंत सिंह (28) पुत्र बलदेव सिंह अपनी बाइक से चकरपुर की ओर जा रहा था। उसी समय चकरपुर की ओर से तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मार दी।जिसमें जसवंत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और दोनों वहां भी क्षतिग्रस्त हो गए। नागरिक अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शिक्षण के साथ खेलों का ज्ञान जरूरी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट स्व. चि. राहा राइका दिनेशपुर में विद्यालय के वार्षिकोत्सव इन्द्रधनुष का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के मेधावी, सांस्कृतिक व क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका सम्मूति का विमोचन किया गया।

विद्या वाटिका का उद्घाटन उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव बीपी सिमल्टी व प्रधानाचार्य डॉ. मधुसूदन मिश्र ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, योगाभ्यास, संगीत के रंगारंग सांस्कृतिक तथा एनसीसी प्रशिक्षण संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय के पुत्र अतुल पांडेय ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदप्रकाश अंकुर व संचालन नमिता मंडल ने किया। इस मौके पर हास्य कवि राजकुमार भंडारी, सुभाष चंद्र शुक्ल, जेएम अग्रवाल, इन्द्रजीत तिवारी, विक्रम पंत, आनन्द सिंह भंडारी, ललित मोहन देवराड़ी, भगवती पपनोई, गीता रानी रॉय, रंजना दुबे, गीता मेहरा, केएस मेहता, जीसी जोशी, संतोष कुमार टम्टा, राजकुमार अरोरा, बंशीधर पाण्डेय, मनोज पाण्डेय मौजूद रहे।




दिनेशपुर में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। • अमृत विचार

# काशीपुर का ऐतिहासिक चैती मेला शुरू

## सांसद अजय भट्ट ने हवन पूजन कर ध्वजारोहण से किया मेले का शुभारंभ, छोलिया नृत्य बना आकर्षण

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक मां बाल सुंदरी देवी शक्तिपीठ पर लगने वाले चैती मेले का पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण कर फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। सांसद अजय भट्ट ने लोगों को भारतीय नव वर्ष और चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दीं।

गुरुवार को मां बाल सुंदरी देवी मंदिर पहुंचे सांसद अजय भट्ट, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, वरिष्ठ भाजपा नेत्री मुक्ता सिंह ने पूजा अर्चना की। पंडित दयाशंकर जोशी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई। उसके बाद मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया। सांसद सहित पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा के पुत्र एनसी बाबा ने अतिथियों के साथ चैती मेला मुख्य गेट पर फीता काटकर चैती मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

सांसद अजय भट्ट ने कहा कि मां दुर्गा के नौ अवतार सभी जनमानस को नौ दिव्य गुणों का आशीर्वाद दें और लोगों के जीवन की सभी समस्याओं से रक्षा करें। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर मेले का आनंद उठाएं और माता का आशीर्वाद प्राप्त करें।



काशीपुर में चैती मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते सांसद अजय भट्ट व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार



चैती मेले में छोलिया नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

### कड़ी सुरक्षा में मंदिर पहुंचेगा मां का डोला

**काशीपुर :** मंदिर के मुख्य पंडा विकास कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि 25 मार्च की अर्द्धरात्रि मां के डोले में मां की प्रतिमा को लेकर मोहल्ला पक्काकोट-कानून गोयान में पूजा अर्चना के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में वह स्वयं चैती मंदिर पहुंचेंगे, जहां माता की प्रतिमा श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ विराजमान कर दी जाएगी। बताया कि 31 मार्च की अर्द्धरात्रि मां की प्रतिमा को पंडा मनोज कुमार अग्निहोत्री डोले में लेकर चैती मंदिर से नगर स्थित पंडा निवास लेकर जाएंगे।

### सौ सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी मेले पर नजर

**काशीपुर :** मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ होने के साथ ही असामाजिक तत्व चोरी, जहरखुरानी समेत अन्य घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे में इस बार सुरक्षा को देखते हुए मंदिर परिसर में 32 सीसीटीवी समेत पूरे मेले में 100 सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं। जिनसे हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी और खासतौर पर महिलाओं के साथ कोई छेड़खानी ना हो उसके लिए पुलिस प्रशासन ने सादी वर्दी में भी महिला पुलिस को तैनात किया है।

### ये जनप्रतिनिधि व लोग रहे मौजूद

पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, पूर्व मेयर ऊषा चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा आशीष गुप्ता, भाजपा महामंत्री अमित सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष अलका पाल, पार्षद अनिल कुमार, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एसपी स्वप्न किशोर सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला, गुरविंदर सिंह चंडोक, मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री, वंश गोपाल अग्निहोत्री, कृष्ण गोपाल अग्निहोत्री, पंडा शिवदत्त, मनोज अग्निहोत्री, पंडा संदीप अग्निहोत्री, सीमा चौहान आदि मौजूद रहे।

## अरब में रहने वाले भाई के नाम पर ठगी

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** साइबर ठगों ने कुंडा थाना क्षेत्र के एक युवक से उसके सऊदी अरब में रहने वाले भाई के नाम पर 2 लाख 20 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर डाली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम बाबरखेड़ा निवासी पीड़ित नदीम हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 12 फरवरी को उसके पास एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को नदीम का फुफेरा भाई ''बाबू'' बताया, जो वर्तमान में सऊदी अरब में रहता है। जालसाज ने विश्वास में लेते हुए कहा कि उसके दोस्त नीमू की माता अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें पैसों की सख्त जरूरत है। उसने भरोसा दिलाया कि वह सऊदी से जल्द ही रियाल भेजकर पैसे लौटा देगा। भाई की परेशानी देख नदीम ने आनन-फानन में अपने और परिचितों के एसबीआई, कोटक महिंद्रा और एक्यूटेस बैंक खातों से बताए गए नंबर पर कुल 2.20 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। यह राशि कथित डॉ. विशाल कुमार के खाते में भेजी गई। पैसे भेजने के बाद जब नदीम ने दोबारा उस नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, तो फोन नहीं उठा। संदेह होने पर जब असली भाई से संपर्क हुआ, तब पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित ने थाना कुंडा में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही और अपनी रकम की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हिंदू त्योहारों का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया

**काशीपुरः** श्री कायस्थ सभा काशीपुर ने हिंदू परिवारों को हिंदू त्योहारों का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया। सभा के अध्यक्ष अमिताभ सक्सेना एडवोकेट के दिशा निर्देशन में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने घर-घर जाकर परिवारों से संपर्क स्थापित किया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के साथ बाजार स्थित व्यापारियों के बीच पहुंचे। कैलेंडर वितरण कार्यक्रम में संस्था के सचिव राजेश कुमार सक्सेना, उपसचिव कुलदीप श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य राजेश चंद्र सक्सेना, अनिल सक्सेना, सेक्टर संयोजक रजनीश सक्सेना, कविता सक्सेना, सुनीता चक्रपाणि, सुनीता सक्सेना सहित आदि रहे। सभा की ओर से इस पहल में मुख्य सहयोग प्रदान करने के लिए संरक्षक डॉ. सुधांशु माथुर, उपसचिव अरविंद सक्सेना (बंटी) एवं संस्था संरक्षक मनीष श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया।

## सिटी ब्रीफ

### कुंडेश्वरी इलाके में एक माह से दिख रहा तेंदुआ

**काशीपुर :** ग्रामीण क्षेत्र के कुंडेश्वरी इलाके में एक माह से लगातार तेंदुआ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने तेंदुआ आने की सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया है। काशीपुर रेंज के रेंजर देवेंद्र रजवार ने बताया कि बरखेड़ी और आईआईएम क्षेत्र में कुछ दिनों से तेंदुआ दिख रहा है। तेंदुआ आबादी के पास आ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों की सूचना के बाद वन कर्मियों की क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। वहीं ग्रामीणों को सतर्क रहने और तेंदुआ दिखाई देने पर वन कर्मियों को सूचना देने को कहा गया है।

### श्रमिकों का नवीनीकरण अंतिम दौर में

**काशीपुर :** श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों का नवीनीकरण चल रहा है, जो अब अंतिम दौर में है। श्रम विभाग में श्रमिकों की भीड़ लगी हुई, जो अपना नवीनीकरण कराने आ रहे हैं। काशीपुर के श्रम विभाग कार्यालय में काशीपुर, जसपुर के श्रमिक पंजीकृत हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि कार्यालय में काशीपुर और जसपुर के कुल 18 हजार श्रमिक पंजीकृत हैं। पंजीकृत श्रमिकों को हर तीन साल में अपना नवीनीकरण कराना होता है। जिन श्रमिकों का नवीनीकरण 36 महीनों में नहीं हुआ है, उन्हें ठेकेदार का प्रमाण पत्र लाना होता है। ताकि उनका पंजीकरण हो सके।

### हल्की बूंदाबांदी से मौसम में आई ठंडक

**काशीपुर :** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद दिन भर आसमान में बादल छाये रहे। दोपहर 12 बजे से लेकर तीन बजे तक बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज गई, जो 25 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम के जानकारों के अनुसार शुक्रवार को भी बारिश होने की संभावना है। अभी सप्ताह तक मौसम में बदलाव नजर आएगा।

### छापेमारी में चार जगह बिजली चोरी पकड़ी

**बाजपुर :** विद्युत विभाग और सतर्कता इकाई कुमाऊं की संयुक्त टीम ने बाजपुर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी के चार बड़े मामले पकड़े हैं। उपखंड अधिकारी गिरीश चंद्र पांडे के नेतृत्व में टीम ने ग्राम भस्सुवाला हजीरा और आसपास के इलाकों में छापेमारी की। जांच के दौरान कुलवंत सिंह, रजविंदर सिंह, प्रिंस सिंह और बलविंदर सिंह के परिसरों में अवैध केबल के जरिए बिजली चोरी पाई गई। टीम ने मौके से भारी मात्रा में अवैध केबल जब्त कर उसे सील कर दिया है। विभाग की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो आरोपी गिरफ्तार 50 किलो मांस बरामद

**बाजपुर :** थानाध्यक्ष धर्मवीर सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस ने फिदानगर मोहल्ले में छापेमारी कर अवैध मांस के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। बीती रात हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने मोहम्मद रफी और उसके पुत्र सलमान को रंगे हाथों मांस काटते हुए गिरफ्तार किया। मौके से करीब 50 किलो मांस, दो जिंदा मवेशी और मांस काटने के उपकरण (छुरी, कुल्हाड़ी आदि) बरामद किए गए हैं। पशु चिकित्सक द्वारा जांच में मांस मवेशी का होने की पुष्टि के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी

**बाजपुर :** वार्ड नंबर-11 पहाड़ी कॉलोनी निवासी एक युवक को व्हाट्सएप कॉल और मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार, 18 मार्च की रात करीब 11:30 बजे भौना इस्लामनगर निवासी एक युवक ने उसे फोन कर धमकाया और गाली-गलौज की।

## बीमा कंपनी दे 37.50 लाख रु. का मुआवजा

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण/द्वितीय अपर जिला जज रितेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए, सड़क हादसे में जान गंवाने वाले वन दरोगा के परिजनों को 37 लाख 50 हजार रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। यह राशि विपक्षी बीमा कंपनी द्वारा अदा की जाएगी।

अमानगढ़ रेंज में तैनात 57 वर्षीय वन दरोगा श्रीपाल उर्फ राम सिंह 12 जुलाई 2024 को अपनी ड्यूटी पर थे। वह अपनी मोटरसाइकिल यूके 06 टी 4915 से काशीपुर-जसपुर नेशनल हाईवे पर वन चौकी मकोनिया जा रहे थे। रास्ते में राजा जी पेट्रोल पंप के पास वह लघुशंका के लिए रुके थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक पीबी 05-एस-8957 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। मृतक के पुत्र राहुल कुमार ने थाना जसपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद मृतक की पत्नी और पुत्रों ने अधिवक्ता अब्दुल सलीम के माध्यम से क्लेम याचिका दायर की। मुकदमे के दौरान अधिवक्ता अब्दुल सलीम ने मृतक की पत्नी, चश्मदीद गवाह और क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ के साक्ष्यों को मजबूती से पेश किया।

## पिता-पुत्र पर किया जानलेवा हमला

**काशीपुरः** स्कूल से लौट रहे एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के बाद, आरोपियों ने उसके पिता पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। घायल के सिर में चार टांके आए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विजय नगर नई बस्ती निवासी शायरा ने तहरीर देकर बताया कि 12 मार्च को उसका पुत्र कामिल अपने दोस्तों के साथ स्कूल से लौट रहा था। तभी क्षेत्र के ही आजम, अरशद, फैजान और शानै आलम ने बिना कारण कामिल के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। विरोध करने पर चारों आरोपियों ने कामिल के पिता मुस्तकीम को रास्ते में घेर लिया और उनके सिर पर लोहे की राड से हमला कर दिया।

## फायर सीजन में मुस्तैद रहने के निर्देश

● **सीएफओ कटारिया ने किया फायर स्टेशन का निरीक्षण**

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** सीएफओ ने फायर स्टेशन काशीपुर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फायर सीजन को लेकर फायर कर्मियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिये गए हैं।

सीएफओ ईशान कटारिया ने बृहस्पतिवार को परेड की सलामी ली। फायर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने फायर टेंडर और हौच के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने समस्त कर्मचारियों से आपदा उपकरणों का संचालन भी करवाया। इस दौरान फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने खोज ड्रिल, लैडर ड्रिल समेत विभिन्न प्रकार की नोजल का प्रदर्शन किया। सीएफओ ने बताया हाल ही में फायर ब्रिगेड में सीएसआर से मरम्मत का कार्य कराया गया। बताया जिले के सभी फायर स्टेशनों में पर्याप्त संख्या में फायर टेंडर व अन्य आवश्यक उपकरण मौजूद है। इसके अलावा अगले तीन से चार माह में जिले में आधा दर्जन से अधिक फायर टेंडर मिलने की उम्मीद है। यहां अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह, लीडिंग फायरमैन विजेंद्र सिंह, चालक सुमित पवार, चालक दीपक राठौर, फायरमैन सोहन सिंह, फायरमैन अर्जुन सिंह, फायरमैन आकाश गैरोला, फायरमैन सनी कुमार, महिला फायरमैन ज्योति, आरती, नमिता आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में फायर कर्मियों से जानकारी लेते सीएफओ। ● अमृत विचार

## युवक को बंधक बनाकर पीटा

**काशीपुर :** थाना कुंडा क्षेत्र में एक युवक को काम के बहाने बुलाकर बंधक बनाकर पीट दिया। पीड़ित का आरोप है कि उसके रिश्तेदारों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उस पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रामपुर, यूपी निवासी वसीम अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह फॉल सीलिंग का काम करता है। बताया कि उसे पिछले कुछ दिनों से एक अज्ञात नंबर से काम देने के बहाने लगातार फोन आ रहे थे। 24 फरवरी को जालसाजों ने उन्हें सिद्धू रेस्टोरेंट, हाईवे के पास एक लोकेशन पर बुलाया। जब वह अपने मामा के साथ वहां पहुंचा, तो उन्हें एक निर्माणाधीन रेस्टोरेंट में ले जाया गया और मारपीट की।

## अपनी जमीन के लिए तरसा एनआरआई

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार :** बाबा अदली गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब अपनी जमीन और मकान वापस पाने की गुहार लेकर आए एक एनआरआई परिवार की पंचायत के बाद दूसरे पक्ष ने अभद्रता कर दी। मामले में गुरुद्वारा परिंदा कमेटी के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह जिंदा के नेतृत्व में पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

स्वीडन निवासी पीड़ित अजमेर सिंह ने बताया कि वह पिछले 30 वर्षों से विदेश में रह रहे हैं। आरोप है कि चार-पांच साल पहले उनके चचेरे भाई ने घर बनाने तक उनका मकान रहने के लिए लिया था, लेकिन अब खाली करने से इनकार कर दिया है। पीड़ित का सामान घर से बाहर फेंक दिया गया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

गुरुवार को इसी विवाद को सुलझाने के लिए गुरुद्वारा साहिब में संगत की पंचायत बुलाई गई थी। आरोप है कि पंचायत के बाद गुरुद्वारे से बाहर निकलते ही दूसरे पक्ष ने पीड़ित परिवार और संगत के साथ दुर्व्यवहार किया। परिंदा कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पीड़ित को न्याय नहीं मिला, तो संगत बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।



पंचायत में संगत को जानकारी देते अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा। ● अमृत विचार

## नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**बाजपुर :** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, ग्राम विक्रमपुर निवासी दीप सिंह उर्फ दीपू ने करीब ढाई साल पहले 22 वर्षीय युवती को नौकरी दिलाने के बहाने जाल में फंसाया। आरोप है कि इंटरव्यू के नाम पर एक होटल में बुलाकर युवती को नशीला पदार्थ पिलाया गया और उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना ली गई। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार युवती का शारीरिक शोषण करता रहा।

## सार्वजनिक स्थानों पर नमाज की अनुमति नहीं

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना प्रांगण में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष धर्मवीर सोलंकी ने स्पष्ट किया कि शासन के दिशा-निर्देशानुसार ईद की नमाज केवल निर्धारित ईदगाहों और मस्जिदों में ही अदा की जाएगी। किसी भी सार्वजनिक स्थान या सड़क पर नमाज की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट या वीडियो के जरिए माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बैठक में जामा मस्जिद के सदर अमानत खां, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद सफी अंसारी आदि मौजूद रहे।



केलाखेड़ा में अमन कमेटी की बैठक करते एसएचओ धर्मवीर सोलंकी। ● अमृत विचार

### पुलिस ने केलाखेड़ा में किया फ्लैग मार्च

**बाजपुर :** आगामी दिनों में ईद के त्यौहार के चलते क्षेत्राधिकारी बाजपुर के नेतृत्व में केलाखेड़ा व गदरपुर की पुलिस फोर्स ने संयुक्त टीम बनाकर केलाखेड़ा में फ्लैग मार्च किया। क्षेत्राधिकारी विभाग सैनी ने बताया कि पुलिस के फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम जनमानस को उसकी सुरक्षा का सुनिश्चित एहसास कराना है। क्षेत्र के सभी लोग सद्भावना व सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद तथा नवरात्रि के त्यौहार को मनाएं। फ्लैग मार्च टीम में क्षेत्राधिकारी विभव सैनी, गदरपुर कोतवाल संजय पाठक, केलाखेड़ा थाना अध्यक्ष धर्मवीर सोलंकी मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष का स्वागत

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** ऊधम सिंह नगर ग्राम प्रधान संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसपाल सिंह जस्सी के प्रथम बार बाजपुर आगमन पर क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान फूलमालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया गया और कार्यक्रम स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान जसपाल सिंह जस्सी ने बाजपुर ब्लाक परिसर में ग्राम प्रधान संघ के कार्यालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों की भूमिका ग्रामीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी को मिलकर गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए संगठन को मजबूत बनाते हुए ग्राम प्रधानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। साथ ही पंचायतों के विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने पर भी जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य पं.जितेंद्र शर्मा 'सोनू', ग्राम प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष मंदीप सिंह नरवाल, सचिव रजविंदर कौर, ग्राम प्रधान विराट देवगन, अराज सिद्धू, रघुवीर सिंह 'रिक्की', पूर्व ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार आदि मौजूद रहे।



कार्यालय का शुभारंभ करते प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष जसपाल सिंह जस्सी।

### गैस सिलेंडर की परेशानी से जूझ रही जनता सरकार को कोस रही: चौहान

**जसपुर :** कांग्रेस विधायक आदेश चौहान ने कहा कि भाजपा राज में जनता सरकार से सुखी नहीं है। लोग घरेलू गैस की किल्लत से परेशान है। लाइन में लग कर घंटों इंतजार कर रही प्रदेश की जनता सरकार को कोस रही है। गुरुवार को भूतपुरी रोड स्थित कार्यालय पर विधायक आदेश सिंह चौहान ने प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम तो बदल दिया। लेकिन नाम बदलने से न तो लोगों को काम ही मिल पा रहा है, और न ही बीते वर्ष के मटेरियल का भुगतान हुआ है। वहीं वर्तमान में गैस के संकट से जनता जूझ रही है। सरकारें लोगों को गैस दिलाने में पूरी तरह से नाकाम हो रही है। आरोप लगाया कि यूपी में भाजपा नेता सिलेंडर जमाखोरी में लगे हैं। भाजपा नेता अनेकों मामलों में लिप्त है। कहा कि 2027 के चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। यहां राजकुमार सिंह, गजेंद्र सिंह, आदित्य गहलोत, मोइनुद्दीन आदि रहे।

**हालात** | विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट पार्क को जाने वाली रामनगर रोड पर आठ किलोमीटर तक गड्ढे ही गड्ढे

## कॉर्बेट पार्क से पहले झेलने पड़ रहे सड़कों के गड्ढे

● **काशीपुर से महज पौन घंटे के रास्ते को पार करने में लग रहे डेढ़ घंटे**

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में जानवरों के दीदार से पहले पर्यटकों को सड़कों के गड्ढे झेलने पड़ रहे हैं। हालात यह है कि काशीपुर से महज 28 किलोमीटर दूर रामनगर पहुंचने के लिये जहां पौन घंटा लगता था, वह दूरी अब सड़कों के गड्ढों की वजह डेढ़ घंटे की हो गई है।

दरअसल रामनगर रोड पर वर्तमान में गांव धनौरी से मुरादाबाद के लिये बाईपास का निर्माण चल रहा है। साथ ही इस मार्ग पर रामनगर स्थित कार्बेट पार्क भी पड़ता है। काशीपुर से रामनगर की दूरी महज 28 किलोमीटर की है। जिसे महज पौन घंटे में तय किया जा सकता है। लेकिन मौजूदा हालात में इस सड़क की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। बता दें कि कॉर्बेट पार्क में जानवरों के दीदार करने के लिये पूरे देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। ऐसे में रामनगर जाने के लिये काशीपुर से होकर गुजरना पड़ता है। वर्तमान में काशीपुर से लेकर प्रतापपुर तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है। इस मार्ग पर अब सड़क कम रह गई है और गड्ढे ही गड्ढे हो गये हैं। लोगों के मुताबिक इसी मार्ग से रात में भारी संख्या में कई क्विंटल खनिज लेकर खनन वाहन भी गुजरते हैं। जिससे सड़कों की दुर्दशा हो गई है। हालात यह है कि आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।



काशीपुर में रामनगर रोड पर उखड़ी पड़ी सड़क। ● अमृत विचार

> काशीपुर-रामनगर रोड की मरम्मत के लिये नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ईई को पत्र लिखा जाएगा। कोशिश की जाएगी कि जल्दी इस मार्ग की मरम्मत हो जाए।
> **-त्रिलोक सिंह चीमा**, विधायक, काशीपुर

> काशीपुर से रामनगर के बीच 16 किलोमीटर फोरलेन का निर्माण होना है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। वहीं रामनगर से काशीपुर को लेकर पेच वर्क चालू है। जल्द ही इसकी मरम्मत कर दी जाएगी।
> **-आशुतोष**, ईई, एनएचएआई

## ब्रीफ न्यूज

### जतिन रावत का नवोदय विद्यालय में चयन



**बैरती (अल्मोड़ा):** क्षेत्र के नव प्रभात हाईस्कूल बसभीड़ा के पांचवीं के छात्र जतिन रावत (बरलगांव) का नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत हेतु चयन हो गया है। विद्यालय प्रबंधक किरन कुमार पांडेय ने इस आशय की जानकारी दी। छात्र जतिन की मां कमला एवं पिता गोपाल सिंह रावत हैं। चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### शादी में दो गुटों में हुई जमकर मारपीट

**सितारगंज:** शादी में दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दरिया नगर, रुद्रपुर निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि 20 फरवरी को उसका बेटा उदय कुमार व उदित कुमार अपने साथी कमल व दीपेश के साथ गांव इंदिरा नगर, सितारगंज निवासी पूरन लाल की बेटी की शादी में गया था। वहां गांव वीरेंद्र नगर और बलवाटोला से आए अभिमन्यु, राजा, अभय, शुभम और सागर ने मिलकर उसके बेटों व उसके साथियों के साथ मारपीट की। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए उप जिला अस्पताल सितारगंज में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

### 25.82 ग्राम स्मैक सहित बाइक सवार गिरफ्तार

**खटीमा:** चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक जो मोटरसाइकिल से आ रहा था और पुलिस को देखते ही वापस लौटने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने दबोच लिया। उसने स्वयं को देवीपुरा थाना नानकमता निवासी गुरमेज सिंह उर्फ गेजू बताया। पुलिस ने तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 25.82 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### हत्याकांड के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**खटीमा:** आरिफ हत्याकांड में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजू सिंह मुंडे ने मई 2022 में हुए इस जघन्य अपराध पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। आरोपी आजाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर आरिफ की गला काटकर हत्या कर दी थी, जिसका शव सुरई रेंज के जंगल में मिला था। शासकीय अधिवक्ता सौरभ ओझा ने अदालत में 10 गवाह पेश किए। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने जमौर निवासी आजाद और पंजाब के आशीष व विजय सिंह को दोषी करार दिया, जबकि एक अन्य आरोपी को साक्ष्य अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

---

नगर के सिद्धबाबा नौला से नंदादेवी मंदिर तक निकली शोभायात्रा, पारंपरिक वेष भूषा में सज धज महिलाओं ने झोड़े से जमाया रंग

# अल्मोड़ा में हिन्दू सेवा समिति ने निकाली सांस्कृतिक शोभायात्रा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नव संवत्सर के स्वागत में गुरुवार को हिन्दू सेवा समिति की ओर से अल्मोड़ा नगर में भव्य सांस्कृतिक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं, बच्चे, कलाकार और अन्य लोग माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।

सांस्कृतिक शोभा यात्रा पलटन बाजार स्थित सिद्ध नौला से शुरू हई। शोभा यात्रा थाना बाजार, गंगोला मोहल्ला, जौहरी बाजार, हुक्का क्लब, रघुनाथ मंदिर, कहचरी बाजार, लोहाशेर बाजार, चौक बाजार, लाला बाजार होते हुए नंदादेवी मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान सांस्कृतिक दलों, कुमाउनी परिधानों में पहुंची महिलाओं और छोलिया कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। वहीं, पारंपरिक वेष भूषा में सज धज महिलाओं ने मां नंदादेवी मंदिर में झोड़ा गायन कर मां के जयकारे लगाए। इस दौरान भजन-कीर्तन और गायन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अजीत कार्की, संस्थापक सुशील साह, कमल साह, नीरज बोरा, बलवंत राणा, हरीश कनवाल, भैरव गोस्वामी, आशु गोस्वामी, पवन साह, वैभव पांडे, गुंजन चम्याल, दीपक कुमार, अनुप भारती, दिनेश पांडे, दीपक शाह, मनोज वर्मा, अश्विन नेगी, वकुल साह, भूपेंद्र भोज, आशीष वर्मा, पीयूष तिवारी, रवि चौहान, रवि रौतेला, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक रघुनाथ चौहान, निर्मल रावत, दर्शन रावत, अभय साह, विवेक वर्मा, कैलाश गुरारानी, प्रकाश बिष्ट, कमल तिवारी, प्रतेश पांडे, राजेंद्र प्रसाद, नरेंद्र साह, दीपक वर्मा, मनीष कनवाल, अंकुर बिष्ट, हर्षित तिवारी, विपुल कार्की, पूरन रौतेला, बिन्नी वैष्णव, तारु जोशी, दीप डांगी, अमन नज्जौन, कार्तिक साह, ललित, व्योम धनिक, मनीष कनवाल, विशाल कनवाल, राहुल, मोहन भंडारी, विनोद कनवाल, रोहित मेर, राहुल कनवाल, मुकुल, प्रकाश भट्ट, विनीत बिष्ट, राजू तिवारी, जगदीश वर्मा आदि रहे।



अल्मोड़ा में भव्य सांस्कृतिक शोभा यात्रा निकालते हिन्दू सेवा समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### महिला रामलीला का हुआ आगाज

ऐतिहासिक हुक्का क्लब में महिला रामलीला का आगाज हुआ। गुरुवार को मुख्य संयोजक लता तिवारी की अगुवाई में नंदा देवी मंदिर परिसर से मुरली मनोहर तक भव्य सांस्कृतिक झांकी निकाली गई। झांकी में नगर के तमाम लोग शामिल हुए। इसके बाद शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। आज से रामलीला का विधिवत मंचन किया जाएगा।

### नवरात्र पूजन के साथ नव वर्ष का स्वागत

**बैरती (अल्मोड़ा):** क्षेत्र में भी नवरात्र पूजन कार्यक्रम के साथ हिंदू नववर्ष विक्रम संवत २०८ का स्वागत हुआ। नव वर्ष के रौद्र संवत्सर की शुरुआत घरों में कलश स्थापना एवं नवरात्र व्रत व पूजन कार्यक्रम से हुई। क्षेत्र के सभी मंदिरों में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना के साथ नये साल का स्वागत हुआ।

लोगों ने नवरात्र के व्रत रखने के साथ-साथ धर्माचार्यों से नव वर्ष के शुभ फलादेश जानने और एक दूसरे को विक्रम संवत की बधाइयां दी। देवी मंदिर बैरती के कालिकाथान, देवी मंदिर पान, ककनर, उलैनी, भगतोला के बैनर, मेहलचौंरा, सदीगांव, गड़स्यारी, शिवालय-चित्रेश्वर, अखोड़िया, दंतोला, महतगांव, मनसा देवी, सुफल देवी और मां दूनागिरी मंदिर में भी नवरात्र पूजन कार्यक्रमों की धूम रही।

---

# पूर्णागिरि धाम में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

बुधवार की रात से ही पहुंचने लगे थे श्रद्धालु, पहली नवरात्र की सुबह मंदिर में लगी कतार, बैरिकेडिंग के माध्यम से की गई भीड़ को नियंत्रित

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** पहली चैत्र नवरात्रि को मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मुख्य मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही लंबी लाइन लग गई। भारी भीड़ के चलते सीढ़ियों से मुख्य मंदिर तक करीब 500 मीटर के फासले को तय कर देवी दर्शन करने में भक्तों को दो घंटे से अधिक का समय लगा। यात्रा मार्ग भी दिनभर मां के जयकारों से गुंजायमान रहा। जिससे पूर्णागिरि क्षेत्र भक्ति भाव हो उठा। गुरुवार शाम तक 50 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। नेपाल के महेंद्र नगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धबाबा मंदिर में भी हुजुम उमड़ा। जिससे नेपाल के बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिली।

बुधवार की रात से ही श्रद्धालु टनकपुर पहुंचने लगे थे। अधिकांश श्रद्धालु रात में ही पैदल पूर्णागिरि की ओर रवाना हो गए। गुरुवार को पहले नवरात्र पर सुबह चार बजे से ही शारदा घाट में पवित्र स्नान के बाद पूर्णागिरि धाम जाने का सिलसिला शुरू हो गया। भीड़ इतनी अधिक थी कि पार्किंग स्थल भी वाहनों से ठसाठस भरे रहे। दर्शन करने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस ने काली मंदिर से लेकर मुख्य मंदिर तक कई स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर श्रद्धालुओं को दर्शन करवाए। मेला मजिस्ट्रेट डा. ललित मोहन तिवारी लगातार व्यवस्थाओं पर निगरानी बनाए रहे। जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, रैनबसेरे, पेयजल, पथ प्रकाश, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई है। मां पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने बताया कि व्यवस्था को बनाने में मंदिर समिति के स्वयंसेवक भी प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। उचौलीगोठ, गेंडाखाली और रामलीला मैदान में बनाया गया पार्किंग स्थल भर जाने के बाद नायकगोठ पैराग्लाइडिंग सेंटर मैदान में वाहनों की पार्किंग कराई गई। हालांकि भारी भीड़ के कारण कुछ समस्याएं भी सामने आईं। बैराज मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही और पार्किंग स्थलों के भर जाने से लोगों को सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़े। कई जगह गंदगी और कूड़ा भी फैला दिखाई दिया।



मां पूर्णागिरि धाम के पास दर्शन की प्रतीक्षा में कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मोबाइल शौचालयों में पानी न होने से दिक्कत

नायकगोठ पार्किंग स्थल पर लगे दो मोबाइल शौचालयों में पानी न होने से श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोनों शौचालयों की टंकियां फटी होने से पानी बह गया। श्रद्धालुओं को मजबूरन खुले में शौच करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि शौचालयों की स्थिति ठीक न होने के बाद भी उनसे अवैध रूप से 10 रुपया वसूला गया।

पूर्णागिरि मेले में पहली नवरात्र को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए सभी प्रकार की व्यवस्था की गई थीं। कुछ जगह अव्यवस्थाएं होने की शिकायत मिली है। जल्द व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाएगा।
**-जगदीश सिंह नेगी**, तहसीलदार, टनकपुर

### चम्पावत के मंदिरों में भी उमड़ी भीड़

**चम्पावत:** पहली नवरात्र पर चम्पावत के प्रमुख देवी मंदिरों सहित सभी मंदिरों में भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां शैलपुत्री के स्वरूप की आराधना की। हिंगला देवी मंदिर में काफी अधिक भीड़ रही। गोल्ज्यू मंदिर, बालेश्वर मंदिर, नागनाथ मंदिर में भी सुबह से लेकर देर शाम तक पूजा अर्चना करने वालों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दुर्गाशप्तसती पाठ कराकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने भजन कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मां चंपा देवी, डिप्टेश्वर, क्रांतेश्वर, मानेश्वर, हरेश्वर, सप्तेश्वर आदि मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पर्व स्नान के बाद जलाभिषेक किया।

## नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ी आस्था

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। नगर और जिले के ग्रामीण इलाकों के मंदिर सुबह से ही शंख, घंटियों की ध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजते रहे।

गुरुवार को नंदादेवी और चितई मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। वहीं, लोगों ने घरों में कलश की स्थापना की। मौसम साफ रहने से मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं का पूजा के लिए नगर के प्रसिद्ध नंदादेवी मंदिर, त्रिपुरा सुंदरी, उल्का देवी मंदिर, कसारदेवी मंदिर, स्याही देवी मंदिर, बानड़ी देवी मंदिर समेत प्रसिद्ध ग्वल देवता मंदिर चितई, रघुनाथ आदि मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया था।

लोगों ने व्रत रखा और मंदिरों में पूजा कर मातारानी को चुनरी चढ़ाई। भक्तों ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों और घरों में भजन, कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं, नव संवत्सर पर लोगों ने घरों में भी धार्मिक अनुष्ठान कराए। बड़ी संख्या में विशेषकर महिलाओं ने मां की पूजा अर्चना की।



अल्मोड़ा में नंदादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रानीखेत में नवरात्र पर मंदिर परिसर में कीर्तन भजन करतीं महिलाएं।

### पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**रानीखेत, अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र शुरू होते ही संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमयी में हो गया है। प्रथम नवरात्र पर क्षेत्र के सभी मंदिरों में प्रातः काल से ही भक्तजनों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रही। वही मंदिर परिसर में महिला मंडली ने कीर्तन भजन कर संपूर्ण क्षेत्र को भक्तमयी बना दिया। नगर क्षेत्र के शिव मंदिर, झूला देवी, कालिका मंदिर, चिलियानौला प्राचीन शिव मंदिर, मां हरडा देवी मंदिर सहित गनियाद्योली व ताड़ीखेत मंदिरों में भी भक्तजनों ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

---



अल्मोड़ा में गुरुवार को आयोजित बैठक में मंचासीन पत्रकार। ● अमृत विचार

### सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां तेज

**अल्मोड़ा:** 33 वां उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। गुरुवार को समारोह के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस दौरान सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने बताया कि समारोह 24 और 25 मार्च को अल्मोड़ा में होगा। बताया कि पत्रकार स्व. डोभाल की याद में उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह समिति हर साल प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कार्यक्रम आयोजित करती है। कार्यक्रम में पत्रकारिता अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कार दिए जाते हैं। इस वर्ष का कार्यक्रम अल्मोड़ा में होगा। समारोह के पहले दिन नगर के गांधी पार्क से समारोह स्थल तक सांस्कृतिक जुलूस निकलेगा। इसके बाद विशेषज्ञ उत्तराखंड राज्य के 25 वर्ष विषय पर व्याख्यान देंगे। वहीं, अगले दिन 25 मार्च को सम्मान समारोह समिति नामित प्रतिभागियों का सम्मान करेगी। इस मौके पर यहां डॉ. हयात सिंह रावत, प्रकाश पांडे, डॉ. निर्मल जोशी, राजेंद्र रावत, सीएस द्विवेदी, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष कमलेश कनवाल, सचिव अशोक पांडे, उप सचिव कपिल मल्होत्रा, मोहित अधिकारी, रमेश जोशी, किशन जोशी, हरीश भंडारी, नसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## वनों को आग से बचाने की ली शपथ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** द् हंस फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को जिले के विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को वनाग्नि रोकथाम की जानकारी दी गई। साथ ही 15 गांवों की महिलाओं ने वनों को आग से बचाने की शपथ ली।

हंस फाउंडेशन की ओर से जिले के ग्राम पंचायत बीना, हड़ोली, भैसोड़ी, पाटिया, कोटयुड़ा, पिल्खा, बिरोड़ा, टाटिक, सिराड़, कटारमल, तिलोरा, सकनियाकोट, रैत, चनोली और बड़गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्रामीणों को जंगलों में लगने वाली आग के कारणों, उससे होने वाले नुकसान तथा रोकथाम के उपायों के प्रति जानकारी दी गई। इस अवसर पर पराज सांस्कृतिक समिति की टीम ने 'नया सवेरा' नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जंगलों की महत्ता तथा वनाग्नि के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के जरिए बताया गया कि जंगल जल स्रोतों, पशुओं के चारे और पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद जरूरी हैं और उनकी सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। यहां ग्राम प्रधान दीपा नारायण, सुनील बाराकोटी, नीमा आर्या, हर्षपाती रायल, प्रेम बल्लभ पंत, जितेंद्र कुमार, पवन कुमार, प्राची, काव्यांजलि, वन दरोगा पंकज गजारिया, बीट अधिकारी कुणाल, सुभाष, अनिता कनवाल समेत अन्य मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में जागरूकता अभियान चलाते द् हंस फाउंडेशन के सदस्य। ● अमृत विचार

### जिले के सभी स्कूल 'ईट राईट स्कूल' के रूप में होंगे प्रमाणित

**चम्पावत:** डीएम मनीष कुमार की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ्य आहार पर जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। 'ईट राईट इंडिया' अभियान को प्राथमिकता देते हुए डीएम ने सभी विद्यालयों को इसके अंतर्गत प्रमाणित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ को प्रत्येक विद्यालय के लिए 'ईट राईट एंबेसडर' नामित करने तथा प्रमाणित विद्यालयों एवं उनके प्रधानाचार्यों को पुरस्कृत करने के निर्देश भी दिए। कहा कि शिक्षा से पूर्व विद्यार्थियों का स्वस्थ्य होना अत्यंत आवश्यक है।

## साढ़े पांच करोड़ रुपये की भूमि होगी नीलाम

- जिले के भनोली तहसीलदार ने जारी किए आदेश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** आबकारी के करीब साढ़े पांच करोड़ के बकाएदार की भूमि नीलाम होगी। इसके लिए जैंती भनोली एसडीएम ने आदेश जारी किए हैं। नीलामी 23 मार्च को होगी।

एसडीएम सौम्या गर्ब्याल ने बताया कि राधाकृष्ण पुत्र भैरव दत्त निवासी ग्राम कुजेली तहसील भनोली के पास आबकारी का 54349753 रुपया बकाया है। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी बकाए की धनराशि नहीं चुकाई गई है। उप्र जमींदारी एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी की कुजेली स्थित भूमि को 18 अक्तूबर को कुर्क किया गया था। अब 0.178 हेक्टेयर भूमि की नीलामी की तैयारियां की जा रही हैं। बताया कि इस भूमि की नीलामी 23 मार्च को ग्राम कुजेली में होगी। नीलामी की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए नायब तहसीलदार भनोली को विक्रय अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने इच्छुक प्रतिभागियों से अपील की गई है कि वह नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। साथ ही कहा कि बकाया राजस्व आबकारी देय की वसूली के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

---

**सख्ती** धरपकड़ के बाद भी नहीं थम रहा धंधा, छह दिन में पकड़े 31 तमंचे, 68 कारतूस

# युवाओं के हाथों में थमाए जा रहे 'मौत के खिलौने'

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जिले में अवैध हथियारों का बढ़ता चलन और युवाओं में ''टशनबाजी'' का शौक अब एक बड़ी चुनौती बन गया है। आलम यह है कि कोतवाली और थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस लगभग हर दिन किसी न किसी युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर रही है। आखिर वे कौन से हथियार सप्लायर हैं जो किताबों की उम्र में युवाओं को ''मौत के खिलौने'' थमा रहे हैं।

एसएसपी अजय गणपति कुंभार के कमान संभालते ही अवैध हथियारों और सोशल मीडिया पर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। पुलिस द्वारा चलाए गए महज छह दिवसीय विशेष अभियान के नतीजे चौंकाने वाले रहे। इस दौरान जनपद पुलिस ने 19 मुकदमे दर्ज कर 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 31 तमंचे, एक होम-मेड पिस्टल, 65 जिंदा कारतूस और तीन खोखे बरामद किए गए। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की इतनी सख्ती के बावजूद हथियारों की सप्लाई थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि पुलिस ने सप्लायर बंटी कोली जैसे अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है।

### ट्रांजिट कैंप पुलिस ने फिर पकड़ा तमंचेबाज

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने तीन दिन में तीसरी गिरफ्तारी करते हुए हंसराज उर्फ हंसू निवासी पदमा कॉलोनी रुद्र बिलास यूपी से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त की उम्र महज 19 साल है और मंगलवार की रात्रि पुलिस ने जिस जस्सी नाम के युवक की गिरफ्तारी की थी। उसकी उम्र भी 19 साल के करीब थी। पूछताछ में युवक का कहना था कि तमंचा उसके दोस्त ने दिया था और वह यूपी से आकर थाना ट्रांजिट कैंप में तमंचा दिखाकर टशनबाजी दिखा रहा था। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या कम आयु के युवाओं को हथियारों का शौक पैदा कर तराई भावर में उभरते हुए बदमाशों का गिरोह बनाने की तैयारी है।



जिले का कार्यभार ग्रहण करने के बाद उनका मकसद तमंचे और ओवरलोड वाहनों की रोकथाम करना है। जिले में अभियान चलाकर रोकथाम के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया पर तमंचों के प्रदर्शन पर काफी हद तक रोक लगाई गई है। पुलिस मुख्य हथियार सप्लायर को चिह्नित कर रही है और तमंचों के साथ पकड़े जाने वाले अभियुक्तों से पूछताछ हो रही है। जिस व्यक्ति का नाम सबसे ज्यादा सामने आएगा। उसकी शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी। **-अजय गणपति कुंभार**, एसएसपी

### घरेलू कलह से तंग पति ने फांसी लगाई

**रुद्रपुर:** पारिवारिक कलह से तंग पति ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से नोहर भादरा मोड धनियारिया हनुमानगढ़ राजस्थान निवासी 25 वर्षीय विकास राम पिछले कुछ माह पहले ही थाना ट्रांजिट कैंप आया था और सिडकुल ढाल स्थित किराये के मकान में परिवार के साथ रहने लगा। बताया जा रहा है कि दंपति के बीच अक्सर पारिवारिक कलह होता रहता था। 18 मार्च की शाम को एक बार फिर दोनों के बीच तकरार हुई और पत्नी गुस्सा होकर बाहर चली गई। इसके बाद विकास ने कमरे में जाकर फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

## नशेड़ी ने चौथी मंजिल से दी सुसाइड की धमकी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में फायर फाइटर्स और पुलिस कर्मियों को उस वक्त कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा, जब बुधवार की देर रात्रि कृष्णा कॉलोनी में नशेड़ी युवक चार मंजिला इमारत की छत पर चढ़ गया और नीचे कूदकर सुसाइड करने की धमकी देने लगा। पुलिस कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद लोहे का दरवाजा तोड़ा और उत्पाती नशेड़ी को काबू किया। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।

बुधवार की रात्रि साढ़े 11 बजे थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना मिली कि दक्ष चौराहा स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी स्थित एक चार मंजिल इमारत की छत पर चढ़कर एक युवक सुसाइड करने की धमकी दे रहा है। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस कर्मी और फायर फाइटर रवाना हुए। चौथी मंजिल इमारत का मुख्य द्वार पर लोहे का गेट लगा हुआ था और छत की तरफ से कुंडी लगी हुई थी। पूछताछ में पता चला कि युवक का नाम लव कुमार उर्फ विक्की है और युवक नशे का लती है। गृह क्लेश होने के बाद नशेड़ी चौथी मंजिल इमारत की छत पर चढ़कर परिवार को कूदकर जान देने की धमकी दी। पुलिसकर्मियों ने एक घंटे तक युवक को समझाने की कोशिश की।

### दुष्कर्म के प्रयास में दादा को 20 साल कैद

**रुद्रपुर:** किच्छा क्षेत्र में तीन वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के प्रयास के सनसनीखेज मामले में अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्या की अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी दादा को 20 साल के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता के अनुसार, घटना 8 अप्रैल 2023 की है। आरोपी जो पीड़िता का ममेरा दादा लगता है, किच्छा में अपने जीजा के घर रह रहा था। वह तीन वर्षीय मासूम को बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। परिजनों की सतर्कता से बच्ची को समय रहते बचा लिया गया, जिससे अनहोनी टल गई।



प्रेम का मार्ग कोई उम्मीद न रखने का मार्ग है। प्यार तभी मौजूद होता है, जब पूर्ण स्वीकृति हो और कुछ भी बदलने की कोई इच्छा न हो। **-ओशो**, दार्शनिक



# आग के सबक

पालम और इंदौर में हुई अग्नि त्रासदियां हमारे शहरी जीवन की असुरक्षित सच्चाइयों का आईना हैं। पालम में नौ और इंदौर में सात लोगों की मौत के यह आंकड़े नहीं, बुझती हुई जिंदगियों की दर्दनाक कहानियां हैं। हर ऐसी घटना के बाद शोक, मुआवजा और आश्वासन का क्रम चलता है, लेकिन इनसे हम कोई सबक नहीं लेते। चिंताजनक यह है कि इस बार आग की ये घटनाएं भीषण गर्मी के चरम से पहले ही सामने आ गईं। यह संकेत है कि समस्या केवल मौसम नहीं, बल्कि हमारी तैयारियों और व्यवस्था की कमी है। शहरी इलाकों में ज्वलनशील सामग्री का अनियंत्रित भंडारण, बिजली के असुरक्षित कनेक्शन, संकरी गलियां और अग्नि सुरक्षा के प्रति उदासीनता-ये सभी मिलकर ऐसी त्रासदियों को जन्म देते हैं। पालम की घटना में रिहायशी इलाके में ही ज्वलनशील पदार्थों का संग्रह होना गंभीर प्रशासनिक चूक है। आखिर ऐसी गतिविधियों की अनुमति कैसे दी गई? स्थानीय निकायों की नियमित निगरानी का क्या हुआ? इंदौर की घटना में आधुनिक तकनीक जैसे ऑटोमैटिक लॉकिंग दरवाजे भी मौत का कारण बने। विडंबना है कि सुविधा के लिए अपनाई गई तकनीक, संकट के समय जाल बन जाती है। हम तकनीक तो अपना लेते हैं, लेकिन उसके जोखिमों के प्रति जागरूक नहीं होते। इन दोनों घटनाओं में निवासियों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। घरों में ज्वलनशील सामग्री जमा करना, अग्निशमन के प्राथमिक उपायों की अनदेखी करना और आपातकालीन निकास की व्यवस्था न होना। ये सब लापरवाही के उदाहरण हैं, लेकिन नागरिकों की यह लापरवाही भी व्यवस्था की ढिलाई से ही जन्म लेती है, जहां नियमों का पालन न तो सख्ती से होता है और न ही जागरूकता का पर्याप्त प्रसार होता है। सबसे दुखद है आपदा के समय हमारी तैयारी की पोल खुलना। फायर ब्रिगेड का देर से पहुंचना, उपकरणों का खराब होना और आवश्यक संसाधनों की कमी, ऐसी तकनीकी खामियां जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर हैं। यदि संकरी गलियों में पहुंचने के लिए छोटे फायर टेंडर या वैकल्पिक व्यवस्था होती, यदि हाइड्रोलिक सिस्टम दुरुस्त होता, बचाव के साधन उपलब्ध होते, तो शायद कुछ जानें बचाई जा सकती थीं।

बेशक कुछ लाख रुपये किसी परिवार के खोए हुए सदस्य की भरपाई कर सकते हैं? यह केवल प्रतीकात्मक राहत है, असली आवश्यकता है ऐसी घटनाओं को रोकने की। इन त्रासदियों से स्पष्ट है कि हमें सुधार की त्रिस्तरीय व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता है। पहला-प्रशासनिक स्तर पर, सख्त नियम, नियमित निरीक्षण और अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई। दूसरा-तकनीकी स्तर पर, भवन निर्माण और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करवना, अग्निशमन व्यवस्था का आधुनिकीकरण करना, जबकि तीसरा सुधार सामाजिक स्तर पर, नागरिकों में जागरूकता, जिम्मेदारी और आपातकालीन तैयारी की संस्कृति विकसित करना। ऐसे अग्निकांड प्राकृतिक नहीं मानवजनित आपदाएं हैं। इसलिए यदि इच्छा और व्यवस्था दोनों मजबूत हों, तो इन्हें रोका जा सकता है। पालम और इंदौर की आग हमें यही याद दिलाती है कि लापरवाही की कीमत हमेशा जान से चुकानी पड़ती है। अब भी समय है कि हम चेतें, वरना अगली खबर फिर किसी और शहर से आएगी और हम सिर्फ शोक और मुआवजे तक सीमित रह जाएंगे।

## प्रसंगवश

# खुशी: उपलब्धियों से परे एक आंतरिक अनुभूति

मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी चाह क्या है? यदि इस प्रश्न का सरल उत्तर खोजा जाए, तो शायद एक ही शब्द सामने आता है-खुशी। हर व्यक्ति अपने जीवन में सुख, संतोष और आनंद की तलाश में निरंतर प्रयास करता है। बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक मनुष्य के अधिकांश निर्णय, प्रयास और संघर्ष इसी उद्देश्य के इर्द-गिर्द घूमते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज जब दुनिया ने अभूतपूर्व आर्थिक और तकनीकी प्रगति हासिल कर ली है, तब भी सच्ची खुशी लोगों के जीवन से कहीं दूर होती दिखाई देती है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस पहल का उद्देश्य यह संदेश देना है कि विकास केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक खुशी और संतोष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह दिन हमें ठहरकर यह सोचने का अवसर देता है कि क्या आधुनिक जीवनशैली वास्तव में हमें अधिक सुखी बना रही है या हम केवल सुविधाओं के विस्तार को ही खुशी समझ बैठे हैं?



संध्या अग्रवाल
साहित्यकार

आज के समय में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। तकनीक ने जीवन को सरल और तेज बना दिया है। संचार के साधन पहले से अधिक सुलभ और प्रभावी हो गए हैं। भौतिक संसाधनों में भी निरंतर वृद्धि हुई है, जिससे जीवन स्तर में सुधार देखने को मिलता है। इसके बावजूद, तनाव, अकेलापन और मानसिक असंतोष जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति इस बात की ओर संकेत करती है कि केवल बाहरी प्रगति ही जीवन को पूर्ण नहीं बना सकती। आधुनिक जीवन की इस विडंबना का एक बड़ा कारण यह है कि मनुष्य ने अपनी आंतरिक शांति और संतुलन को कहीं पीछे छोड़ दिया है। प्रतिस्पर्धा की दौड़, निरंतर तुलना और अधिक पाने की लालसा ने जीवन को जटिल बना दिया है। हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि खुशी केवल उपलब्धियों या भौतिक संपन्नता से नहीं मिलती, बल्कि यह एक आंतरिक अनुभूति है, जो हमारे विचारों, संबंधों और जीवन के प्रति दृष्टिकोण से जुड़ी होती है।

वास्तविक खुशी का संबंध हमारे संबंधों और संवेदनाओं से भी गहराई से जुड़ा है। परिवार के साथ बिताया गया समय, मित्रों का साथ, किसी की मदद करने का संतोष और प्रकृति के साथ बिताए गए शांत क्षण ये सभी जीवन को अर्थपूर्ण बनाते हैं। जब हम अपने आसपास के लोगों के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं, तो हमारे भीतर संतोष और सुरक्षा की भावना विकसित होती है। यही भावनात्मक जुड़ाव हमें वास्तविक खुशी के करीब ले जाता है।

आज के तेज रफ्तार जीवन में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। अपेक्षाओं का दबाव, काम का तनाव और भविष्य की चिंताएं कई लोगों को मानसिक रूप से थका देती हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपने जीवन में संतुलन बनाए रखें। हमें यह समझना होगा कि विश्राम, आत्मचिंतन और अपनी भावनाओं को समझना भी उतना ही जरूरी है, जितना सफलता प्राप्त करना। अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि खुशहाल समाज केवल व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं बनता। इसके लिए सामाजिक और सामूहिक वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। जब समाज में समान अवसर, पारस्परिक सम्मान और सहयोग की भावना होती है, तब लोगों के जीवन में संतोष और स्थिरता बढ़ती है। एक संवेदनशील और सहयोगी समाज ही वास्तविक खुशी का आधार बन सकता है। अंततः यह स्पष्ट है कि सच्ची खुशी किसी एक लक्ष्य की प्राप्ति में नहीं, बल्कि जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण में निहित होती है। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# मार्च में दिसंबर की दस्तक बिखरता ऋतुचक्र





पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

भारतीय कैलेंडर में मार्च का महीना उस संधि काल का प्रतीक है, जहां शिशिर की विदाई होती है और ग्रीष्म अपनी दस्तक देने लगता है। यह वह समय है जब पलाश के फूल दहकते हैं और गेहूं की बालियां सूरज की सुनहरी किरणों को सोखकर पकने की ओर बढ़ती हैं। किंतु इस वर्ष उत्तर भारत के आसमान ने जो रंग दिखाया है, वह न केवल अस्वाभाविक है, बल्कि डराने वाला भी है। दिल्ली, गाजियाबाद, कानपुर और लखनऊ जैसे शहरों में मार्च के पहले हफ्ते में अचानक छा जाने वाला घना कोहरा कोई साधारण मौसमी फेरबदल नहीं है। जब हवाई जहाजों को रास्ता बदलकर दूसरे राज्यों में उतरना पड़े और सड़कों पर दृश्यता शून्य हो जाए, तो समझ लेना चाहिए कि प्रकृति का संतुलन बुरी तरह डगमगा चुका है। इसे मौसम वैज्ञानिकों ने जलवायु आपातकाल की संज्ञा दी है, जो इस बात का प्रमाण है कि वायुमंडल अब अपनी मर्यादाएं भूलने लगा है। रही बची कसर पूरी हो गई अचानक हुई बरसात और ओला वृष्टि से इससे फसलें तक चौपट हो गई।

इस विचित्र कोहरे के पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझना अनिवार्य है। सामान्यतः कोहरा सर्दियों की रात में तब बनता है, जब धरती तेजी से अपनी गर्मी छोड़ती है और नमी का स्तर अधिक होता है। इस वर्ष फरवरी के अंतिम सप्ताह से ही गर्मी ने अपने पिछले कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। अचानक बढ़ी इस तपिश ने धरती की ऊपरी सतह को अत्यधिक गर्म कर दिया। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त पूर्वी हवाएं इस गर्म सतह के संपर्क में आईं और उसी दौरान रात के तापमान में अचानक छह से सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, तो विकिरण की प्रक्रिया ने एक घना आवरण तैयार कर दिया। इसे विज्ञान की भाषा में विकिरण कोहरा कहा जाता है। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति और हवा की गति का अचानक मंद पड़ जाना इस स्थिति को और भयावह बना देता है। वायुमंडल के निचले स्तर पर हवा की स्थिरता ने उस धुंध और प्रदूषण के मिश्रण को जमने का अवसर दे दिया, जिसे हम अक्सर कड़ाके की ठंड में देखते हैं।

> इस विचित्र कोहरे के पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझना अनिवार्य है। सामान्यत: कोहरा सर्दियों की रात में तब बनता है, जब धरती तेजी से अपनी गर्मी छोड़ती है और नमी का स्तर अधिक होता है।

होली बीतते ही दिन और रात के तापमान में आ रहा यह भारी अंतर प्रकृति के बदलते मिजाज का एक गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर भारत के कई हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से 8 से 12 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जबकि रातें तुलनात्मक रूप से ठंडी बनी हुई हैं। इस तापमान की गड़बड़ी का बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का अत्यंत कमजोर होना है। आमतौर पर ये विक्षोभ बारिश और बर्फबारी लाते हैं, जो तापमान को नियंत्रित रखते हैं। इनकी अनुपस्थिति के कारण आसमान पूरी तरह साफ है, जिससे दिन में सूरज की किरणें सीधे धरती को तपा रही हैं।

याद करें, इस बार जनवरी और फरवरी में करीब 60 प्रतिशत कम हुई। इसके चलते मिट्टी में नमी न होने के कारण दिन की गर्मी वाष्पीकरण में खर्च होने के बजाय सीधे सतह को गर्म करती है। रात में, साफ आसमान होने के कारण धरती की गर्मी तेजी से वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, जिससे रातें ठंडी हो जाती हैं। इसके साथ पश्चिमी भारत के ऊपर बने उच्च वायुदाब के क्षेत्रों के कारण हवाएं नीचे की ओर दब रही हैं। यह दबती हुई हवा गर्म हो जाती है और बादलों को बनने से रोकती है, जिससे दिन में 'हीटवेव' जैसी स्थिति बन रही है।

इस अनियमित तापमान से उपज रहे कोहरे के व्यापक और दूरगामी नुकसान भी हैं। सबसे बड़ी मार हमारी कृषि व्यवस्था पर पड़ रही है। रबी की फसल, विशेषकर गेहूं, इस समय अपने पकने के अंतिम चरण में है। तापमान में यह अनिश्चित उतार-चढ़ाव गेहूं के दानों की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। कोहरे के कारण बढ़ने वाली नमी और फिर अचानक निकलने वाली तेज धूप फसलों में पीला रतुआ और विभिन्न प्रकार की फफूंद जनित बीमारियों को जन्म देती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह अनिश्चितता बनी रही, तो खाद्य सुरक्षा के मोर्चे पर हमें बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। केवल अनाज ही नहीं, बल्कि बागवानी फसलों जैसे आम के बौर पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। अचानक आई नमी और ठंडक फूलों को झाड़ देती है, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका प्रबल हो जाती है।

पारिस्थितिक नुकसान के साथ-साथ यह मानवीय स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा संकट है। मार्च के इस कोहरे में केवल जलवाष्प नहीं है, बल्कि इसमें वातावरण में मौजूद सूक्ष्म धूल कण और जहरीली गैसें भी फंसी हुई हैं। यह एक प्रकार का विषैला धुंआ है, जो सीधे फेफड़ों पर प्रहार करता है। श्वसन रोगियों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद घातक सिद्ध होती है। यातायात के क्षेत्र में होने वाली बाधाएं आर्थिक तंत्र को प्रभावित करती हैं। यह एक ऐसा दुष्चक्र है, जहां जलवायु परिवर्तन के कारण कोहरा बनता है और उस कोहरे के कारण होने वाले उपाय पुनः पर्यावरण को दूषित करते हैं।

मार्च में दिसंबर जैसा यह दृश्य एक बड़ी आपदा की आहट है। यह हमारी जीवनशैली और विकास के उन मॉडलों पर सवालिया निशान खड़ा करता है, जो प्रकृति की कीमत पर तैयार किए गए हैं। हमें यह समझना होगा कि अब मौसम के पूर्वानुमान केवल बारिश या धूप तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे अस्तित्व की रक्षा के संकेत बन चुके हैं।

यदि हमने स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण और वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो ऋतुओं का यह विलोपन हमारे जीवन को अनिश्चितता के अंधेरे में धकेल देगा। यह कोहरा केवल दृश्यता कम नहीं कर रहा, बल्कि हमें भविष्य की उस धुंधली तस्वीर को देखने के लिए मजबूर कर रहा है, जिसे हमने खुद निर्मित किया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हम महिलाओं को राहुल गांधी को देखकर बहुत ज्यादा असहजता महसूस होती है, क्योंकि एकदम वो जैसे टपोरी की तरह आते हैं और किसी को भी ऐ तू ऐसे करके तू-तड़ाक करते हैं। उनको अपनी बहन, प्रियंका गांधी वाड्रा के आचरण और व्यवहार को देखना चाहिए, "जो बहुत अच्छा है"। **-कंगना रनौत**
सांसद, बीजेपी

कंगना रनौत को मेडिकल मदद की जरूरत है। उनके साथ कुछ बहुत ही गलत हो रहा है। शायद इसलिए कि उनकी फिल्में अच्छा नहीं कर रही हैं। वह किसी तरह के डिप्रेशन में हो सकती हैं। इसीलिए वह इस तरह के बयान दे रही हैं। आपको ऐसे लोगों की टिप्पणियों को ज्यादा अहमियत देने की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी जैसे हैं, वैसे ही हैं।
**- एस. ज्योतिमणी**, सांसद, कांग्रेस



# आखिर कब तक चलेगा पाकिस्तान का पाखंड



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान खुद को दुनिया का सबसे बड़ा इस्लामिक देश बताता है। इसका झंडा हिलाल (चांद का टुकड़ा) और तारा से सजा है, जो इस्लामिक परंपरा और मूल्यों के प्रतीक हैं। इसके नाम में 'इस्लामिक रिपब्लिक' जुड़ा है और ये हर मौके पर इस्लाम का हवाला देता है, लेकिन हकीकत में यह देश मुसलमानों के खिलाफ ही सबसे ज्यादा हिंसा और जुल्म का इतिहास रखता है। यह पाखंड की एक लंबी कहानी है, जहां इस्लाम का नाम सिर्फ सत्ता और नियंत्रण के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि अमल उसके ठीक उलट है।

इसका सबसे ताजा और दिल दहला देने वाला उदाहरण बीते सोमवार (16 मार्च) को काबुल में मिलता है। पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक ने अफगानिस्तान की राजधानी में ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल (एक ड्रग रिहैबिलिटेशन सेंटर) को निशाना बनाया। तालिबान सरकार के अनुसार, इस हमले में 400 से ज्यादा लोग मारे गए और 250 से अधिक घायल हुए। हमला रमजान के पवित्र महीने में हुआ, जब लोग रोजा रखकर इबादत में मग्न थे। अस्पताल में ज्यादातर गरीब अफगान मुसलमान थे, जो नशे की लत से मुक्ति पाने आए थे।

पाकिस्तान का दावा है कि उसने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन तालिबान और अफगान मीडिया इसे साफ-साफ सिविलियन अस्पताल पर हमला बता रहा है। सवाल वही है कि रमजान में मुसलमानों के अस्पताल को उड़ाना क्या इस्लाम की कोई शिक्षा है? मारे गए तो आम मुसलमान ही थे। यह कोई नई बात नहीं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत लाखों बंगाली मुसलमानों का कत्लेआम किया था। बंगालियों ने आजादी की मांग की, तो उन्हें 'काफिर', 'गद्दार' और 'हिंदू एजेंट' कहकर मार डाला गया। अनुमान के मुताबिक 3 लाख से ज्यादा लोग मारे गए और 2 से 4 लाख महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ। स्कूल, कॉलेज, गांव सब तबाह कर दिए गए। पाकिस्तानी जनरल टिक्का खान को 'बचर ऑफ बंगाल' कहा गया। पाकिस्तान आज भी इसे 'सिविल वॉर' कहकर सच छुपाता है, लेकिन बांग्लादेश हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाता है। एक 'इस्लामिक' देश ने अपने ही मुसलमानों पर ऐसा जुल्म ढाया, यह पाखंड नहीं तो क्या है?

> पाकिस्तान का दावा है कि उसने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन तालिबान और अफगान मीडिया इसे साफ-साफ सिविलियन अस्पताल पर हमला बता रहा है।

पाकिस्तान के अंदर भी मुसलमान सुरक्षित नहीं। अहमदिया समुदाय को 1974 के संविधान संशोधन और ऑर्डिनेंस XX के जरिए 'नॉन-मुस्लिम' घोषित कर दिया गया। उन्हें मस्जिद कहने, अजान देने, सलाम कहने या कुरान छूने तक की मनाही है। अगर कोई अहमदिया खुद को मुसलमान कहे, तो ब्लास्फेमी का केस बन जाता है। हाल के वर्षों में कई अहमदिया डॉक्टर, दंत चिकित्सक और आम नागरिक गोली मारे गए। खुशाब में 90 अहमदिया कब्रें तोड़ी गईं। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट्स और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्थाएं बताती हैं कि पुलिस भी अहमदिया घरों पर हमलों में शामिल होती है। शिया मुसलमान भी निशाने पर हैं, खासकर हजारा शिया। इन पर बलूचिस्तान और कुर्रम एजेंसी में बार-बार हमले होते हैं। 2024 में 40 से ज्यादा शिया मारे गए, 2013 के क्वेटा हमले में 90 से अधिक। सेना और कानून इन पर कार्रवाई नहीं करती, बल्कि चुप रहती है। एक देश जो खुद को इस्लाम का गढ़ कहता है, वहां शिया और अहमदिया को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है।

वहीं जनवरी 2024 में पाकिस्तान ने ईरान पर 'ऑपरेशन मार्ग बार सरमाचार' के तहत मिसाइल हमले किए। दोनों देश मुस्लिम हैं। ईरान शिया बहुल, पाकिस्तान सुन्नी, लेकिन हमला फिर मुसलमानों पर ही हुआ।

सवाल है कि पाकिस्तान मुसलमानों को क्यों मारता है? मुख्य कारण सेना की सर्वोच्चता है। आर्मी इस्लाम के नाम पर सत्ता संभालती है, लेकिन उसकी नीतियां सेक्टेरियन हैं। सुन्नी बहुल सेना शिया, अहमदिया और अन्य समुदायों को कमजोर रखना चाहती है। दूसरा, राजनीतिक खेल तालिबान, जैश-ए-मोहम्मद जैसे गुटों को पाला जाता है, लेकिन अब टीटीपी पाक फौज पर हमला कर रही है, तो बदले में अफगानिस्तान पर हमला। मुसलमान ही मुसलमान का शिकार बन रहा है। तीसरा, इस्लाम का दुरुपयोग सिस्टम इस्लाम के नाम पर चलता है, लेकिन असल में पावर और नियंत्रण का खेल है। अहमदिया को 'काफिर', बंगालियों को 'हिंदू एजेंट' कहकर मार डाला जाता है।

दुनिया को यह सच देखना चाहिए। पाकिस्तान अभी भी इस्लाम का सिपाही होने का दावा करता है, लेकिन हकीकत में वह मुसलमानों का कातिल है। अगर सच में इस्लामिक देश बनना है, तो पहले अपने मुसलमानों की हिफाजत करे। अहमदिया और शिया को बराबरी दे, अफगानिस्तान से बातचीत करे, 1971 के नरसंहार की माफी मांगे, लेकिन ऐसा लगता है कि सेना की ताकत और सेक्टेरियन नीतियां जारी रहेंगी। पाकिस्तान का 'इस्लामिक' चेहरा नाम का है। असल में यह मुसलमान-विरोधी नीतियों का देश बन चुका है। रमजान में अस्पताल उड़ाना, लाखों मुसलमान मारना, शिया-अहमदिया पर जुल्म ये सब इस्लाम के खिलाफ हैं। दुनिया के मुसलमानों को समझना चाहिए कि पाकिस्तान का चेहरा दोहरा है। एक तरफ मक्का-मदीना का नाम, दूसरी तरफ मुसलमानों का खून। यह पाखंड कब तक चलेगा?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# अर्थव्यवस्था पर युद्ध का प्रभाव

युद्ध का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार पर भी पड़ता है। युद्ध शुरू होते ही बाजार में घबराहट पैदा होती है और शुरुआती दिनों में तेज गिरावट देखी जाती है, लेकिन अक्सर यह गिरावट स्थायी नहीं होती। अधिकांश युद्धों में एक दिलचस्प पैटर्न दिखाई देता है कि यदि युद्ध एक महीने से अधिक समय तक चलता है, तो अगले कुछ महीनों में बाजार धीरे-धीरे उस स्थिति के साथ खुद को अनुकूलित कर लेते हैं और गिरावट का प्रभाव कम होने लगता है।



मनोज अभिज्ञान
अधिवक्ता

युद्ध जब भी शुरू होता है, तो अनिश्चितता सबसे बड़ी समस्या बनती है। निवेशकों को यह स्पष्ट नहीं होता कि युद्ध कितना लंबा चलेगा, किन देशों तक फैलेगा और अर्थव्यवस्था पर कितना प्रभाव पड़ेगा। इसी अनिश्चितता के कारण निवेशक घबराकर अपने शेयर बेचने लगते हैं, जिससे बाजार तेजी से गिरता है। अगस्त 1990 में जब इराक ने कुवैत पर हमला किया, तब अमेरिकी शेयर बाजार लगभग 15 प्रतिशत तक गिर गया, लेकिन जनवरी 1991 में युद्ध शुरू होने के बाद कुछ ही महीनों में बाजार तेजी से उभर गया और उसी साल नया उच्च स्तर बना लिया। 2022 का रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही वैश्विक बाजारों में गिरावट आई, लेकिन कुछ महीनों बाद निवेशकों ने स्थिति को न्यू नॉर्मल मानकर निवेश शुरू कर दिया।

इससे समझ में आता है कि बाजार घटना से अधिक अनिश्चितता से डरता है। जब घटना स्पष्ट हो जाती है, तो बाजार धीरे-धीरे स्थिर होने लगता है। लंबे समय तक चलने वाले युद्धों में सरकारें और उद्योग तेजी से खुद को ढाल लेते हैं। रक्षा उद्योग में उत्पादन बढ़ता है। ऊर्जा और कच्चे माल के नए स्रोत खोजे जाते हैं। सप्लाई चेन धीरे-धीरे नई परिस्थितियों के अनुसार बदल जाती है। इस प्रक्रिया के कारण आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह रुकती नहीं हैं, बल्कि नए रूप में जारी रहती हैं। यही कारण है कि शुरुआती झटके के बाद बाजार अक्सर संभलने लगते हैं। निवेश की दुनिया में घबराहट के समय अवसर छिपे होते हैं। जब युद्ध या किसी बड़े संकट के कारण बाजार गिरता है, तब कई अच्छी कंपनियों के शेयर भी सस्ते हो जाते हैं। यह भी समझना जरूरी है कि हर युद्ध का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। कुछ युद्ध बहुत सीमित होते हैं, जबकि कुछ पूरे वैश्विक आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए निवेश करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। मजबूत और लाभकारी कंपनियों में निवेश करें, अत्यधिक कर्ज वाली कंपनियों से बचें, एक ही सेक्टर में पूरा पैसा न लगाएं और लंबी अवधि का दृष्टिकोण रखें।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# साझा चूल्हा: संकट से समाधान की राह

रसोई गैस की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। महंगाई निश्चित रूप से आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती है, लेकिन इस चर्चा में अक्सर समाज की अपनी सामूहिक शक्ति पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। भारतीय समाज की संरचना मूलतः सामूहिकता पर आधारित रही है। परिवार केवल सीमित दायरे तक नहीं, बल्कि व्यापक रिश्तों और समुदाय से जुड़ा होता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह भावना और गहरी दिखाई देती है, जहां कठिन समय में लोग एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। इसी सामाजिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है- 'साझा चूल्हा'। यह केवल खाना बनाने का साधन नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन का केंद्र था। सीमित संसाधनों के दौर में कई परिवार एक ही चूल्हे पर भोजन बनाते थे, जिससे ईंधन की बचत होती थी और श्रम का विभाजन भी सहज हो जाता था। इससे लोगों के बीच संवाद और संबंध भी मजबूत होते थे।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

समय के साथ तकनीकी विकास और शहरीकरण ने जीवन को सुविधाजनक तो बनाया, लेकिन सामूहिक परंपराओं को कमजोर भी किया। आज लगभग हर घर में अलग रसोई है, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतीक है, लेकिन इसके साथ ही सामाजिक दूरी भी बढ़ी है। पड़ोसी भी कई बार एक-दूसरे से अपरिचित रहते हैं। ऐसे में जब गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों की चर्चा होती है, तो हमें केवल राजनीतिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं रहना चाहिए। 'साझा चूल्हा' का विचार आज भी प्रासंगिक हो सकता है, यदि उसे आधुनिक संदर्भ में समझा जाए। हमारे समाज में भंडारे और लंगर की परंपरा इसका जीवंत उदाहरण है। मंदिरों और गुरुद्वारों में हजारों लोग एक ही रसोई से भोजन करते हैं। वहां न कोई भेदभाव होता है और न ही किसी प्रकार की असमानता। यह केवल सेवा ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसी भावना को छोटे स्तर पर भी अपनाया जा सकता है। मोहल्लों या समुदायों में कुछ परिवार मिलकर सामूहिक भोजन व्यवस्था कर सकते हैं, खासकर तब जब खर्च अधिक हो या संसाधन सीमित हों। इससे न केवल आर्थिक बचत होगी, बल्कि सामाजिक संबंध भी मजबूत होंगे। साझा चूल्हा केवल आर्थिक समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव का माध्यम भी है। जब लोग साथ बैठकर काम करते हैं और भोजन साझा करते हैं, तो उनके बीच विश्वास और सहयोग बढ़ता है। इससे सामाजिक तनाव भी कम होते हैं।

ग्रामीण जीवन में यह परंपरा आज भी कहीं न कहीं जीवित है। खेती-किसानी और श्रम से जुड़े लोग अक्सर सामूहिक रूप से भोजन की व्यवस्था करते हैं। यह जीवन को सरल और संतुलित बनाने का एक व्यावहारिक तरीका है। इसके विपरीत, शहरी जीवन में सुविधाएं तो बढ़ी हैं, लेकिन सामाजिक जुड़ाव कम हुआ है। लोग अपने-अपने घरों तक सीमित हो गए हैं, जिससे अकेलेपन की भावना भी बढ़ रही है। ऐसे समय में 'साझा चूल्हा' केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्संरचना का प्रतीक बन सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज की असली ताकत आपसी सहयोग में है। हालांकि आज की परिस्थितियों में इसे हर जगह लागू करना संभव नहीं है, लेकिन इसके मूल विचार सहयोग और साझेदारी को जरूर अपनाया जा सकता है। इतिहास गवाह है कि जब भी संकट आया, भारतीय समाज ने एकजुट होकर उसका सामना किया है। आज भी यदि हम इस भावना को पुनर्जीवित करें, तो कई समस्याओं का समाधान सहज हो सकता है। 'साझा चूल्हा' केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की एक दिशा है। यह हमें सिखाता है कि यदि आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए, तो समाज और अधिक सशक्त बन सकता है। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# खोज

## वाई-फाई का आविष्कार

वाई-फाई (Wi-Fi) आज हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है, लेकिन इसका आविष्कार एक ही व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि कई वैज्ञानिकों के शोध और प्रयोगों के परिणामस्वरूप हुआ। सबसे पहले इसकी नींव 19 वीं सदी में पड़ी, जब जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने विद्युतचुंबकीय तरंगों का सिद्धांत दिया। बाद में हाइनरिख हर्ट्ज़ ने इन तरंगों को प्रयोग में सिद्ध किया। यही तरंगें आगे चलकर वायरलेस संचार का आधार बनीं। 20 वीं सदी में रेडियो और वायरलेस तकनीक का विकास हुआ, लेकिन असली क्रांति 1990 के दशक में आई। ऑस्ट्रेलिया की संस्था CSIRO के वैज्ञानिकों की एक टीम ने वायरलेस डेटा ट्रांसमिशन की एक नई तकनीक विकसित की। इस टीम का नेतृत्व जॉन ओ' सुलिवन कर रहे थे। असल में यह टीम अंतरिक्ष में ब्लैक होल से आने वाले रेडियो सिग्नल्स को समझने पर काम कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने एक ऐसी तकनीक विकसित की, जिससे रेडियो तरंगों के माध्यम से डेटा को साफ और तेजी से भेजा जा सकता था। यही तकनीक आगे चलकर Wi-Fi का आधार बनी।



इसके बाद 1997 में IEEE ने 802.11 नाम का पहला वायरलेस नेटवर्क मानक जारी किया। यही वह तकनीकी ढांचा है, जिस पर आज का Wi-Fi आधारित है। 'Wi-Fi' नाम खुद कोई तकनीकी शब्द नहीं है, बल्कि यह एक ब्रांड नाम है, जिसे Wi-Fi Alliance ने 1999 में अपनाया। इसका उद्देश्य वायरलेस नेटवर्किंग को आसान और लोकप्रिय बनाना था। आज Wi-Fi रेडियो तरंगों का उपयोग करके आपके मोबाइल, लैपटॉप और अन्य डिवाइस को इंटरनेट से जोड़ता है। इसमें एक राउटर होता है, जो इंटरनेट सिग्नल को वायरलेस रूप में फैलाता है, और आपके डिवाइस उस सिग्नल को पकड़कर डेटा भेजते और प्राप्त करते हैं। Wi-Fi किसी एक आविष्कार का परिणाम नहीं, बल्कि विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान और संचार तकनीक के लंबे विकास का नतीजा है, जिसने दुनिया को बिना तारों के जोड़ दिया।

### वैज्ञानिक के बारे में

जॉन ओ सुलिवन का व्यक्तिगत जीवन उतना ही रोचक है, जितना उनका वैज्ञानिक योगदान। उनका जन्म 1946 में ब्रिस्बेन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें विज्ञान और गणित में गहरी रुचि थी, जिसने आगे चलकर उनके करियर की दिशा तय की। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा यूनिवर्सिटी ऑफ सीडनी से प्राप्त की, जहां उन्होंने भौतिकी में अध्ययन किया। बाद में उन्होंने सैद्धांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता हासिल की। निजी जीवन में वे काफी सरल, शांत और शोध में डूबे रहने वाले व्यक्ति माने जाते हैं। वे प्रचार-प्रसार से दूर रहकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करते थे। उनका पारिवारिक जीवन भी संतुलित रहा है। वे विवाहित हैं और अपने परिवार के साथ साधारण जीवन जीते रहे हैं। अपने काम के अलावा उन्हें संगीत और पढ़ने का भी शौक रहा है, जो उनके व्यक्तित्व के एक संवेदनशील और रचनात्मक पक्ष को दर्शाता है।



# मार्च में आकाश दर्शन

आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर जब चंद्रमा किसी चमकीले ग्रह के पास आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है। अब चंद्र ग्रहण से आगे चलते हैं और इस रोमांच पर विस्तार से बात करते हैं कि मार्च, 2026 में आकाश में और क्या घटित होने वाला है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक



### चंद्रमा और शुक्र का संयोजन

आज यानी 20 मार्च को चंद्रमा और शुक्र का संयोजन की घटना घटित होगी, जहां चंद्रमा शुक्र के उत्तर में लगभग 4.4–4.6 की दूरी पर होगा। समय यूटीसी में शाम, भारत में सूर्यास्त के समय (लगभग 18:30–19:00 आईएसटी) दिखेगा। चंद्रमा सिर्फ 1–5 प्रतिशत प्रकाशित (बहुत पतला क्रिसेंट) होगा।

शुक्र बहुत चमकीला–4 magnitude के आसपास) होगा, जो शाम का सबसे चमकीला तारा (संध्या तारा) के रूप में दिखाई देगा। यह पश्चिमी आकाश में निम्न क्षितिज पर होगा और चंद्रमा उसके ऊपर या पास दिखेगा। यह दृश्य सिर्फ 30–60 मिनट तक रहेगा, क्योंकि दोनों जल्दी अस्त हो जाएंगे। इस दृश्य को सूर्यास्त के ठीक बाद पश्चिम में देखा जा सकता है। इसे देखने के लिए किसी दूरबीन की जरूरत नहीं होगी। यह इस माह का सबसे आसान और चमकीला संयोजन होगा।



### ठीक भूमध्य रेखा पर सूर्य

20 मार्च को मार्च विषुव की घटना घटित होगी। यह घटना 14:46 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) और 8:16 पीएम आईएसटी (इंडियन स्टैंडर्ड टाइम) पर होगी, तब सूर्य सीधे भूमध्य रेखा पर चमकता दिखाई देगा और दुनियाभर में दिन और रात लगभग बराबर होंगे। यह उत्तरी गोलार्ध में वसंत का पहला दिन भी होता है और दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ अर्थात शरद ऋतु विषुव का पहला दिन भी। अर्थात उत्तरी गोलार्ध में वसंत की शुरुआत और सर्दियों के अंत को चिह्नित करने के लिए मार्च विषुव को लिया जा सकता है, लेकिन दक्षिणी गोलार्ध में शरद ऋतु की शुरुआत और गर्मियों की समाप्ति को चिह्नित करता है।

यह हर साल 19, 20 या 21 मार्च के बीच पड़ता है। 2026 में यह ठीक 20 मार्च को है। एक सामान्य वर्ष के लिए गणना किए गए समय में कमी पिछले वर्ष की तुलना में 5 घंटे 49 मिनट बाद है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 18 घंटे 11 मिनट पहले लीप वर्ष के लिए है। खगोल विज्ञान में, मार्च विषुव काल के नक्षत्र समय का शून्य बिंदु माना जाता है। विषुव ऐसा समय-बिंदु होता है, जिसमें दिवस और रात्रि लगभग बराबर होते हैं। इसका शब्दिक अर्थ होता है-समान।

किसी क्षेत्र में दिन और रात की लंबाई को प्रभावित करने वाले कई दूसरे कारक भी होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर साढ़े तेईस डिग्री झुके हुए सूर्य के चक्कर लगाती है, इस प्रकार वर्ष में एक बार पृथ्वी इस स्थिति में होती है, जब वह सूर्य की ओर झुकी रहती है और एक बार सूर्य से दूसरी ओर झुकी रहती है। इसी प्रकार वर्ष में दो बार ऐसी स्थिति भी आती है, जब पृथ्वी का झुकाव न सूर्य की ओर ही होता है और न ही सूर्य से दूसरी ओर, बल्कि बीच में होता है। इस स्थिति को विषुव या इक्विनॉक्स कहा जाता है। इन दोनों तिथियों पर दिन और रात की लंबाई लगभग बराबर होती है। यदि दो लोग भूमध्य रेखा से समान दूरी पर खड़े हों तो, उन्हें दिन और रात की लंबाई बराबर महसूस होगी। ग्रेगोरियन वर्ष के आरंभ होते समय (जनवरी माह में) सूरज दक्षिणी गोलार्ध में होता है और वहां से उत्तरी गोलार्ध को अग्रसर होता है। वर्ष के समाप्त होने (दिसंबर माह) तक सूरज उत्तरी गोलार्ध से होकर पुनः दक्षिणी गोलार्द्ध पहुंच जाता है। इस तरह से सूर्य वर्ष में दो बार भू-मध्य रेखा के ऊपर से गुजरता है।

### चंद्रमा और बृहस्पति का संयोजन

26 मार्च को चंद्रमा और बृहस्पति के संयोजन की घटना घटित होगी, जहां चंद्रमा बृहस्पति के उत्तर में लगभग 3.5 की दूरी पर होगा। समय यूटीसी में दोपहर, भारत में रात के समय (शाम से मध्यरात्रि तक) दिखेगा। चंद्रमा 58 प्रतिशत प्रकाशित होगा। इसकी दृश्यता की बात करें, तो बृहस्पति का मैग्नीट्यूड -2.3 के आसपास बहुत चमकीला होगा। यह रात में दक्षिणी आकाश में ऊंचा दिखेगा। चंद्रमा बृहस्पति के पास होगा, जो एक शानदार जोड़ी बनेगी। दूरबीन या छोटे टेलीस्कोप से बृहस्पति के 4 गैलीलियन चंद्रमा भी दिख सकते हैं। इस घटना को शाम 7-8 बजे से रात भर दक्षिण या दक्षिण-पूर्व दिशा में देखें।



# वैज्ञानिक फैक्ट

## पृथ्वी पर ऑक्सीजन का उत्पादन और महासागर

क्या आपने कभी सोचा है कि ऑक्सीजन आखिर आती कहां से है? आमतौर पर हमारा ध्यान घने वर्षावनों, विशेषकर अमेजन जैसे क्षेत्रों की ओर जाता है, जिन्हें 'पृथ्वी के फेफड़े' कहा जाता है, लेकिन एक रोचक वैज्ञानिक तथ्य यह है कि पृथ्वी पर उपलब्ध ऑक्सीजन का एक बहुत बड़ा हिस्सा समुद्रों से आता है। वैज्ञानिकों और समुद्री अनुसंधानों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर उत्पादित ऑक्सीजन का लगभग 50 से 60 प्रतिशत भाग महासागरों में रहने वाले सूक्ष्म जीवों द्वारा निर्मित होता है। समुद्रों में पाए जाने वाले फाइटोप्लवक, सूक्ष्म शैवाल और सायनोबैक्टीरिया जैसे जीव प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड और सूर्य के प्रकाश का



उपयोग कर ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं। ये जीव आकार में अत्यंत सूक्ष्म होते हैं, लेकिन संख्या में इतने विशाल होते हैं कि उनका सामूहिक योगदान पूरे ग्रह के वायुमंडलीय संतुलन को बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाता है। विशेष रूप से 'प्रोक्लोरोकोकस' नामक सूक्ष्म जीव को पृथ्वी का सबसे अधिक मात्रा में ऑक्सीजन उत्पन्न करने वाला जीव माना जाता है। यह अकेला ही वैश्विक ऑक्सीजन उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके अतिरिक्त, समुद्री शैवाल की बड़ी प्रजातियां, जैसे केल्प, भी तटीय क्षेत्रों में ऑक्सीजन उत्पादन और कार्बन अवशोषण में अहम भूमिका निभाती हैं। महासागर केवल ऑक्सीजन ही नहीं बनाते, बल्कि वे पृथ्वी के जलवायु तंत्र को भी नियंत्रित करते हैं। ये समुद्री जीव कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर उसे जैविक पदार्थ में परिवर्तित करते हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का प्रभाव कम होता है। इसे 'ब्लू कार्बन' प्रक्रिया कहा जाता है, जो जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। हालांकि यह संतुलन अब खतरे में है। समुद्री प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, महासागरों का तापमान बढ़ना और अम्लीकरण इन सूक्ष्म जीवों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। यदि फाइटोप्लवक की संख्या में कमी आती है, तो इसका सीधा प्रभाव वैश्विक ऑक्सीजन उत्पादन और जलवायु संतुलन पर पड़ेगा। इसलिए यह समझना आवश्यक है कि ऑक्सीजन केवल जंगलों से ही नहीं, बल्कि महासागरों की गहराइयों में बसे सूक्ष्म जीवन से भी आती है। यह ज्ञान हमें पर्यावरण संरक्षण की व्यापक दृष्टि अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जिसमें समुद्रों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी वनों की।

# मरीन लाइफ



## जब नर समुद्री घोड़ा देता है जन्म

समुद्री जीवों की दुनिया में एक अद्भुत अपवाद के रूप में नर समुद्री घोड़े ही गर्भ धारण करते हैं। दरअसल समुद्री घोड़ा की शारीरिक संरचना में एक विशेष थैली होती है, जो उसके पेट के हिस्से में विकसित होती है। प्रजनन के दौरान मादा अपने अंडों को नर की इस थैली में स्थानांतरित कर देती है। इसके बाद निषेचन की प्रक्रिया नर के शरीर के भीतर ही होती है, जो इसे अन्य अधिकांश जीवों से अलग बनाती है। नर समुद्री घोड़ा इस थैली में अंडों को केवल सुरक्षित ही नहीं रखता, बल्कि उन्हें पोषण और ऑक्सीजन भी प्रदान करता है। यह थैली किसी हद तक स्तनधारियों के गर्भाशय की तरह कार्य करती है, जहां भ्रूण का विकास नियंत्रित वातावरण में होता है। प्रजाति के अनुसार 10 से 25 दिनों तक गर्भधारण की अवधि पूरी होने के बाद नर समुद्री घोड़ा संकुचन के माध्यम से सैकड़ों से लेकर लगभग 2,000 तक शिशुओं को जन्म देता है। यह प्रक्रिया देखने में किसी छोटे 'प्राकृतिक प्रसव' जैसी प्रतीत होती है।

समुद्री घोड़ों की एक और रोचक विशेषता उनका एकनिष्ठ व्यवहार है। कई प्रजातियों में नर और मादा लंबे समय तक एक ही जोड़ी के रूप में रहते हैं और रोजाना 'डांस' जैसे व्यवहार के माध्यम से अपने संबंध को मजबूत करते हैं। यह समन्वय प्रजनन प्रक्रिया को सफल बनाने में सहायक होता है। इसके अतिरिक्त, समुद्री घोड़े उत्कृष्ट छलावरण क्षमता रखते हैं। वे अपने आसपास के वातावरण के अनुसार रंग बदल सकते हैं और समुद्री घास या प्रवाल के बीच आसानी से छिप जाते हैं, जिससे वे शिकारियों से बच पाते हैं। उनकी पूंछ लचीली होती है, जिससे वे समुद्री पौधों को पकड़कर स्थिर रह सकते हैं, क्योंकि वे अन्य मछलियों की तरह तेजी से तैर नहीं पाते। हालांकि इन अद्भुत जीवों का अस्तित्व आज कई खतरों से घिरा है। समुद्री प्रदूषण, तटीय आवासों का विनाश, जलवायु परिवर्तन और अवैध व्यापार (विशेषकर पारंपरिक दवाओं और सजावटी वस्तुओं के लिए) इनके लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। इसलिए समुद्री घोड़ों का संरक्षण केवल जैव विविधता की रक्षा नहीं, बल्कि समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

# पारिस्थितिकी के विघटन की चेतावनी लुप्त होती गौरैया

भारतीय जनजीवन में प्रकृति और जीव–जंतुओं के साथ सह–अस्तित्व की परंपरा अत्यंत प्राचीन रही है। इसी परंपरा की एक सहज अभिव्यक्ति है गौरैया, जो केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के साथ विकसित हुई सांस्कृतिक स्मृति भी है। ग्राम्य जीवन में मिट्टी के घर, खपरैल की छतें, खुले आंगन और वृक्षों से युक्त वातावरण गौरैया के लिए आदर्श आवास प्रदान करते थे। उस समय मानव और प्रकृति के बीच कोई कृत्रिम दूरी नहीं थी, इसलिए गौरैया हर घर का हिस्सा बनकर रहती थी और उसकी चहचहाहट जीवन की सरलता का प्रतीक मानी जाती थी। समय के साथ औद्योगिक विकास और शहरीकरण ने इस संतुलन को प्रभावित किया। आधुनिक निर्माण पद्धतियों, रासायनिक कृषि और कृत्रिम जीवनशैली के कारण गौरैया का प्राकृतिक आवास और भोजन स्रोत दोनों ही प्रभावित हुए हैं। परिणामस्वरूप, जो पक्षी कभी सर्वत्र दिखाई देता था, वह आज अनेक क्षेत्रों में दुर्लभ हो गया है।



वैज्ञानिक दृष्टि से गौरैया का महत्व अत्यंत व्यापक है। यह एक कीटभक्षी पक्षी है, जो विशेष रूप से अपने बच्चों के पालन-पोषण के समय कीटों का सेवन करती है। कीट प्रोटीन से भरपूर होते हैं, जो बच्चों के शारीरिक विकास के लिए आवश्यक होते हैं। किंतु रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने कीटों की संख्या को गंभीर रूप से कम कर दिया है। इससे गौरैया के बच्चों के पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनकी मृत्यु दर बढ़ जाती है। रासायनिक खादों का प्रभाव भी इस संकट को बढ़ाता है। इनके निरंतर उपयोग से मृदा की गुणवत्ता और उसमें रहने वाले सूक्ष्म जीव प्रभावित होते हैं, जो खाद्य श्रृंखला की आधारशिला हैं। जब यह आधार कमजोर होता है, तो उसका प्रभाव पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है। इसके साथ ही रासायनिक अवशेष गौरैया के शरीर में पहुंचकर उसकी प्रजनन क्षमता और जीवनकाल को भी प्रभावित करते हैं।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

सामाजिक परिवर्तन भी इस संकट के लिए उत्तरदायी हैं। पहले लोग अपने घरों में दाना-पानी रखते थे और पक्षियों के लिए स्थान छोड़ते थे। आज की जीवनशैली में यह परंपरा लगभग समाप्त हो गई है। इसके अतिरिक्त जल स्रोतों की कमी और शहरी क्षेत्रों में बढ़ती स्वच्छता की प्रवृत्ति ने भी गौरैया के लिए उपलब्ध संसाधनों को सीमित कर दिया है। यह सभी परिवर्तन मिलकर उसके अस्तित्व को चुनौती देते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में गौरैया का महत्व अत्यंत व्यापक है। यह केवल कीट नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा प्रवाह और पोषण चक्र का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह बीजों के प्रसार में सहायक होती है और पौधों की विविधता बनाए रखने में योगदान देती है। इसके अतिरिक्त यह स्वयं भी अन्य जीवों के लिए भोजन का स्रोत बनती है। इस प्रकार यह खाद्य जाल की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जब यह कड़ी कमजोर होती है, तो पूरे तंत्र पर उसका प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि गौरैया को जैव संकेतक के रूप में भी देखा जाता है। इसकी संख्या में गिरावट यह संकेत देती है कि पर्यावरण में ऐसे परिवर्तन हो रहे हैं, जो अन्य जीवों के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं।

यदि हम इस संकट को केवल एक पक्षी की समस्या मानकर अनदेखा करते हैं, तो यह हमारी सबसे बड़ी भूल होगी। गौरैया का लुप्त होना उस व्यापक पर्यावरणीय संकट का प्रारंभिक संकेत है, जो भविष्य में और भी गंभीर रूप ले सकता है। यह हमें चेतावनी देता है कि हमारा विकास प्रकृति के अनुकूल नहीं है और यदि हमने समय रहते इसमें सुधार नहीं किया, तो इसका परिणाम अत्यंत गंभीर हो सकता है। इस स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक है कि हम अपने विकास के मॉडल पर पुनर्विचार करें। हमें रासायनिक कीटनाशकों और खादों के उपयोग को सीमित करना होगा और जैविक उपायों को अपनाना होगा। शहरी क्षेत्रों में हरित स्थानों का संरक्षण और विस्तार आवश्यक है। घरों और भवनों में ऐसे स्थानों की व्यवस्था की जा सकती है, जहां गौरैया घोंसला बना सके। इसके साथ ही लोगों में जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है ताकि वे अपने आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बन सकें।

गौरैया का संकट हमें यह सिखाता है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही हमारे अस्तित्व की कुंजी है। यह केवल एक पक्षी की रक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस पारिस्थितिक संतुलन की रक्षा का प्रश्न है, जिस पर समस्त जीवन निर्भर करता है। यदि हम इस चेतावनी को समय रहते समझ लें और अपने व्यवहार में परिवर्तन करें, तो संभव है कि आने वाली पीढ़ियां भी उस मधुर चहचहाहट को सुन सकें, जो हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हुआ करती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,207.24 | 23,002.15 |
| बढ़त | 2496.89 | 775.65 |
| प्रतिशत में | 3.26 | 3.26 |

सोना 1,53,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,38,700 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शुक्रवार, 20 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फॉर्चुन 13kg 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 kg 2055, क्लासिक (kg) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल–(प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4360

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल**: शरबती– 3400 मसूरी– 1300 बासमती– 7000–7900 परमल– 1200–3200
**दाल दलहन**– काला चना– 2000–3200 साबुत चना दाल– 1000 मूंग साबुत– 5500 राजमा– 7000–12200 दाल उड़द– 5400 साबुत मसूर दाल– 2700 मसूर दाल– 1000 उड़द साबुत– 10200 काबुली चना– 5600–10400 अरहर दाल– 10200 –12200 लोबिया/ करमानी– 1400–3000

## बिजनेस ब्रीफ

### 'नवरात्रि महोत्सव' में ग्राहकों को कई तरह की छूट देगी ओला

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने 'नवरात्रि महोत्सव' की शुरुआत करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके तहत कंपनी के एस1 स्कूटर और रोडस्टर मोटरसाइकिल खंड पर 30,000 रुपये से अधिक के लाभ दिए जा रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के नौ दिवसीय उत्सव के तहत कंपनी नकद छूट, विस्तारित वारंटी और 'इंस्टेंट कैशबैक' जैसी कई पेशकश लाई है। कंपनी के अनुसार, उत्सव के माहौल को और बढ़ाते हुए ओला इलेक्ट्रिक रोजाना 90 मिनट के 'मुहूर्त' खिड़की आयोजित करेगी। इसमें चुनिंदा मॉडल की सीमित इकाइयां विशेष एवं सीमित समय की कीमतों पर उपलब्ध होंगी। ओला के प्रवक्ता ने कहा कि यह 'नवरात्रि महोत्सव' हमारे ग्राहकों के साथ नए आरंभ और समृद्धि की भावना का उत्सव मनाने का तरीका है।

# आईबीसी का दुरुपयोग करना अर्थव्यवस्था के लिए घातक : मुंबई हाईकोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई उच्च न्यायालय ने कर्ज न चुकाने वालों और गारंटी देने वालों द्वारा दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों के दुरुपयोग पर कड़ी आपत्ति जताई है। अदालत ने कहा कि कर्ज चुकाने की अवधि में छूट (मोरेटोरियम) का लाभ उठाकर कानूनी सुरक्षा की आड़ लेने की यह प्रवृत्ति देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

न्यायमूर्ति मनीष पितले और न्यायमूर्ति श्रीराम शिरसाट की पीठ ने बुधवार को दिए एक आदेश में कहा कि चूककर्ताओं की ऐसी रणनीतियां आईबीसी के मूल उद्देश्य को विफल करती हैं और सुरक्षित लेनदारों द्वारा उठाए गए कानूनी कदमों को पंगु बना देती हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग न्याय की विफलता का कारण बने, तो वह मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती।

अदालत ने एक चिंताजनक प्रवृत्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि जानबूझकर कर्ज न चुकाने वाले लोग सुरक्षित लेनदारों और नीलामी खरीदारों को (वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम) 'सरफेसी अधिनियम' के तहत कार्रवाई करने से रोकने के लिए आईबीसी का सहारा लेते हैं।

पीठ ने यह भी कहा कि अक्सर देखा गया है कि कर्जदार पूरी नीलामी प्रक्रिया के दौरान शांत रहते हैं और अंत में आईबीसी के तहत मिलीभगत वाली कार्यवाही शुरू कर देते हैं ताकि ऋण भुगतान पर रोक का दावा किया जा सके। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आईबीसी का उद्देश्य संपत्ति के मूल्य को अधिकतम करना और सभी हितधारकों के हितों को संतुलित करना था। लेकिन चूककर्ताओं द्वारा अपनाई जा रही ये रणनीतियां इस उद्देश्य को विफल कर रही हैं, वहीं देश के वित्तीय स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

# एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा, कमान मिस्त्री को

## अतनु चक्रवर्ती ने त्याग पत्र में लगाया संचालन में अनैतिकता का आरोप, बोले-मेरे मूल्यों के अनुरूप नहीं

**मुंबई, एजेंसी**




देश के अग्रणी निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने बैंक के संचालन में अनैतिकता के आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्री चक्रवर्ती ने 17 मार्च 2026 को तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दिया था। बैंक ने बुधवार देर रात शेयर बाजार को बताया कि उनका इस्तीफा 18 मार्च को दोपहर बाद तीन बजकर 17 मिनट पर प्राप्त हुआ। बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक से स्वीकृति मिलने के बाद श्री केकी मिस्त्री को तीन महीने के लिए अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति गुरुवार 19 मार्च से प्रभावी हो गयी है।

श्री चक्रवर्ती ने अपने त्यागपत्र में बैंक के संचालन के तौर-तरीकों पर गंभीर आरोप लगाये हैं। लिखा है कि पिछले दो वर्षों में मैंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाएं और चलन देखे हैं जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं रहे हैं। यही मेरे निर्णय (इस्तीफे) का आधार है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनके इस्तीफे का और "कोई अन्य महत्वपूर्ण कारण नहीं है"। उनके कार्यकाल में बैंक के एचडीएफसी लिमिटेड के साथ विलय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा है कि इस रणनीतिक पहल ने एचडीएफसी बैंक को देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बना दिया, हालांकि "इस विलय का लाभ अभी पूरी तरह साकार होना बाकी है"।

श्री चक्रवर्ती भारतीय प्रशासनिक सेवा से अप्रैल 2020 में सेवानिवृत्त हुए। उस समय वह वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव थे। वह मई 2021 में एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल हुए थे। स्वतंत्र निदेशक के रूप में उनका तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद मई 2024 में उन्हें दोबारा तीन साल के लिए स्वतंत्र निदेशक बनाया गया गया था। इस्तीफे की बात समाने आने के बाद गुरुवार को बैंक का शेयर आज एक समय 8.42 प्रतिशत लुढ़ककर 772 रुपये पर आ गया था। वहां से उबर कर यह शेयर समाचार लिखे जाने के समय 4.26 प्रतिशत की गिरावट में 807 रुपये पर चल रहा था। बुधवार को बैंक का शेयर 842.95 रुपये पर बंद हुआ था।

### मजबूत बुनियाद वाला संस्थान: एम. नागराजू

नयी दिल्ली, एजेंसी। वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि एचडीएफसी बैंक 'मजबूत बुनियाद वाला मजबूत संस्थान' है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए इस्तीफा देने के बाद नागराजू ने यह बात कही। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि एचडीएफसी बैंक मजबूत बुनियाद वाला मजबूत संस्थान है। बैंक के आवेदन पर भारतीय रिजर्व बैंक ने 18 मार्च, 2026 को केकी मिस्त्री को 19 मार्च, 2026 से तीन महीने की अवधि के लिए अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

### चिंताएं स्पष्ट करने को कहा गया था: सीईओ

**मुंबई, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक शशिधर जगदीशन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती को अपने इस्तीफे के फैसले पर पुनर्विचार करने, नैतिकता से संबंधित चिंताओं पर विस्तार से बताने और इस्तीफे में उपयोग किये गये कुछ शब्दों को वापस लेने के लिए कहा गया था। इस अप्रत्याशित कदम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बैंक के निदेशक मंडल के अधिकतर सदस्यों ने कहा कि वह चक्रवर्ती के इस कदम से 'हैरान' हैं क्योंकि उन्होंने इस्तीफे में जिन चिंताओं का जिक्र किया है, उनके बारे में साफ-साफ कुछ नहीं बताया।

### इस्तीफा चिंता की बात नहीं: आरबीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक के आचरण या शासन के संबंध में कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। आरबीआई ने बयान में कहा कि एचडीएफसी बैंक एक घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) है जिसके पास मजबूत वित्तीय स्थिति, पेशेवर तरीके से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन दल है। हमारे समय-समय पर किए गए आकलन के आधार पर, इसके आचरण या शासन के संबंध में कोई बड़ी चिंता नहीं है। बयान में जोर दिया गया कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और उसकी वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। साथ ही पर्याप्त नकदी भी मौजूद है।

# एलपीजी की बुकिंग सामान्य की ओर लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक

## घबराहट में की गई बुकिंग 13 मार्च को 87.7 लाख पहुंची थी, 18 को घटकर 57 लाख पहुंची

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के भरे हुए सिलेंडर की बुकिंग युद्ध-पूर्व के सामान्य स्तर के करीब पहुंच रही है, जो स्थिति में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में जारी व्यवधानों के चलते होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर आपूर्ति प्रतिबंध अब भी लागू हैं। ईरान पर 28 फरवरी को हुए सैन्य हमलों से पहले देश के 33 करोड़ से अधिक घरेलू एलपीजी उपभोक्ता औसतन प्रतिदिन लगभग 55 लाख सिलेंडर बुक कर रहे थे। तनाव बढ़ने के बाद ''होर्मुज जलडमरूमध्य'' के बंद होने से भारत की लगभग 60 प्रतिशत गैस आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे व्यावसायिक आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी और घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट के कारण भारी बुकिंग शुरू हो गई।




● पश्चिम एशिया संकट से पहले प्रतिदिन औसतन हो रही थी 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि 13 मार्च को घबराहट में की गई बुकिंग का आंकड़ा 87.7 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, जो 18 मार्च को घटकर 56-57 लाख पर आ गया है। उन्होंने कहा कि घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो रही है और सरकार परिवारों को आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही है।

शर्मा ने स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन किसी भी वितरक के पास भंडार पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हालांकि, व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यकता का केवल पांचवां हिस्सा (20 प्रतिशत) ही मिल पा रहा है।

उन्होंने बताया कि पिछले दो सप्ताह में घरेलू गैस उत्पादन में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां बुकिंग के साथ तालमेल बिठाने के लिए अतिरिक्त पालियों में काम कर रही हैं।

सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% पहुंच गई है। करीब 83% रीफिल डिलीवरी 'डिलीवरी ऑथेंटिकेट' कोड यानी ओटीपी के जरिए हो रही है। पैनिक बुकिंग में कमी आ रही है। 18 मार्च को 56 लाख से अधिक की बुकिंग के मुकाबले 54.91 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति की गई।

### कोयला आपूर्ति को कोल इंडिया ने उठाए कदम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि घरेलू कोयला उत्पादन उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप है। देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कोल इंडिया ने एहतियाती कदम उठाते हुए चालू माह में 29 ई-नीलामी आयोजित करने की योजना बनाई है। इसके तहत लगभग 2.35 करोड़ टन कोयले की पेशकश की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन 29 नीलामियों में से 12 मार्च, 2026 से अब तक पांच नीलामी आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें 73.1 लाख टन कोयले की पेशकश की गई थी, जिसमें से 31.96 लाख टन की बुकिंग हो चुकी है, जो ई-नीलामी में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता को दर्शाता है।

### दो सप्ताह में दिए पीएनजी के सवा लाख नये कनेक्शन

शर्मा ने बताया कि सरकार उपभोक्ताओं को पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित कर रही है और पिछले दो सप्ताह में 1.25 लाख नए कनेक्शन जारी किए गए हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राज्यों में छापेमारी और प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई जारी है। केंद्र सरकार ने 18 मार्च को सभी राज्य सरकारों को पत्र लिखकर उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और मिट्टी के तेल (केरोसिन) जैसे वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया है।



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, भारत में ब्रिटिश हाई कमिश्नर लिंडी कैमरन और अन्य लोगों के साथ, नई दिल्ली में 'केबीई' का प्रतीक चिन्ह प्राप्त करने के बाद।

# टाटा समूह के चेयरमैन को ब्रिटेन का 'नाइटहुड' सम्मान

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ब्रिटिश सरकार ने मानद 'नाइटहुड' से सम्मानित किया है।

ब्रिटिश उच्चायुक्त के आवास पर बुधवार रात आयोजित कार्यक्रम में उन्हें 'नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई)' की उपाधि प्रदान की गई। यह ब्रिटेन का एक प्रतिष्ठित सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो विदेशी नागरिकों को उनकी असाधारण सेवाओं के लिए दिया जाता है।

ब्रिटिश उच्चायोग ने बयान में कहा कि टाटा समूह, ब्रिटेन में लंबे समय से निवेश करता आया है। यह निवेश मोटर वाहन, इस्पात, प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों तक फैला है। यह ब्रिटेन में रोजगार, उन्नत विनिर्माण एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की ओर बदलाव को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरून ने चंद्रशेखरन को ब्रिटेन का बेहतरीन मित्र और भारत के कॉरपोरेट जगत की एक प्रतिष्ठित हस्ती बताया।

यह सम्मान ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय की ओर से कैमरून ने चंद्रशेखरन को प्रदान किया।

# अमेरिका ने नहीं बदली ब्याज दरें महंगाई को लेकर बढ़ी चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में आये भारी उछाल के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बाजार की उम्मीद के विपरीत रेपो दरों में कोई कटौती नहीं की है। फेड की दो दिन चली बैठक के बाद बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि मजबूत बनी हुई है, लेकिन हाल के महीनों में नये रोजगार की रफ्तार सुस्त रही है और मुद्रास्फीति बढ़ी हुई है। साथ ही पश्चिम एशिया के घटनाक्रम के अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव में भी अनिश्चितता है।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने बताया कि समिति ने दरों को 3.5 से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखने का फैसला किया है। समिति के 12 में से 11 सदस्यों ने फैसले के पक्ष में वोट दिया जबकि स्टिफन माइरन एक-चौथाई प्रतिशत की कटौती के पक्ष में थे। बयान में कहा गया है कि फेड का लक्ष्य रोजगार को अधिकतम करना और महंगाई दर को दो प्रतिशत पर रखना है। संवाददाताओं से बात करते हुए फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि इस समय बेरोजगारी दर दीर्घावधि औसत के आसपास है और मुद्रास्फीति उससे एक प्रतिशत ऊपर है। उन्होंने कहा मुद्रास्फीति में जितनी कमी का अनुमान था उतनी देखने को नहीं मिली है।

# आर्सेलर मित्तल और निप्पॉन शुरू करेंगी इस्पात संयंत्र पर काम

**अमरावती, एजेंसी।** आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया आंध्र प्रदेश में अपने प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र पर काम अगले सप्ताह से शुरू करेगी। इससे भारत की सबसे बड़ी नई इस्पात परियोजना की शुरुआत होगी। आर्सेलरमित्तल एवं निप्पॉन स्टील के संयुक्त उद्यम वाली यह कंपनी पहले चरण में करीब 70,000 करोड़ रुपये का निवेश कर विशाखापत्तनम के पास 82 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता स्थापित करेगी।

# बाजार में गिरावट एफपीआई के लिए भारत में निवेश का बड़ा अवसर : सेबी

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद शेयर बाजार में आई गिरावट विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए भारत में निवेश बढ़ाने का बेहद बड़ा अवसर पेश करती है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय पूंजी बाजार इस समय काफी आकर्षक है और एफपीआई के रूप में पंजीकृत निवेशकों के लिए अच्छा अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने यहां रूस-भारत पूंजी बाजार एकीकरण मंच में कहा कि पिछले कुछ महीनों में जो हालात बने हैं, खासकर युद्ध शुरू होने के बाद...उसके मद्देनजर भारतीय शेयर बाजार में निवेश का बड़ा अवसर है। कई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एफपीआई भारतीय बाजारों में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं और मार्च के पहले 12 दिन में ही उन्होंने 77,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। कार्यक्रम में वार्ष्णेय ने रूस से भारत में निवेश को सुगम बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और इसके लिए विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यसमूह बनाने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने रूसी कंपनियों से भारत में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने का भी आग्रह किया और कहा कि कुछ विदेशी कंपनियों की भारतीय इकाइयों का मूल्यांकन उनके घरेलू बाजार में स्थित मूल कंपनी से अधिक होता है।

# रूसी साझेदारों को रिजर्व बैंक उपलब्ध करा रहा रुपये के उपयोग के विकल्प

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने रूसी व्यापारिक साझेदारों को भारतीय रुपये के उपयोग के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध कराने पर काम कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक मौजूदा रूसी व्यापार साझेदारों के संचित भारतीय रुपये का निपटान करने को लेकर भारत में आयात के लिए या पूंजी निवेश करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है।

आरबीआई के विदेशी मुद्रा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक एन सेंथिल कुमार ने मुंबई में आयोजित रूस-भारत मंच में कहा कि हम रूसी साझेदारों द्वारा यहां संचित भारतीय रुपये का उपयोग आयात के लिए या भारत में पूंजी निवेश आदि के लिए करने के विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराने पर काम कर रहे हैं।




पिछले कुछ वर्षों से, दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार निपटान के लिए स्थानीय मुद्राओं पर ध्यान दे रहे हैं और डॉलर पर निर्भरता कम की है। पिछले वर्ष, आरबीआई को सरकारी प्रतिभूतियों में अधिशेष शेष राशि का निवेश करने की अनुमति दी गई थी। कुमार ने स्थानीय मुद्राओं में लेनदेन करने में संबंधित पक्षों के बीच ''सुस्ती'' का उल्लेख किया और कहा कि इसे दूर करने की आवश्यकता है।

कुमार ने कहा कि निर्यातकों और आयातकों के बीच स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को लेकर कुछ हद तक भरोसा होना चाहिए। इससे रुपये में होने वाले लेन-देन का स्तर बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने रुपये-रूबल लेन-देन बढ़ाने का भी आग्रह किया। कुमार ने कहा कि लेन-देन के बिना बाजार विकसित नहीं हो सकता। इसलिए, जैसे-जैसे हम लेन-देन करते रहेंगे और देखेंगे कि रुपये-रूबल सौदों में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वैसे-वैसे बाजार विकसित होता जाएगा।

**उपलब्धि** | बरेली की लीड्स जेनेटिक्स ने पायी बड़ी उपलब्धि

# गिर मवेशियों के भ्रूण स्थानांतरण में 60% सफलता का दावा

**बरेली, एजेंसी**

कृषि व्यापार कंपनी बीएल एग्रो ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसकी अनुषंगी कंपनी लीड्स जेनेटिक्स ने यहां अपने सुविधा केंद्र में ब्राज़ील से आयातित गिर मवेशियों के उच्च-गुणवत्ता वाले भ्रूण को देसी गायों में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है। कंपनी ने दावा किया है कि पहले बैच में गर्भधारण की सफलता दर 60 प्रतिशत रही, जो उद्योग के मानकों के हिसाब से एक रिकॉर्ड है। ये भ्रूण ब्राज़ील की कंपनी फेजेन्डा फ्लोरेशिया से लिए गए थे। इन्हें 'ओवम पिक-अप इन-विट्रो फ़र्टिलाइज़ेशन' (ओपीयू-आईवीएफ) तकनीक से तैयार किया गया था। ये गिर नस्ल के ऐसे मवेशियों से लिए गए हैं जिनमें प्रतिदिन 40 लीटर तक दूध देने की क्षमता है।

बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक, आशीष खंडेलवाल ने पत्रकारों को बताया कि भ्रूण स्थानांतरण के पहले बैच में शामिल 116 मवेशियों में गर्भधारण की सफलता दर 60 प्रतिशत रही है, जो उद्योग के मानकों के हिसाब से अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत में देसी मवेशियों से दूध का औसत उत्पादन लगभग 4.5 लीटर प्रतिदिन है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, लेकिन लंबे समय से यहां प्रति पशु कम उत्पादकता की समस्या बनी हुई है। भ्रूण स्थानांतरण का यह काम बरेली स्थित बीएल कामधेनु फार्म्स में किया गया। यहीं पर कंपनी का 'मवेशी प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र' भी स्थित है, जो अत्याधुनिक आईवीएफ, पैथोलॉजी और जीनोमिक्स प्रयोगशालाओं से सुसज्जित है। जिन गायों में भ्रूण स्थानांतरित किया गया, वे गिर, साहीवाल और होल्स्टीन फ्रीज़ियन नस्ल की हैं। फेजेन्डा फ्लोरेशिया की पशु चिकित्सा विशेषज्ञ अमांडा फ़ैंटुची, जो इस भ्रूण स्थानांतरण प्रक्रिया की देखरेख कर रही थीं, ने बताया कि भारत में मिली सफलता दर ब्राज़ील की तुलना में कहीं ज़्यादा रही है।

लीड्स जेनेटिक्स अभी बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब और हरियाणा की सरकारों से बातचीत कर रही है। इसका मकसद इस सुविधा केंद्र का इस्तेमाल करना और अलग-अलग राज्यों के देसी मवेशियों की नस्लों में सुधार के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर ब्रीडिंग फ़ार्म स्थापित करना है। अपनी बेहतरीन दूध उत्पादन और बीमारियों से लड़ने की ताकत के लिए मशहूर 'गिर' नस्ल, भारत के देसी मवेशियों की नस्ल में सुधार के कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा है।



### गिर गाय के ब्राजील पहुंचने की कहानी

गिर नस्ल के मवेशियों के ब्राज़ील पहुंचने की कहानी एक सदी से भी ज़्यादा पुरानी है। उस समय बड़ौदा के महाराजा ने एक गिर गाय ब्राज़ील के एक परिवार को उपहार में दी थी। इसके बाद ब्राज़ील ने दशकों तक चुनिंदा प्रजनन पर शोध किया और एक ऐसी वंशावली विकसित की, जिसे अब दूध उत्पादन के मामले में आनुवंशिक रूप से श्रेष्ठ माना जाता है। बीएल एग्रो के भ्रूण स्थानांतरण कार्यक्रम के ज़रिये अब वही वंशावली भारत वापस लौट आई है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईद के मौके पर टीटीपी ने भी किया हमले रोकने का एलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अस्थायी संघर्ष विराम के कुछ ही घंटे बाद प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी समूह ने ईद के मद्देनजर तीन दिन तक हमले न करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी ने कहा कि लोगों को ईद मनाने देने के लिए संघर्ष विराम किया गया है। अफगान तालिबान से अलग पहचान रखने वाला लेकिन फिलहाल उसके साथ हमले करने में शामिल टीटीपी ने 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान के अंदर हमले बढ़ा दिए हैं। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने टीटीपी को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है।

### लातेहार में नक्सलियों की निशानदेही पर मिला हथियारों का जखीरा

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। गिरफ्तार नक्सली अभियुक्त मृत्युंजय भुईयां उर्फ फरेश भुईयां उर्फ अवधेश जी उर्फ दिलीप भुईयां एवं बब्लू राम उर्फ बब्लूराम चंद्रवंशी उर्फ रोहित चंद्रवंशी उर्फ बब्लू जी उर्फ बब्लू कहार की निशानदेही पर पुलिस ने मिरचईया जंगल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस बताया कि 14 मार्च को न्यायालय में पेशी के उपरांत दोनों अभियुक्तों को छिपाकर रखे गए आग्नेयास्त्र, आईईडी एवं अन्य सामग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए पांच दिनों के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

### पटना में 20 हजार प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद, एक गिरफ्तार

**पटना।** बिहार में पटना जिले के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने 20 हजार से अधिक प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पटना सदर 02 रंजन कुमार ने गुरूवार को बताया कि पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है ।इसी क्रम में आज रामकृष्णानगर थानांतर्गत अवैध रूप से प्रतिबंधित इंजेक्शन की खरीद-बिक्री किए जाने संबंधी सूचना प्राप्त हुई ।इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

## श्रीलंका: एयरबस सौदे में पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे ने ली थी छह करोड़ की घूस

कोलंबो, एजेंसी



- मुख्य आरोपी राष्ट्रीय एयरलाइन के पूर्व सीईओ का कोर्ट में खुलासा

श्रीलंका की अदालत में बृहस्पतिवार को बताया गया कि पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को एयरबस सौदे के तहत छह करोड़ श्रीलंकाई रुपये की घूस दी गई थी। यह दावा 2017 के एयरबस मामले में मुख्य आरोपी कपिला चंद्रसेना ने किया।

वर्ष 2011 से 2015 तक राष्ट्रीय एयरलाइन के सीईओ रहे चंद्रसेना को पिछले सप्ताह गिरफ्तारी के बाद मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजपक्षे को 2015 में राष्ट्रपति रहते हुए उनके ग्रामीण दक्षिण के आवासों में तीन अलग-अलग मौकों पर दो-दो करोड़ रुपये दिए गए। पूर्व विमानन मंत्री प्रियंकारा जयरत्ना को भी रिश्वत का हिस्सा मिला। चंद्रसेना ने कहा कि उन्हें स्वयं एयरबस से घूस मिली और पैसे उनकी पत्नी के खाते में जमा किए गए। दोनों को 2019 में गिरफ्तार कर जमानत दी गई थी।

श्रीलंका में 2024 में नया भ्रष्टाचार विरोधी कानून लागू होने के बाद घूस मामले की जांच के लिए जांच आयोग (सीआईएबीओसी) ने एयरबस मामले की पुनः जांच की। वर्तमान नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार ने 2024 के चुनावों से पहले भ्रष्टाचार समाप्त करने का वादा किया था।

## पश्चिम एशिया संकट का असर

# हवाई यात्रा पर ग्रहण

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण वैश्विक विमानन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। हवाई यात्रा न सिर्फ काफी हद तक अनिश्चित बल्कि काफी महंगी भी हो चुकी है। इस संकट की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसे कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा विमानन संकट माना जा रहा है। इस युद्ध का भारत पर भी गहरा असर पड़ा है जो उसके विमानन क्षेत्र को कई पहलुओं पर प्रभावित कर रहा है। भारत के लिए यह सिर्फ आर्थिक चुनौती ही नहीं, बल्कि लाखों नागरिकों की सुरक्षा और कूटनीतिक संतुलन का भी सवाल है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि युद्ध जल्द नहीं थमा, तो मध्य पूर्व के हवाई अड्डों की साख को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है और दुनिया की प्रमुख एयरलाइंस अपने स्थायी रूट बदलने पर मजबूर हो सकती हैं।



### अनिश्चित हुई हवाई यात्रा

- ईरान, इजराइल, जॉर्डन, इराक, कुवैत, कतर समेत कई देशों को सुरक्षा कारणों से अपना हवाई क्षेत्र बंद करना पड़ा है। इससे रोज 4,000 से अधिक उड़ानें रद्द या प्रभावित हुई हैं।
- दुबई, दोहा और अबू धाबी जैसे दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डे, जो पूर्व और पश्चिम को जोड़ते हैं, वे संघर्ष की चपेट में आने या सुरक्षा खतरों के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।
- विमानों को अब ईरान और इराक के ऊपर से गुजरने के बजाय सऊदी अरब या अफ्रीका के लंबे रास्तों से जाना पड़ रहा है। इससे यात्रा का समय 2 से 5 घंटे तक बढ़ गया है।

### यात्रियों पर सीधा असर

- रूट लंबा होने और ईंधन की बढ़ी कीमतों से हवाई टिकटों के दाम आसमान छू रहे हैं।
- भारत से यूरोप और अमेरिका जाने वाली उड़ानों के किराए में 50 से 200% तक की वृद्धि हुई है।
- उड़ानों के अचानक रद्द होने से दुबई और दोहा जैसे ट्रांजिट हब में लाखों यात्री फंस गए हैं।
- लंबी देरी से यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट छूट रही हैं, अंतरराष्ट्रीय यात्रा का शेड्यूल बिगड़ा।

### वैश्विक और आर्थिक प्रभाव

- युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। विमानन ईंधन एयरलाइन की लागत का 30-40% होता है, इसलिए एयरलाइंस को भारी घाटा हो रहा है।
- मध्य पूर्व में 2026 में पर्यटन में 13% की वृद्धि का अनुमान था, लेकिन अब 11 से 27% तक गिरावट आने की आशंका है। पर्यटन को 55 अरब डॉलर तक का नुकसान संभावित।
- यात्री उड़ानों के साथ मालवाहक विमान भी प्रभावित हुए हैं, जिससे मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति धीमी और महंगी हो गई है।

### भारत के लिए बड़ा संकट

- भारत का अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है क्योंकि मध्य पूर्व भारत के लिए यूरोप और अमेरिका का मुख्य रास्ता है।
- दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े हवाई अड्डों से रोज सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं। मार्च के पहले हफ्ते में ही 1,100 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुई हैं।
- एयर इंडिया जैसी एयरलाइंस को अब युद्ध प्रभावित ईरान और इराक के हवाई क्षेत्र से बचकर ओमान और सऊदी अरब के रास्ते जाना पड़ रहा है।
- इससे उड़ानों का समय 2-3 घंटे बढ़ गया है और कुछ लंबी दूरी की उड़ानों को ईंधन भरने के लिए वियना या रोम जैसे शहरों में रुकना पड़ रहा है।

विमान ईंधन महंगा होने से एयरलाइंस ने फ्यूल सरचार्ज लगाना शुरू कर दिया है। घरेलू टिकटों पर 400 तक और अंतरराष्ट्रीय टिकटों पर 16,000 से 20,000 तक की बढ़ोतरी हुई है।

# ऊर्जा उत्पादन अब राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला

## पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच आदेश, तेल-गैस क्षेत्र की इकाइयों के लिए रोज आंकड़े देना अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच सरकार ने ऊर्जा से जुड़ी जानकारी को राष्ट्रीय सुरक्षा मामले के रूप में वर्गीकृत किया है। इससे तेल एवं गैस क्षेत्र से जुड़ी सभी इकाइयों के लिए परिचालन (ऑपरेशन) की विस्तृत परिचालन जानकारी प्रदान करना अनिवार्य हो गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय का यह आदेश सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की रिफाइनरी कंपनियों, एलएनजी आयातकों, पाइपलाइन संचालकों, शहरी गैस वितरकों और पेट्रोरसायन कंपनियों पर लागू होगा और उन्हें पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को नियमित रूप से दैनिक आधार पर विस्तृत जानकारी देनी होगी।

मंत्रालय की 18 मार्च को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, इस आदेश में उत्पादन, आयात, भंडार स्तर और खपत के प्रतिरूप से संबंधित आंकड़े और जानकारी शामिल है। यह मौजूदा गोपनीयता प्रावधानों को निरस्त करता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गैस और एलपीजी आपूर्ति बाधित होने के बाद ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं में वृद्धि के बीच यह कदम उठाया गया है। भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत और एलपीजी का 60 प्रतिशत आयात करता है।

युद्ध शुरू होने से पहले, भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल का आधे से अधिक हिस्सा सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता था। एलपीजी का 85 से 95 प्रतिशत और गैस का 30 प्रतिशत हिस्सा भी इसी जलडमरूमध्य से आता था। युद्ध के कारण यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। इससे भारत की ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है।



### आपूर्ति में आ रही रुकावट दूर करने का उद्देश्य

भारत ने हालांकि कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावट की भरपाई रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और लातिनी अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आंशिक रूप से की है लेकिन खाड़ी देशों से आपूर्ति में कमी के कारण औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को गैस और एलपीजी की आपूर्ति बाधित हुई है। मंत्रालय के इस आदेश का मकसद आपूर्ति में आने वाली रुकावटों पर त्वरित कदम उठाने, बिजली, उर्वरक और घरेलू एलपीजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और खरीद संबंधी बेहतर निर्णय लेने के लिए एक केंद्रीकृत, वास्तविक समय पर उपलब्ध आंकड़ा रूपरेखा तैयार करना है।

- अधिकारियों ने कहा कि इस पहल से भारत की आपूर्ति शृंखलाओं की निगरानी करने, बचे भंडार का प्रबंधन करने और वैश्विक झटकों के प्रति जोखिम को कम करने की क्षमता मजबूत होगी। नियामक ढांचे के सख्त होने के साथ ही कंपनियों को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 'डेटा रिपोर्टिंग' प्रणाली को अत्याधुनिक बनाना होगा। अधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा न केवल स्रोत पर बल्कि आपूर्ति शृंखला में वास्तविक समय की पारदर्शिता पर भी निर्भर करेगी।

- **ईसी एक्ट 1955 के तहत आदेश**

  मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत शक्ति का उपयोग करते हुए आदेश जारी किया। यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी आवश्यक वस्तु का भंडार रखने, उत्पादन करने, आयात-निर्यात या व्यापार करने वाले किसी भी व्यक्ति से उत्पादन, आपूर्ति, वितरण, स्टॉक या उपयोग संबंधी जानकारी मांगने का अधिकार देता है।

- **इन आंकड़ों की देनी होगी सूचना**

  आदेश में कहा गया है, पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, आयात, निर्यात, विपणन, वितरण या उपभोग में शामिल प्रत्येक इकाई को पीपीएसी को पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, आयात, निर्यात, भंडार, आवंटन, परिवहन, आपूर्ति, उपभोग और उपयोग से संबंधित जानकारी देनी होगी।

## दो सप्ताह के अंदर सवा लाख लोगों ने लिया पीएनजी का नया कनेक्शन

### 5600 एलपीजी छोड़ पीएनजी पर आए

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर पाइप के जरिए गैस आपूर्ति के लिए पीएनजी कनेक्शन लेने की सरकार की अपील के बाद पिछले दो सप्ताह में लोगों ने लगभग सवा लाख नए पीएनजी घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक कनेक्शन लिए हैं जबकि तीन दिनों में 5600 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़कर पीएनजी कनेक्शन लिया है। इस बीच सरकार ने एलपीजी के स्रोत में विविधता लाने के लिए अमेरिका से एलपीजी लेना शुरू कर दिया है और इसके साथ कई दूसरे देशों के साथ भी बातचीत कर रही है।



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि एलपीजी की स्थिति पश्चिम एशिया में अभी भी चल रहे युद्ध के कारण चिंताजनक बनी हुई है लेकिन किसी भी वितरक केंद्र पर गैस सिलेंडर की कमी नहीं है।
- उन्होंने कहा किऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है और 83 प्रतिशत रिफिल आपूर्ति वितरण प्रमाणीकरण के माध्यम से की जा रही है। घबराहट में की जाने वाली बुकिंग में कमी आई है।

## रूसी हमले के बाद मोल्दोवा में पीने के पानी का संकट

बाल्टी (मोल्दोवा), एजेंसी

- देश के करीब बहने वाली नदी तेल से प्रदूषित, हजारों लोग प्रभावित

यूक्रेन में एक पनबिजली संयंत्र पर रूस के हमले के बाद एक प्रमुख नदी के तेल से प्रदूषित होने के कारण मोल्दोवा में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। इससे दसियों हजार लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

यह नदी यूक्रेन और मोल्दोवा दोनों देशों में बहती है। मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सैंडू ने सात मार्च को यूक्रेन के नोवोदनिस्त्रोव्स्क जलविद्युत संयंत्र पर हुए हमले के बाद निस्टर नदी में हुए प्रदूषण के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि वह मोल्दोवा में जलापूर्ति के लिए खतरा पैदा कर रहा है। यह संयंत्र मोल्दोवा की यूक्रेन के साथ लगती उत्तरी सीमा से लगभग 15 किलोमीटर ऊपर की ओर स्थित है और मोल्दोवा की करीब 25 लाख आबादी के लगभग 80 प्रतिशत लोगों को पानी की आपूर्ति करता है। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से बांधों और बंदरगाहों जैसे यूक्रेन के असैन्य बुनियादी ढांचे को बार-बार निशाना बनाया है।

सैंडू ने 'एक्स' पर रविवार को एक पोस्ट में कहा, इसकी पूरी जिम्मेदारी रूस की है। मोल्दोवा के पर्यावरण मंत्रालय ने रविवार को 15 दिन के लिए पर्यावरण संबंधी चेतावनी की घोषणा की, जिससे अधिकारियों को तकनीकी हस्तक्षेप बढ़ाने और जलापूर्ति पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के लिए कानूनी अधिकार मिल गया।

## थापा ने छोड़ा नेपाली कांग्रेस प्रमुख पद

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही में हुए आम चुनावों में मिली करारी हार के बाद नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा ने पद से इस्तीफा दे दिया।

देश में पांच मार्च को हुए प्रतिनिधि सभा चुनावों में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा का चुनाव हुआ था। नेपाली कांग्रेस को चुनावों में 38 सीट मिलीं जबकि उसका नारा था, 'इस बार 100 पार'। पार्टी ने 49 वर्षीय थापा को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था लेकिन वह धनुषा-4 निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अमरेश सिंह से हार गए। काठमांडू पोस्ट अखबार के अनुसार, पार्टी की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक की तारीख तय होने के तुरंत बाद थापा ने राष्ट्रीय संसद के उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश शर्मा को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि अभी उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है।

# पश्चिम बंगाल पर कब्जे की साजिश रच रहा है आयोग

कोलकाता, एजेंसी



- अधिसूचना से पहले ही 50 अधिकारियों के ट्रांसफर पर भड़कीं ममता बनर्जी
- कहा- ये आयोग का उच्चतम राजनीतिक हस्तक्षेप और संविधान पर हमला

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से हटाए जाने पर बृहस्पतिवार को चिंता जताते हुए इसे उच्चतम स्तर का राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया। निर्वाचन आयोग (ईसी) की तीखी आलोचना जारी रखते हुए ममता ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई संस्थानों के व्यवस्थित राजनीतिकरण के साथ संविधान पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग साजिश के तहत पश्चिम बंगाल पर कब्जा कराना चाहता है।

विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने के बाद निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा के तबादले तथा डीजीपी पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को हटाने समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों के आदेश दिए हैं। बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के नए फेरबदल का आदेश दिया, जिसमें दो सचिवों को दूसरे चुनावी राज्यों में पर्यवेक्षक बना दिया गया, साथ ही 13 आईएएस और पांच आईपीएस अधिकारियों को चुनाव प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिकाओं में लगा दिया गया। ममता बनर्जी ने इस पर निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए दावा किया कि चुनाव की औपचारिक अधिसूचना जारी होने से पहले ही 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से बिना किसी पूर्व सूचना के हटा दिया गया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, जिस तरह से निर्वाचन आयोग ने बंगाल को निशाना बनाया है, वह न केवल अप्रत्याशित है, बल्कि बेहद चिंताजनक भी है।

## सवाल उठाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर रहा है केंद्र

- कांग्रेस ने सरकार पर अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर सोशल मीडिया मंचों पर अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सरकार आलोचनात्मक आवाजों को नियंत्रित करने के लिए नए-नए तरीके अपना रही है।

उन्होंने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि संसद में भी विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए माइक बंद कर दिए जाते हैं और अब सोशल मीडिया पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा रही है। उनका दावा है कि हाल ही में ट्विटर और इंस्टाग्राम पर कई ऐसे अकाउंट्स को बैन किया गया है, जो सरकार से सवाल पूछ रहे थे। श्रीनेत के अनुसार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जरिए अकाउंट्स को बंद कराने का नया ट्रेंड शुरू किया गया है, जिससे यह तय किया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर क्या कंटेंट रहेगा और क्या नहीं। कांग्रेस ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि सरकार युवाओं और आम लोगों के सवालों को दबाने की कोशिश क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि अकाउंट बैन करने से आवाजें नहीं दबेंगी, क्योंकि नए अकाउंट बनते रहेंगे।

## शराब नीति प्रकरण में केजरीवाल को दो अप्रैल तक देना होगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को ईडी की उस याचिका पर जवाब देने के लिए दो अप्रैल तक का समय दिया है, जिसमें शराब नीति मामले में निचली अदालत की ओर से उन्हें आरोपमुक्त करते समय निदेशालय के खिलाफ की गई कथित अनुचित टिप्पणियां हटाने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने केजरीवाल के वकीलों की ओर से अधिक समय की मांग किए जाने पर नाराजगी भी जताई और कहा कि हाईकोर्ट दो अप्रैल को अगली सुनवाई के दौरान इस मामले में अंतिम सुनवाई की तारीख तय करेगी। ईडी के वकील ने कहा कि याचिका का जवाब दाखिल करने की कोई आवश्यकता नहीं है और यह मामले में देरी करने का प्रयास है।

## करीब एक दशक बाद रत्नागिरी में दाऊद की पुश्तैनी जमीन का खरीदार मिला

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रत्नागिरी जिले में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी पैतृक कृषि भूमि की लंबे समय से लंबित नीलामी को आखिरकार खरीदार मिल गया है। केंद्र सरकार की ओर से नीलामी के दौरान मुंबई के एक बोलीदाता ने सभी चार भूखंडों के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। करीब एक दशक से यह नीलामी अटकी पड़ी थी।

अधिकारियों के अनुसार, चारों कृषि भूखंड दाऊद इब्राहिम के पैतृक गांव रत्नागिरी के खेड़ तालुका के मुमके गांव में स्थित हैं। इनमें कई संपत्तियां उसकी मां अमीना बी के नाम दर्ज थीं। अभी तक सफल मुंबई के बोलीदाता की पहचान नहीं बताई गई है। नीलामी की शर्तों के अनुसार, बोलीदाता को अप्रैल 2026 की शुरुआत तक पूरा भुगतान करना होगा। सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद अधिग्रहण और हस्तांतरण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। पिछले वर्षों में कई प्रयासों के बावजूद इन संपत्तियों की नीलामी नहीं हो पाई थी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज काम की वजह से तनाव हो सकता है। यात्रा के दौरान कीमती सामान ले जाने से बचें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**वृष** — आज सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद हो सकता हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है।

**सिंह** — आज का दिन कारोबार के लिए सामान्य है। दूसरों के भरोसे जरूरी काम न छोड़ें। आपकी विनम्रता का लोग फायदा उठा सकते हैं।

**कन्या** — आज नया व्यापार आरंभ करने के लिए दिन उत्तम है। सभी काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** — आज नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**वृश्चिक** — आज जल्दबाजी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें। मन की चंचलता परेशान करेगी।

**धनु** — आज अपने प्रयासों में कमी न होने दें। इसके कारण मन में हीनता की भावना आ सकती है। आपकी कोई योजना किसी कारणवश अटक सकती है।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे।

**कुंभ** — आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आप अनावश्यक समय बर्बाद न करें।

**मीन** — आज घरेलू मामलों को लेकर व्यस्त रहेंगे। वैवाहिक संबंधों में मधुरता रहेगी। अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 20 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 21 मार्च 02 .30 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- रेवती 21 मार्च 02 .27 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 93 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |

### सुडोकू -94

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

## नेपाल में चुनाव के अंतिम आंकड़े तैयार

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को आम चुनाव के अंतिम नतीजे प्रस्तुत किए, जिससे चुनाव प्रक्रिया का औपचारिक समापन हो गया।

प्रतिनिधि सभा के चुनाव पांच मार्च, 2026 को हुए, जिसमें 275 सदस्यीय निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) के लिए मतदान हुआ। सभा के 275 सदस्यों में से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान और 110 आनुपातिक मतदान से चुने जाते हैं। आयोग के बयान के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति पौडेल को परिणाम प्रस्तुत किए।

**बड़ा मुद्दा** — औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत नौ सदस्यीय संविधान पीठ कर रही है सुनवाई

# उद्योग की परिभाषा पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर अपना फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया।

सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने तीन दिन सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं जैसे शेखर नफाड़े, इंदिरा जयसिंह, सी यू सिंह और संजय हेगड़े समेत कई वकीलों की दलीलें सुनीं। इस पीठ में सीजेआई के अलावा न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। पीठ ने कहा कि वह श्रम संबंधों को नियंत्रित करने के लिए 'उद्योग' शब्द की व्यापक व्याख्या देने वाली सात सदस्यीय पीठ के 1978 के फैसले की वैधता की जांच करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी को नौ सदस्यीय संविधान पीठ के विचार के लिए व्यापक मुद्दे निर्धारित किए थे। कहा था, क्या बैंगलोर जल आपूर्ति एवं मलजल शोधन बोर्ड मामले (1978) में न्यायमूर्ति वीआर कृष्ण अय्यर के मत के अनुच्छेद 140 से 144 में निर्धारित जांच यह निर्धारित करने के लिए कि कोई उपक्रम या उद्यम 'उद्योग' की परिभाषा के अंतर्गत आता है या नहीं, सही कानून है। पीठ ने कहा था कि विचारणीय मुद्दों में एक यह भी होगा कि क्या सरकारी विभागों द्वारा की जाने वाली सामाजिक कल्याण गतिविधियों और योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 2(जे) के प्रयोजन के लिए 'औद्योगिक गतिविधियां' माना जा सकता है।

### सात सदस्यीय पीठ ने 1978 में सुनाया था फैसला

सात सदस्यीय पीठ ने 21 फरवरी, 1978 को बैंगलोर जल आपूर्ति और मलजल शोधन बोर्ड की याचिका पर फैसला सुनाते हुए 'उद्योग' शब्द की परिभाषा का विस्तार किया, जिससे अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, क्लबों और सरकारी कल्याण विभागों में कार्यरत लाखों कर्मचारी औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के दायरे में आ गए।



शानदार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को अपनी आक्रामकता और क्रीज पर लंबे समय तक टिके रहने के बीच सही संतुलन बनाना होगा, जैसा वीरेंद्र सहवाग ने अपने करियर के दौरान किया था।
-अनिल कुंबले


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शुक्रवार, 20 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### अगले वर्ष 29 अक्टूबर से शुरू होंगे राष्ट्रमंडल युवा खेल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल युवा खेलों का आठवां चरण अगले साल 29 अक्टूबर से चार नवंबर तक माल्टा और गोजो में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह 29 अक्टूबर को होगा जिसके बाद 30 अक्टूबर से चार नवंबर तक स्पर्धायें होंगी। इन खेलों में आठ स्पर्धाएं तैराकी और पैरा तैराकी, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, नेटबॉल, सेलिंग, स्क्वाश, ट्रायथलॉन, वॉटर पोलो और भारोत्तोलन शामिल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की मुख्य कार्यकारी केटी सैडलियर ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में कहा माल्टा 2027 एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी माहौल का वादा करता है। विश्व स्तर की सुविधाएं हमारे युवा खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव देंगी जिससे कल के सितारों को प्रेरित करने और उन्हें विकसित करने में मदद मिलेगी।

### इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड में टी-20 मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के दौरे से पहले विश्व चैंपियन भारत जून में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आयरलैंड का दौरा करेगा। आयरलैंड के हाई परफोरमेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इस श्रृंखला की पुष्टि तब की जब उन्होंने पॉल स्टर्लिंग के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के पद से हटने के फैसले की घोषणा की। भारत 20 जून को खत्म होने वाली एक टेस्ट और तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी कर रहा है। इसके बाद भारत एक जुलाई से 19 जुलाई तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगा।

### सीएसके के तेज गेंदबाज चोटिल एलिस आईपीएल से बाहर

**चेन्नई।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल के आगामी सत्र से पहले बड़ा झटका लगा है क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। टीम के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। इकत्तीस साल के एलिस से उम्मीद थी कि वह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे क्योंकि श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराना को कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी टीम में शामिल कर लिया है। सीएसके के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, हां, वह बाहर हो गए हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स के क्षेत्ररक्षण कोच बने आयरलैंड के जॉन मूनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपना क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया है। मूनी (44 साल) किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनने वाले पहले आयरिश क्रिकेटर हैं। वह मुख्य कोच हेमांग बदानी, मुनाफ पटेल (गेंदबाजी कोच), इयान बेल (सहायक कोच) और वेणुगोपाल राव (क्रिकेट निदेशक) के साथ जुड़ेंगे। मूनी 2018-2019 तक अफगानिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच थे और भारत में उनके ऐतिहासिक टेस्ट पदार्पण का हिस्सा रहे थे।

# रोहित और विराट की तरह सैमसन की जगह कोई नहीं ले सकता

## राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को संजू जैसे खिलाड़ी की तलाश

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने गुरुवार को कहा कि जिस तरह से रोहित शर्मा या विराट कोहली की जगह नहीं भरी जा सकती है उसी तरह से उनकी टीम में संजू सैमसन की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। सैमसन ने 2021 से 2025 तक रॉयल्स की कप्तानी की। रॉयल्स ने सत्र से पहले उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 'ट्रेड' कर दिया था और उनकी जगह रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया।

पराग ने यहां सत्र पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा अगर आप संजू भैया की बात कर रहे हैं तो उनके जैसे खिलाड़ी के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को रखने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। हम उनके जैसे कौशल वाले किसी खिलाड़ी की तलाश कर सकते हैं या उनकी जगह किसी अन्य को बल्लेबाजी करने के लिए कह सकते हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से विराट कोहली या रोहित शर्मा का कोई विकल्प नहीं है। ठीक उसी तरह से संजू भैया का भी कोई विकल्प नहीं हो सकता है क्योंकि वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। संजू राजस्थान रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने और सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

उन्होंने हाल में टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया था। पराग ने कहा कि पिछले सत्र के आखिर में उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन इस बार वह ऐसी कोई गलती नहीं करेंगे। उन्होंने कहा पिछली बार हमने आखिरी पांच मैच में काफी गलतियां की लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। हम पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेंगे। यकीन मानिए इस बार राजस्थान रॉयल्स कप जरूर जीतेगी। पराग ने कहा, किसी एक खिलाड़ी के दम पर हम मैच नहीं जीत सकते। यशस्वी जयसवाल और वैभव सूर्यवंशी ही टीम को जीत दिलवा दें तो यह कहना गलत होगा। पूरी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और टीम इसके लिए तैयार है। रॉयल्स के कप्तान ने कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा मैंने वैभव को अपना नैसर्गिक खेल खेलने को कहा है। मैंने उससे कहा है कि वह केवल गेंद को हिट करने पर ध्यान दें और अगर किसी तरह का दबाव होता है तो उसे यशस्वी संभाल लेंगे। पराग ने कहा राजस्थान रॉयल्स मेरे लिए आईपीएल में पहले दिन से घर जैसा रहा है। अब इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद खास है और यह जिम्मेदारी मैं पूरी तरह से स्वीकार करता हूं। मैं हमारे कोच और नेतृत्व समूह के साथ मिलकर समझदारी भरा क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं। रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा को पूरा भरोसा है की टीम रियान पराग की कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा रियान ने दबाव में संयम दिखाया है। क्रिकेट की अपनी अच्छी समझ का शानदार नमूना पेश किया है। पहले से ही नेतृत्व समूह का हिस्सा होने के नाते, उन्हें ड्रेसिंग रूम का सम्मान प्राप्त है। हमें विश्वास है कि वह कप्तान की भूमिका में शानदार प्रदर्शन करेंगे।




जयपुर में प्रेसवार्ता के दौरान राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (बाएं) और टीम के मुख्य कोच कुमार संगकारा। एजेंसी

### संजू राजस्थान रॉयल्स का चेहरा बन गए थे उन्हें खोना बहुत बड़ा नुकसान : फाफ डुप्लेसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि जिस तरह से महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पर्याय बन चुके हैं, इसी तरह से संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स का चेहरा माना जा सकता है और उनका जाना टीम के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। सैमसन राजस्थान रॉयल्स की तरफ से दो कार्यकाल में 11 सत्र में खेले। वह इस टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने के अलावा सर्वाधिक रन भी बनाए हैं। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलेंगे। डुप्लेसी ने जिओ हॉटस्टार से कहा अगर हम आईपीएल की टीमों पर गौर करें तो अधिकतर टीमों के पास कोई एक ऐसा खिलाड़ी रहा है जो लंबे समय तक फ्रेंचाइजी का चेहरा रहा जैसे रोहित शर्मा, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली। मैं संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स के लिए उसी तरह का खिलाड़ी मानता हूं। उन्होंने कहा भले ही वह नई पीढ़ी के खिलाड़ी हैं, लेकिन वह उस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन गए थे। जब मैं राजस्थान रॉयल्स के बारे में सोचता हूं, तो मुझे संजू सैमसन याद आते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उनका किसी अन्य टीम से जुड़ना प्रशंसकों, आईपीएल और टूर्नामेंट के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि उन्होंने वहां बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। डुप्लेसी ने कहा कि सैमसन के जाने से राजस्थान रॉयल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाएगी। सैमसन की मौजूदगी में जायसवाल अपना स्वाभाविक खेल खेलते थे लेकिन अब उन पर अधिक जिम्मेदारी आ गई है। उन्होंने कहा संजू की मौजूदगी में यशस्वी जायसवाल को अपना नैसर्गिक खेल खेलने का मौका मिलता था क्योंकि दूसरे छोर से संजू लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। अब ऐसा नहीं होगा और उन पर अधिक जिम्मेदारी होगी। उस तरह के बल्लेबाज के लिए यह महत्वपूर्ण होता है कि वह जिम्मेदारी के बारे में नहीं सोचें। इसलिए यह सत्र उनके लिए सीखने की एक प्रक्रिया होगी।

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग को कप्तान नियुक्त करने के फैसले से उन्हें हैरानी हुई जबकि टीम में जायसवाल, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के सैम कुरेन जैसे अधिक अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे। उन्होंने कहा मुझे इस फैसले से थोड़ा हैरानी हुई क्योंकि उसके पास यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा जैसे भारतीय खिलाड़ी और सैम कुरेन के रूप में विदेशी खिलाड़ी है जो कप्तानी कर सकते थे। इसलिए मुझे यह एक तरह का जुआ लगता है। बालाजी ने कहा कि ऐसे में टीम के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे। एजेंसी

# फिनिशर के तौर पर कमाल दिखाना चाहते हैं आशुतोष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आशुतोष शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े मंच पर खेलने का दबाव महसूस नहीं करते और 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले सत्र के मुकाबले ज्यादा से ज्यादा मैच खत्म करने (फिनिश) पर फोकस कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने पहले सत्र में 'इम्पैक्ट प्लेयर' आशुतोष ने टूर्नामेंट की शुरुआत जोरदार तरीके से की थी। उन्होंने 31 गेंद में 66 रन बनाकर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक रोमांचक जीत दिलाई थी। हालांकि वह और उनकी टीम टूर्नामेंट में मिली शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा सकी। टीम प्ले-ऑफ में जगह बनाने से भी चूक गई। आशुतोष ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल सत्र की तैयारियों के बारे में बात करते हुए पीटीआई से कहा तैयारियां बहुत अच्छी चल रही हैं। हमने सत्र पूर्व तीन-चार शिविर में हिस्सा लिया है। मेरी भूमिका पिछले साल जैसी ही रहेगी, टीम के लिए छठे या सातवें नंबर पर आकर मैच फिनिश करना।

### चहल ने शराब छोड़ी, आईपीएल को प्राथमिकता दी

**नई दिल्ली।** लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले सीजन में कई चोटों के बाद आईपीएल 2026 से पहले अपनी फिटनेस को प्राथमिकता दी है। 35 साल के चहल ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी टीम पंजाब किंग्स के लिए 150 प्रतिशत देने की कोशिश में शराब छोड़ दी है। चहल ने एबी डिविलियर्स के यू ट्यूब चैनल एबी डिविलियर्स 360 पर बताया, "केकेआर के गेम के बाद, मेरे कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया और बाद में टूर्नामेंट में मेरी अंगुली की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। तो सेमीफ़ाइनल (क्वालिफायर) और फ़ाइनल में, मैं अपनी सही लेगस्पिन वगैरह नहीं डाल पा रहा था। लेकिन इस साल मैं सबसे पहले अपने शरीर का ध्यान रखना चाहता था और मेरे पास आपके लिए एक अच्छी खबर है, मैंने शराब छोड़ दी है। छह महीने से ज़्यादा हो गए हैं। उन्होंने कहा अब, मैं 35 साल का हूँ, मैं और ज़्यादा एक्टिव रहना चाहता हूँ और अपनी टीम के लिए अपना 150 प्रतिशत देना चाहता हूँ।

# बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में

चैंपियंस लीग

**लंदन, एजेंसी**

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी।

चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की।

इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज़ ने एक शानदार मूव को गोल में बदला जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपायी कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया। इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ़ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मंगलवार को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। क्वार्टर फाइनल में रियाल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख आमने-सामने होंगे। लिवरपूल का सामना मौजूदा चैंपियन पीएसजी से, बार्सिलोना का एटलेटिको मैड्रिड से और आर्सेनल का स्पोर्टिंग लिस्बन से होगा।



जश्न मनाती बार्सिलोना की टीम। एजेंसी

### विश्व इनडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बृहस्पतिवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा।

यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने पोलैंड से पीटीआई को बताया भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।

जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था। सुमारिवाला विश्व एथलेटिक्स परिषद के सदस्य और एएफआई के पूर्व अध्यक्ष भी हैं।

# मेसी ने 900वां गोल किया

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी**

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया।

मेसी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ़ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की। लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेस्सी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकमात्र ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने 900 से अधिक गोल किए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेसी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में 900 गोल पूरे किए।

- रोनाल्डो के क्लब में शामिल हुए स्टार फुटबॉलर लियोनेल



### अनगिनत उपलब्धियां स्टार खिलाड़ी के नाम

यह उपलब्धि मेसी के करियर में अनगिनत पुरस्कारों और उपलब्धियों में शामिल हो गई है। इनमें ला लीगा के शीर्ष स्कोरर के रूप में आठ ट्रॉफी, छह बार ला लीगा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार यूईएफए पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार, दो फीफा विश्व कप गोल्डन बॉल और 15 बार अर्जेंटीना का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना शामिल हैं। मेसी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं, जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एमएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेसी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल स्पेन के इस क्लब की तरफ से ही किए हैं।

### सर्वाधिक गोल में पेले सबसे आगे

कुछ लोगों का मानना है कि ब्राजील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे। विभिन्न स्रोतों के अनुसार पेले ने लगभग 1300 गोल किए थे। इनमें से कुछ गोल उन्होंने निचले स्तर की टीमों के खिलाफ किए थे। पेले ने लीग मैचों में लगभग 650 गोल किए थे।

महामुकाबले का इंतजार

कोच क्रेग फुल्टन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छे फॉर्म में लौट आएंगें

# हॉकी विश्व कप : विस्तृत रणनीति तैयार कर रही भारतीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप में कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ विशेष और विस्तृत रणनीति तैयार करने की बात कही।

उन्होंने साथ ही मौजूदा समय में संघर्ष कर रही टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छी फॉर्म में आ जाएंगे। भारत ने इस सत्र में अब तक सिर्फ एक मैच जीता है जो होबार्ट में खेला गया एफआईएच प्रो लीग मैच था जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी।

नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप के पूल डी में भारत का सामना शीर्ष वरीय इंग्लैंड, अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत वेल्स से होगा।

ग्रुप चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन में स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में फुल्टन के हवाले से कहा गया हम अपनी रणनीति, दबाव बनाने की रणनीति और अपनी 'फिनिशिंग' (गोल करने की क्षमता) पर कड़ी मेहनत करेंगे। ये वे छोटी-छोटी बातें हैं जो इस स्तर पर मैचों का नतीजा तय करती हैं। इस पूल में शामिल हर विरोधी टीम की अपनी अलग-अलग ताकत हैं इसलिए हमारी तैयारी भी हर टीम के हिसाब से खास और विस्तृत होगी।

अगले कुछ महीने हमारे लिए सबसे अहम हैं क्योंकि हमें ठीक सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आना है।



### भारत के पूल डी मैचों का कार्यक्रम

15 अगस्त : भारत बनाम वेल्स (शाम 4 :30 बजे)

17 अगस्त : भारत बनाम इंग्लैंड (शाम 6 :30 बजे)

19 अगस्त : भारत बनाम पाकिस्तान (शाम 6 :30 बजे)

ड्रॉ होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए फुल्टन ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी टीम इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा हम बहुत उत्साहित हैं। यह एक बहुत मजबूत ग्रुप है लेकिन विश्व कप में आप यही तो चाहते हैं कि आपका मुकाबला दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों से हो ताकि आपकी असली परीक्षा हो सके। टीम के शिविर में इस समय माहौल बहुत ही सकारात्मक है। खिलाड़ी पूरी तरह से प्रेरित और जोश से भरे हुए हैं। अब जब हमें अपनी विरोधी टीमों के बारे में पता चल गया है तो हमारी तैयारियों को लेकर हमारे मन में पूरी स्पष्टता और एक निश्चित लक्ष्य है।

फुल्टन ने इस बात पर जोर दिया कि हर टीम की खेलने की अनोखी शैली के हिसाब से अपनी रणनीति में बदलाव करने और उनका सम्मान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा इंग्लैंड एक बहुत ही व्यवस्थित और शारीरिक रूप से मज़बूत टीम है। हमारे पूल में वह शीर्ष वरीय भी है। पाकिस्तान की टीम अपने खेल में एक अलग ही अंदाज और अप्रत्याशितता लेकर आती है। साथ ही हॉकी के खेल में उनका बहुत ही समृद्ध इतिहास रहा है इसलिए उन्हें कभी भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। फुल्टन ने कहा, वेल्स की टीम भी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है और वह भी पूरी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा, हम इस पूल में हर प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करते हैं लेकिन हमें उनके खिलाफ मुकाबले में खुद पर भरोसा है। भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।


